हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 9 मई 2026

SHOWROOMS: CHHATTISGARH: RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.


सत्यमेव जयते
भारत सरकार
सोमनाथ
अनंत ऊर्जा का अनुभव
छत्तीसगढ़ शासन
सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।
लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत्॥
सोमनाथ
विरासत के 75 साल
सोमनाथ भारत की अजेय सभ्यता का प्रतीक है। 1000 वर्षों के विनाशकारी प्रहारों के बाद भी, सोमनाथ आज हमारे आत्म-सम्मान और साहस की मिसाल बनकर खड़ा है। 75 वर्ष पहले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प से आधुनिक सोमनाथ का मार्ग प्रशस्त हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, आज यह पावन भूमि भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का उद्घोष कर रही है
इस स्वर्णिम अवसर के साक्षी बनें
मुख्य गतिविधियां
कलश यात्रा
भजन संध्या
ॐकार मंत्र का जाप
सोमनाथ पुस्तिका में मंत्र लेखन
सोमनाथ से जुड़ी कथाओं का वाचन
“सोमनाथ आशा का वह गीत है जो हमें सिखाता है कि सृजन की शक्ति विनाश से कहीं अधिक प्रबल होती है।”
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी
(अध्यक्ष, श्री सोमनाथ ट्रस्ट)
श्री सोमनाथ मंदिर परिसर
प्रभास पाटन
8 से 11 मई, 2026
सोमनाथ की दिव्यता व भव्यता में दें योगदान और बनें गौरवशाली इतिहास का हिस्सा।
स्कैन करें।
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी विराट और रोहित के लिए अभ्यास सत्र में करेंगे बॉलिंग

आनंद का सच्चा भाव*

18 कैरेट रेट (75.00%)	₹103903/-
22 कैरेट रेट (91.60%)	₹126900/-
24 कैरेट रेट (99.99%)	₹138523/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels Pandri, Raipur

रायपुर पहुंची 'किंग कोहली' की टीम, मुंबई ने बहाया पसीना, आज आरसीबी भी करेगी प्रैक्टिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आईपीएल के आगामी मुकाबलों के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम शुक्रवार शाम करीब 4:30 बजे अपने दूसरे होम ग्राउंड रायपुर पहुंच गई है। टीम के शहर में पहुंचते ही क्रिकेट फैंस का उत्साह बढ़ गया। एयरपोर्ट पर स्टार बल्लेबाज विराट कोहली समेत टीम के अन्य खिलाड़ियों और सपोर्ट ▶▶|शेष पेज 5 पर

आज मैदान पर पसीना बहाएंगी आरसीबी और मुंबई की टीमें

शहर पहुंचने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम आज शाम 5 बजे अभ्यास के लिए पहली बार मैदान में उतरेगी। शुक्रवार को 'ट्रेवल डे' होने के कारण खिलाड़ियों ने आराम किया और टीम अभ्यास के लिए स्टेडियम नहीं गई थी। मैनेजमेंट के अनुसार यह अभ्यास सत्र में फैंस की एंट्री पर सख्त पाबंदी ▶▶|शेष पेज 5 पर

गृहमंत्री शाह ने किया ऐलान, अधिकारी चुने गए विधायक दल के नेता

सस्पेंस खत्म, शुभेंदु होंगे बंगाल के 'अधिकारी' भाजपा के पहले सीएम बनेंगे, आज लेंगे शपथ

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद सबसे बड़ा सवाल ये था कि आखिर बीजेपी किसे राज्य की कमान सौंपेगी। आखिरकार ये सस्पेंस खत्म हो गया और शुभेंदु अधिकारी को बंगाल के नए मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंपी गई। ये फैसला लेने के लिए पश्चिम बंगाल में बीजेपी आलाकमान ने कई मैराथन बैठकें की, जिनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन भी शामिल रहे. गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बंगाल के नए मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान किया।

बीजेपी का सबसे मजबूत चेहरा बनकर उभरे

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

अमित शाह के ऐलान के बाद शुभेंदु लोकभवन में राज्यपाल से मिले और सरकार बनाने का दावा पेश किया। आपको बता दें कि शुभेंदु अधिकारी ने 17 दिसंबर 2020 को टीएमसी को अलविदा कहा और 20 दिसंबर 2020 को बीजेपी का दामन थाम लिया। खुद गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें भगवा गमछा पहनाकर बीजेपी में उनका स्वागत किया। 8 मई 2026 को उन्हीं अमित शाह ने फिर एक बार शुभेंदु अधिकारी के गले में माला डालकर उन्हें बंगाल में बीजेपी का पहला मुख्यमंत्री बनाया। अमित शाह ने सुवेंदु अधिकारी के नाम का ऐलान करते हुए उन्हें फूलों का गुलदस्ता भी दिया और गले लगाकर उन्हें बधाई दी।

शुरुआत से ही मुख्यमंत्री पद की रेस में सबसे आगे नाम शुभेंदु अधिकारी का रहा। शुभेंदु अधिकारी लंबे समय से बंगाल में बीजेपी का सबसे मजबूत ▶▶|शेष पेज 5 पर

शाह ने गले लगाकर दी बधाई अधिकारी ने छुए पैर



आज होगा शपथ ग्रहण समारोह

पश्चिम बंगाल में शनिवार सुबह 11 बजे बीजेपी की नई सरकार शपथ लेने वाली है। ये शपथ ग्रहण समारोह कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में होगा। शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं।

मैं भाषण कम दूंगा, काम ज्यादा करूंगा : शुभेंदु

सीएम के नाम के ऐलान के बाद अधिकारी ने कहा कि मैं भाषण कम दूंगा, लेकिन काम ज्यादा करूंगा।' पीएम की सभी गारंटी को पूरा करेंगे। बंगाल का गौरव वापस लाएंगे। सालों की मेहनत को फल मिला। संदेशखाली मामले की जांच होगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। हम जनता की उम्मीदों पर खड़ा उतरेंगे और अब बंगाल में किसी को डरने की जरूरत नहीं है।

'सोनार बांग्ला' का सपना पूरा करेंगे : शाह

नाम के ऐलान के बाद विधायक दल को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, 'केंद्र सरकार की ओर से 'सोनार बांग्ला' का सपना लंबे समय से देखा जा रहा है अब इसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा, अपने पुरुषार्थ से, कौशल से जनमत को कैसे संजोया जा सकता है। इसका दुनियाभर में सबसे बेहतरीन उदाहरण है 2014 से 2026 तक भाजपा की यात्रा। 2014 में बंगाल में हमारा खाता खुला। फिर 3 हुए, अगले चुनाव में 77 हुए और आज हम यहां बैठे हैं।

सीएम साय, डिप्टी सीएम सहित कई नेता गए बंगाल, शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल

रायपुर। बंगाल में भाजपा सरकार का शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसमें शामिल होने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव, दयालदास बघेल सहित प्रदेश के कई भाजपा नेता कोलकाता रवाना हो गए हैं। बंगाल चुनाव में प्रदेश के जिन भी नेताओं को जिम्मा दिया गया था, सभी को शपथ ग्रहण में आमंत्रित किया गया है। शुक्रवार की शाम को विमान ने सीएम और ▶▶|शेष पेज 5 पर

असम भी जाएंगे सीएम सहित कई नेता

असम में भी भाजपा की सरकार फिर से बन रही है। वहां पर 12 मई को शपथ ग्रहण होगा। इसमें भी शामिल होने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम के साथ ही वहां पर चुनाव की कमान संभालने वाले केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी और दुर्ग के सांसद विजय बघेल जाएंगे। ▶▶|शेष पेज 5 पर

विजय की शपथ पर ग्रहण! वीसीके ने मांगा डिप्टी सीएम पद

चेन्नई। तमिलनाडु में सरकार पर सस्पेंस फिर गहरा गया है। टीवीके प्रमुख विजय को शनिवार सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेनी थी, लेकिन अब नई जानकारी सामने आई है। पता चला है कि राज्यपाल अभी दो पार्टियों के समर्थन पत्र का इंतजार कर रहे हैं। इसलिए उनकी तरफ से शपथग्रहण का दिन और टाइम तय नहीं है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, वीसीके और आईयूएमएल का समर्थन पत्र (विधायकों के साइन वाला लेटर) राज्यपाल को नहीं मिला है। जानकारी मिली है कि वीसीके ने समर्थन जताने के लिए डिप्टी सीएम का पद मांगा है। विजय ने राज्यपाल को 116 विधायकों के ▶▶|शेष पेज 5 पर

स्टेडियम में छत्तीसगढ़िया नहीं, आरसीबी का रंग

वीआईपी स्टैंड में दर्शक लग्जरी लुक के साथ लेंगे मैच का मजा



10 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले मुकाबले के लिए स्टेडियम पूरी तरह से तैयार है। आरसीबी का दूसरा होम ग्राउंड होने के कारण पूरा मैदान उनके रंग में रंगा नजर आ रहा है। पहले यह चर्चा थी कि स्टेडियम के कॉर्पोरेट बॉक्स को छत्तीसगढ़ी संस्कृति और लोक कला के थीम पर तैयार किया जाएगा, लेकिन शुक्रवार को जब हरिभूमि की टीम जायजा लेने स्टेडियम पहुंची, तो वहां स्थानीय कला या संस्कृति की कोई झलक दिखाई नहीं दी। ▶▶|शेष पेज 5 पर

सुविधाओं को अपग्रेड करने पर 1 करोड़ खर्च

आरसीबी प्रबंधन ने अपने इस दूसरे होम ग्राउंड में दर्शकों और वीआईपी मेहमानों के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित करने के लिए करीब एक करोड़ रुपये खर्च किए हैं। सभी कॉर्पोरेट बॉक्स को पूरी ▶▶|शेष पेज 5 पर

100 की जगह अब 50 दर्शक बैठकर उठाएंगे मैच का लुत्फ

स्टेडियम के पवेलियन के ऊपर वाले हिस्से में बड़ा बदलाव किया गया है। यहां पहले गोल्ड स्टैंड हुआ करता था, जिसमें एक साथ 100 लोगों के बैठने की व्यवस्था थी, जिसके कारण वहां काफी भीड़भाड़ हो जाती थी। अब इस जगह को अपग्रेड करके वहां खास टेबल्स लगाए गए हैं और दर्शकों की क्षमता को सीमित कर 50 कर दिया गया है। इससे भीड़ नहीं होगी और दर्शक बिना किसी परेशानी के आराम से बैठकर नाश्ते व खाने के साथ मैच का आनंद ले सकेंगे।

ईरान-अमेरिका में गोलीबारी ने बढ़ाया संकट

गैस, तेल से भरे भारत आ रहे 40 जहाज होर्मुज में फंसे

एजेंसी ▶▶| तेहरान

होर्मुज जलडमरूमध्य में चल रहा संकट दुनिया और भारत के लिए लगातार मुश्किल का सबब बना हुआ है। मौजूदा समय में भी भारत आ रहे कम के कम 40 जहाज होर्मुज स्ट्रेट के पास फंसे हैं, जिनको इस समुद्री गलियारे से सुरक्षित रास्ता नहीं मिल पा रहा है। इन जहाजों से एलपीजी, एलएनजी, कच्चा तेल, खाद और दूसरा सामान आ रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम तेल शिपिंग मार्गों में से है लेकिन ईरान-अमेरिका संघर्ष की वजह से यहां से होने वाला यातायात प्रभावित है।

ईरान का अमेरिका पर आरोप

ईरान के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को अमेरिका पर युद्धविराम को ना मानने का आरोप लगाया है। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि अमेरिका ने जास्क बंदरगाह और होर्मुज जलडमरूमध्य के पास दो ईरानी तेल टैंकरों और कई तटीय इलाकों पर हमला किए हैं, जो संघर्ष-विराम का सीधा उल्लंघन है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये कार्रवाई पिछले महीने हुए संघर्ष-विराम समझौते का स्पष्ट उल्लंघन है, जिसका उनके सुरक्षाबलों ने कड़ा जवाब दिया है।

41 जहाजों की लिस्ट तैयार

रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय अधिकारियों ने खाड़ी से प्राथमिकता के आधार पर निकाले जाने वाले 41 जहाजों की एक सूची तैयार की है। इसमें ऊर्जा उत्पाद ले जाने वाले 18 टैंकर, उर्वरक से लदे 16 जहाज और अन्य माल ले जाने वाले सात जहाज शामिल हैं। इससे भारत की उर्जा सुरक्षा पर चिंता बढ़ सकती है क्योंकि कच्चे तेल और गैस से लदे जहाज यहां से नहीं निकल पा रहे हैं।

दो दिन पहले जारी तबादला आदेश में संशोधन

48 घंटे में बदला आदेश, पुष्पा माशिमं लौटीं, अब रोक्तिमा कोरिया कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के कार्यभार में फेरबदल करते हुए नया पदस्थापना आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत शिक्षा और जिला स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं।

पुष्पा साहू

रोक्तिमा यादव

वर्ष 2012 बैच की आईएएस अधिकारी पुष्पा साहू को सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल के पद पर नियुक्त किया गया है। 6 मई को जारी आदेश के तहत पुष्पा साहू को कलेक्टर जिला-कोरिया पदस्थ किया गया था, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल के पद पर पदस्थ किया गया है।

वर्ष 2016 बैच की आईएएस अधिकारी रोक्तिमा यादव को जिला-कोरिया का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वे आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से इस पद की जिम्मेदारी संभालेंगी। 6 मई 2026 को जारी आदेश के तहत श्रीमती रोक्तिमा यादव, ▶▶|शेष पेज 5 पर

बदल गया आदेश, तैयारी हो चुकी थी, निराश हुए टॉपर बच्चे

मेरिट के बच्चों के साथ खेल...आईपीएल मैच देखने 85 नहीं, अब सिर्फ 10 छात्र जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

10 मई को होने वाले आईपीएल में अब मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने वाले सभी छात्र नहीं जा सकेंगे। 10 वीं - 12 वीं मिलाकर सिर्फ 5 छात्रों को ही मैच देखने ले जाया जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने इस संदर्भ में जारी अपना ही आदेश पलट दिया है। सर्वप्रथम 3 मई को आदेश जारी कर सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश दिया गया कि वे अपने जिले में मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को एक शिक्षक के साथ राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद भेजें। यही नहीं, इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने भी कहा गया था। अब नए आदेश में कहा गया है कि दसवीं के 5 तथा बारहवीं कक्षा के 5 अर्थात कुल 10 छात्रों को ही मैच दिखाया जाएगा। शेष छात्रों ▶▶|शेष पेज 5 पर





आदेश का पालन

लोक शिक्षण संचालनालय से जो आदेश प्राप्त हुआ है, हम केवल उसका पालन करना है। जिन छात्रों को भेजा जाना है, उनकी सूची प्राप्त हुई है। केवल वे ही मैच देखेंगे। - **हिमांशु भारतीय**, जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

नहीं मिला टिकट

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, छात्रों के लिए मैच के टिकट की व्यवस्था नहीं हो सकी। पूर्व में मेरिट सूची में आए सभी छात्रों को मैच दिखाने की योजना थी। छात्रों के लिए मैच के टिकट उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण लोक शिक्षण संचालनालय को अपना ही आदेश बदलना पड़ा है। पूर्व सरकार द्वारा मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने वाले छात्रों को प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने के साथ ही हेलीकॉप्टर में भ्रमण भी कराया जाता था। भाजपा सरकार में यह व्यवस्था समाप्त कर दी गई। अब मेधावी छात्रों को केवल प्रोत्साहन राशि ही प्रदान की जाती है। सूत्रों का कहना है कि हेलीकॉप्टर भ्रमण के स्थान पर शासन द्वारा छात्रों को अन्य विधि से प्रोत्साहित किए जाने का प्रयत्न किया जा रहा था, लेकिन टिकट का ही बंदोबस्त नहीं हो सका।

मंत्री विजय शाह पर केस चलाने में देरी पर उच्चतम न्यायालय सख्त

कर्नल कुरैशी विवाद: सुप्रीम कोर्ट ने एमपी सरकार को लगाई फटकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मध्यप्रदेश सरकार की ओर से आदिवासी मामलों के मंत्री कुंवर विजय शाह पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के फैसले में हुई देरी पर नाराजगी जाहिर की। यह मामला भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ शाह की विवादित टिप्पणियों से जुड़ा है। कर्नल कुरैशी ने पिछले साल 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान मीडिया को जानकारी दी थी। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने राज्य सरकार से सवाल किया कि उसने सुप्रीम कोर्ट के पिछले निर्देश का पालन क्यों नहीं किया, जिसमें उसे दो हफ्तों के भीतर मंजूरी देने पर फैसला लेने को कहा गया था। सीजेआई सूर्यकांत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि अब बस हमारे आदेश का पालन करें। बहुत हो चुका।

मंत्री अपनी बात ठीक से कह नहीं पाए : तुषार मेहता : सुप्रीम कोर्ट के सामने पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि शाह की टिप्पणियां 'दुर्भाग्यपूर्ण' थीं और सुझाव दिया कि मंत्री का इरादा शायद कर्नल कुरैशी की तारीफ करना था, लेकिन वे अपनी बात ठीक से कह नहीं पाए। सॉलिसिटर जनरल (एसजी) मेहता ने कहा, 'उन्होंने जो कहा, वह निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण था। हो सकता है कि वे महिला अधिकारी की तारीफ करना चाहते हों लेकिन वे अपनी बात ठीक से कह नहीं पाए और कुछ और ही कह बैठे। उन्होंने यह भी साफ किया कि यह उनका निजी विचार था, न कि मध्य प्रदेश सरकार का पक्ष। हालांकि, सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच इस बात से सहमत नहीं हुई। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि यह सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण नहीं था। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। जब एसजी मेहता ने फिर दोहराया कि शाह से शायद गलती से कुछ निकल गया हो, तो पीठ ने कहा कि राजनेता आम तौर पर अपने सार्वजनिक बयानों में काफी सावधान और अपनी बात कहने में माहिर होते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से किया सवाल, पूछा- पिछले निर्देश का पालन क्यों नहीं किया

नेता होने के नाते, उन्हें पता है कि अपनी बात कैसे कहनी है

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक राजनेता होने के नाते, उन्हें पता है कि अपनी बात कैसे कहनी है और महिला अधिकारी की तारीफ कैसे करनी है। अगर यह सचमुच जुबान फिसलने की वजह से हुआ होता, तो इसके तुरंत बाद माफी भी मांगी गई होती। सुप्रीम कोर्ट ने अदालत की ओर से नियुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) की ओर से पेश की गई स्टेटस रिपोर्ट का भी जिक्र किया और कहा कि रिपोर्ट से पता चलता है कि शाह को इस तरह की टिप्पणियां करने की आदत है। शाह की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि मंत्री ने अपनी टिप्पणियों के लिए पहले ही सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली है।

चिट्ठी लिखना माफी नहीं

हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस माफी की ईमानदारी पर ही सवाल उठा दिया। सिर्फ इसलिए कि कोर्ट ने संज्ञान लिया, आपने माफी मांगी। चिट्ठी लिखना माफी नहीं है। यह सिर्फ एक झूठा बचाव करने के लिए था। सबसे पहली चीज तो यह होनी चाहिए थी कि आप हाथ जोड़कर माफी मांगते। इसके बाद एसजी मेहता ने कहा कि शाह ने टेलीविजन पर भी हाथ जोड़कर माफी मांगी थी।

खबर संक्षेप

महाराष्ट्र में दसवीं के परिणाम घोषित, 92 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण

पुणे। महाराष्ट्र राज्य बोर्ड ने कक्षा 10 या माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र (एसएससी) परीक्षा के परिणाम घोषित किए, जिसमें कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 92.09 रहा। महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित परिणामों के अनुसार, परीक्षा में लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया। बोर्ड के अध्यक्ष त्रिगुण कुलकर्णी ने बताया कि लड़कियों का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 94.96 रहा, जबकि लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 89.56 रहा।

सेवानिवृत आईपीएस की पत्नी की हत्या

हैदराबाद। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी विनय रंजन राय की पत्नी की कथित तौर पर एक नेपाली गिरोह ने घरेलू सहायिका की मदद से हत्या कर दी। अधिकारियों ने बताया कि जुबली हिल्स के प्रशासन नगर में बहुमंजिला इमारत की पहली मंजिल पर रात करीब 2 बजे राय की पत्नी तनुजा (62) की हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि इस घटना के दौरान राय शहर से बाहर थे तथा बच्चे मकान की ऊपर की मंजिलों पर थे। राय भारतीय पुलिस सेवा में आंध्र प्रदेश कैडर के अधिकारी थे और वह महानिदेशक स्तर की रैंक से सेवानिवृत हुए थे।

शुभेंदु अधिकारी का जन्म 1970 में पूर्वी मेदिनीपुर के कांथी में एक समृद्ध राजनीतिक परिवार में हुआ

कांग्रेस से शुरुआत, टीएमसी में बगावत, अब भाजपा के 'बाजीगर'

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में बीजेपी विधायक दल की बैठक में शुभेंदु अधिकारी को नेता चुन लिया गया है। भाजपा के साथ शुभेंदु अधिकारी सियासी सफर लगभग छह साल का है। इन छह सालों में वह बीजेपी के लिए पश्चिम बंगाल में बाजीगर साबित हुए हैं। इसके बाद बीजेपी ने उन्हें पश्चिम बंगाल का शहंशाह बना दिया है। कांग्रेस से अपनी सियासी पारी की शुरुआत करने वाले शुभेंदु अधिकारी कैसे पश्चिम बंगाल में सत्ता की शीर्ष पर जा पहुंचे हैं।

2020 में बीजेपी में शामिल : सारे नफा नुकसान को देखने के बाद शुभेंदु अधिकारी ने टीएमसी से बगावत करने का फैसला कर लिया।



शुभेंदु की सबसे बड़ी ताकत

शुभेंदु अधिकारी की सादगी (कुर्ता-पायजामा, चप्पल) जो बंगाल के लोगों को पसंद है। ग्रामीण वोटर से अच्छा कनेक्शन, संगठन पर मजबूत पकड़ है, यही उन्हें मास लीडर बनाता है।

बीजेपी को दिला दी बढ़त

शुभेंदु अधिकारी भाजपा के लिए तुरुप के इक्का थे। 2021 के विधानसभा चुनाव में शुभेंदु अधिकारी पूरे दमखम के साथ अपनी पार्टी के लिए मैदान में उतर गए। वह खुद पश्चिम बंगाल की तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ नंदिग्राम से चुनावी मैदान में उतर गए। चुनाव परिणाम आए तो 2021 में शुभेंदु अधिकारी ने साबित कर दिया कि पश्चिम बंगाल की सत्ता पर भाजपा काबिज हो सकती है।

संघर्ष जारी रखा

2021 में बीजेपी सत्ता तक नहीं पहुंच पाई लेकिन शुभेंदु के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी सौंप दी। पार्टी ने पश्चिम बंगाल में उन्हें नेता प्रतिपक्ष बना दिया। तमाम राजनीतिक शिकंजों के बीच शुभेंदु अधिकारी भाजपा के लिए मैदान में डटे रहे।

तीन बार सांसद रहे शुभेंदु के पिता

शुभेंदु अधिकारी का जन्म 15 दिसंबर 1970 को पूर्वी मेदिनीपुर के कांथी में एक समृद्ध राजनीतिक परिवार में हुआ था। उनके पिता, शिशिर अधिकारी भी राजनीति में सक्रिय रहे हैं। शिशिर अधिकारी तीन बार के सांसद हैं। शिशिर अधिकारी पहली बार साल 2009 की 15वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए, इसके बाद साल 2014 की 16वीं लोकसभा और साल 2019 17वीं लोकसभा के लिए फिर चुने गए। शुभेंदु अधिकारी की मां का नाम गायत्री अधिकारी है।

परिवार में सीखीं राजनीति की बारीकियां

शुभेंदु ने राजनीति की शुरुआती बारीकियां अपने परिवार में ही सीखीं। उन्होंने अपना राजनीतिक करियर 1989 में कांग्रेस की छात्र परिषद के माध्यम से शुरू किया। उस दौर में पूरे बंगाल में वामपंथी छात्र संगठनों का एकछत्र दबदबा था, ऐसे में एक विपक्षी छात्र नेता के रूप में अपनी जगह बनाना उनके संघर्ष और नेतृत्व क्षमता का पहला बड़ा प्रमाण था।

शुभेंदु के पास 85.87 लाख की संपत्ति

बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में नामांकन के समय निर्वाचन आयोग में जमा किए गए शुभेंदु के हलफनामे के मुताबिक, उनके पास सिर्फ 12 हजार रुपए नकद हैं। उनके नाम पर कोई कार नहीं है और न ही उन्होंने किसी सोने के आभूषण की जानकारी दी है। हलफनामे के अनुसार, उनकी कुल घोषित संपत्ति करीब 85.87 लाख रुपए है। उन पर किसी तरह का कर्ज भी नहीं है।

अविवाहित हैं शुभेंदु

शुभेंदु अधिकारी अविवाहित हैं। उनका जन्म 15 दिसंबर 1970 को पूर्वी मेदिनीपुर के कांथी में हुआ था। उनका परिवार भी राजनीति से जुड़ा था। उनके पिता शिशिर अधिकारी पश्चिम बंगाल की राजनीति में जाने-माने नाम थे। शुभेंदु अधिकारी पर भी अपने पिता का प्रभाव पड़ा।

1989 में कांग्रेस से की थी शुरुआत

शुभेंदु ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1989 में कांग्रेस की छात्र परिषद से की। साल 1995 में वह उस वक्त चर्चा में आए, जब कांथी नगर पालिका में उन्हें पार्षद चुना गया। साल 1998 में जब टीएमसी की शुरुआत हुई तो सुवेंदु तृणमूल कांग्रेस से जुड़ गए। धीरे-धीरे उन्होंने राजनीति पर पकड़ बना ली और वह इतने मजबूत हो गए कि साल 2014 में मोदी लहर के बावजूद अपनी लोकसभा सीट जीते। ममता बनर्जी ने भी उनका लोहा माना और परिवहन और सिंचाई जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय दिए।

खफा डीएमके

अब साथ बैठना भी गंवारा नहीं, अलग सीटों की मांग

कांग्रेस से दूरी के बाद स्पीकर ओम बिरला को लिखा पत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डीएमके ने लोकसभा में अपने सांसदों की सीट व्यवस्था बदलने की मांग उठाई है। पार्टी ने इस संबंध में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र भेजा है। डीएमके सांसद कनिमोझी ने अपने पत्र में कहा है कि कांग्रेस के साथ पार्टी का राजनीतिक गठबंधन समाप्त हो चुका है। ऐसे में संसद के भीतर डीएमके सांसदों का कांग्रेस सांसदों के साथ बैठना अब मौजूदा परिस्थितियों में उचित नहीं माना जा सकता।

राजनीतिक बदलाव के बाद बढ़ी दूरी: तमिलनाडु की राजनीति में हाल के दिनों में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। डीएमके-कांग्रेस के रिश्तों में आई खटास अब संसद तक पहुंचती दिखाई दे रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सीटिंग व्यवस्था बदलने की मांग केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि गठबंधन टूटने का सार्वजनिक संकेत भी है।

संसद में दिखेगा नया राजनीतिक संदेश

लोकसभा में सीट व्यवस्था केवल बैठने का मामला नहीं होता, बल्कि यह राजनीतिक समीकरणों और दलों के रिश्तों का प्रतीक भी माना जाता है। ऐसे में डीएमके का यह कदम राष्ट्रीय राजनीति में नए संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। इस मामले में लोकसभा सचिवालय या स्पीकर कार्यालय की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। लेकिन डीएमके के इस पत्र ने संसद के आगामी सत्र से पहले राजनीतिक चर्चाओं को तेज कर दिया है।

शराब बाजार से नहीं हटाए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

'संगम' ब्रांड शराब पर साधु-संतों में आक्रोश

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज में गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम के नाम पर एक शराब कंपनी की ओर से शराब का नाम रखकर बेचे जाने पर साधु संतों ने कड़ी नाराजगी जताई है और यह शराब बाजार से नहीं हटाए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

भारद्वाज आश्रम पर प्रदर्शन कर रहे जगद्गुरु रामानुजाचार्य शांडिल्य महाराज ने कहा, हमारे सनातन धर्म में प्रयागराज तीर्थ में स्थित गंगा, यमुना, सरस्वती के मिलन स्थल का नाम संगम है। उन्होंने कहा, पूरे विश्व में संगम क्षेत्र की बड़ी महिमा है और पूरे विश्व के लोग यहां का जल लेकर जाते हैं। आज यह स्थिति हो गई है कि संगम के नाम पर मदिरा बनाने वाली एक कंपनी शराब बेच रही है।

ऑनलाइन सट्टेबाजी पर ईडी का 'सर्जिकल स्ट्राइक'

दिल्ली-बेंगलुरु समेत 18 ठिकानों पर छापेमारी, 3 गिरफ्तार

गेम्सक्राफ्ट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों के खिलाफ कार्रवाई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित 1,000 करोड़ रुपये के ऑनलाइन सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग रैकेट से जुड़े बड़े अभियान के तहत दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, बेंगलुरु और अन्य स्थानों पर लगभग 18 ठिकानों पर व्यापक छापेमारी की। जांच एजेंसी के सूत्रों के अनुसार तलाशी के बाद 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम दीपक सिंह अहलावत, पृथ्वी कुमार और विकास तनेजा है। दीपक सिंह हरियाणा के रहने वाला है जबकि पृथ्वी कुमार उत्तराखंड का निवासी है।

इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और डिजिटल साक्ष्य जब्त

कार्रवाई के दौरान ईडी ने कथित तौर पर जांच से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य डिजिटल साक्ष्य जब्त किए हैं। सूत्रों ने बताया कि यह मामला लगभग 1,000 करोड़ रुपए के कथित ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क से संबंधित है। ईडी के बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय ने मेसर्स गेम्सक्राफ्ट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड इसके निदेशकों और मामले से जुड़े कई अन्य आरोपियों के खिलाफ यह कार्रवाई की।

रायपुर

शनिवार 9 मई 2026

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष सप्तमी

वर्ष : 24, अंक : 288

पृष्ठ : 14+4 +4 =22, मूल्य : 5.00**

मौसम

अधि. 39.4
न्यून. 27.3

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

प्लास्टिक की बोतल में शराब का गणित हो रहा फेल...65 फीसदी उत्पादन ठप, स्टॉक गायब

प्लास्टिक को वैसे ही हानिकारक माना जा रहा, फिर भी छग में इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में शराब के शौकीनों को कांच की बोतल की जगह प्लास्टिक (फाइबर) की बोतल में शराब बेचने आबकारी का फंडा अब विभाग के लिए ही चुनौती साबित हो रहा है। यह सौदा विभाग को काफी भारी पड़ रहा है। यही नहीं, देशी शराब बनाने वाली पांच डिस्टलरीज के लिए यह गले का फंदा बन गया है। हालत ये है कि शराब के उत्पादन में 65 फीसदी की कमी आ गई है और इतना ही नहीं, देशी के शौकीनों को उनकी पसंद का ब्रांड नहीं मिल पा रहा है।

ये है मामला

खास खबर

कुछ महीना पहले आबकारी विभाग के अधिकारियों ने राज्य में कांच की बोतलों में बिकने वाली शराब को प्लास्टिक(फाइबर) की बोतल में बिकवाने का आईडिया बनाया था। इसके मुताबिक 1 अप्रैल से शुरु हुए आबकारी के नए वित्तीय वर्ष से तय किया गया कि अब प्लास्टिक की बोतल में ही शराब बेची जाएगी। लेकिन यह नियम ▶▶ शेष पेज 5 पर

प्लास्टिक या कांच कौन सी बोतल सही है

कांच की बोतलें- कांच को पारंपरिक रूप से शराब के भंडारण के लिए सबसे सुरक्षित माना जाता है। कांच एक 'अक्रिय' सामग्री है, जिसका अर्थ है कि यह शराब के साथ कोई रासायनिक प्रतिक्रिया नहीं करता। इससे शराब का स्वाद और गुणवत्ता लंबे समय तक बनी रहती है। कांच ऑक्सीजन को अंदर आने और कार्बन डाइऑक्साइड (बीयर के मामले में) को बाहर जाने से पूरी तरह रोकता है, जिससे शराब खराब नहीं होती। कांच को अनंत बार रीसायकल किया जा ▶▶ शेष पेज 5 पर

प्लास्टिक की बोतलों का नफा कम, नुकसान ज्यादा

प्लास्टिक की बोतल में शराब के फायदे की बात करें तो प्लास्टिक की बोतलें हल्की होती हैं, जिससे इन्हें ले जाना आसान होता है और इनके टूटने का डर नहीं रहता। कांच की तुलना में इनका उत्पादन और परिवहन सस्ता पड़ता है। प्लास्टिक की बोतल के नुकसान भी देखिए। लंबे समय तक रखे रहने या तापमान बढ़ने पर प्लास्टिक से कुछ रसायन शराब में घुल सकते हैं, जो स्वाद और स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। प्लास्टिक कांच की तरह ▶▶ शेष पेज 5 पर

बॉटलिंग सिस्टम ही लड़खड़ाया

राज्य में आबकारी विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों ने हरिभूमि को बताया कि प्लास्टिक की बोतल में सप्लाई की व्यवस्था क्यों फेल हो रही। दरअसल होता यह है कि डिस्टलरीज में शराब की बॉटलिंग का सिस्टम कांच की बोतलों में शराब भरने के हिसाब से बना है। इस सिस्टम में अब प्लास्टिक की बोतल रखकर भरने से वह वजन में हल्की होने के कारण बार -बार गिर जाती है। इसकी वजह से बॉटलिंग की क्षमता बुरी तरह प्रभावित हो रही है। इसे इस तरह समझा जा सकता है कि एक घंटे में अगर कांच की 100 बोतलें भरी जाती है तो प्लास्टिक की 20 बोतल ही भर पा रहे हैं। यही कारण है कि देशी की सप्लाई करने वाली डिस्टलरीज का 65 प्रतिशत उत्पादन ठप हो गया है। इस स्थिति के मद्देनजर दो दिन पहले ही आबकारी विभाग ने देशी शराब निर्माताओं की बैठक बुलाकर सप्लाई बढ़ाने कहा है। इस बीच विभाग ने सप्लाई लाइन को मजबूत करने के लिए निर्माताओं से ये भी कहा है कि वे 31 मई तक कांच की बोतल में ही सप्लाई करें।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

डीपफेक वीडियो : थरूर ने दायर किया मुकदमा

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख करते हुए उन एआई-जनित डीपफेक वीडियो पर रोक लगाने की मांग की, जिनमें कथित तौर पर उन्हें 'पाकिस्तान की प्रशंसा' करते और 'राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दों' पर बयान देते हुए दिखाया गया है। उन्होंने संकेत दिया कि वह थरूर के पक्ष में अंतरिम आदेश पारित कर सकती हैं।

मेक्सिको में कॉन्सर्ट में आगजनी, 5 मरे

मेक्सिको। मेक्सिको में एक कॉन्सर्ट के दौरान भीषण आग लगने से कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरा फेयरग्राउंड इसकी चपेट में आ गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक आग कॉन्सर्ट के दौरान लगी। कुछ ही मिनटों में लपटों ने स्टेज और आसपास बने अस्थायी ढांचों को घेर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग तेजी से फैलने की वजह से लोगों को बाहर निकलने का पर्याप्त समय नहीं मिला।

थाईलैंड में मिला नया कोरोना वायरस



बैंकाक। थाईलैंड में चमगादड़ों के अंदर एक नया कोरोना वायरस मिला है जो इंसानों को संक्रमित कर सकता है। टोक्यो यूनिवर्सिटी के वायरस एक्सपर्ट्स की टीम ने यह खोज की है। यह वायरस SARS-CoV-2 (कोविड-19 पैदा करने वाले वायरस) से मिलता है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि अभी यह तुरंत कोई बड़ी महामारी नहीं फैलाएगा, लेकिन भविष्य में खतरा हो सकता है।

मौसम ने बदले तेवर, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने जारी की चेतावनी

नया सिस्टम सक्रिय, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में आंधी, बदली-बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने देश के मौसम को लेकर वेदर बुलेटिन जारी किया है। इसके मुताबिक एक तरफ जहां दक्षिण भारत में अगले एक हफ्ते तक भारी बारिश का दौर जारी रहेगा। वहीं उत्तर-पश्चिम भारत में 10 मई से तूफानी हवाओं और बारिश का एक नया दौर शुरू होने वाला है। छत्तीसगढ़ के 20 से अधिक जिलों में गरज-चमक, तेज हवा, आकाशीय बिजली और बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इस वेदर बुलेटिन में राजस्थान और गुजरात के लोगों के लिए गर्मी का अलर्ट भी जारी किया गया है।

आईएमडी के ताजा बुलेटिन के अनुसार, देश के अलग-अलग हिस्सों में कई चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय हैं। इसके अलावा, 10 मई से एक नया पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने वाला है। इसका असर 13 मई तक उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में दिखेगा।

छग के लिए यलो अलर्ट कई राज्यों में चलेंगे जमकर तूफानी हवाएं

इसके पहले राजधानी रायपुर में शुक्रवार को आंधी चली और कई इलाकों में पेड़ भी उखड़ गए। बता दें मौसम के अचानक बदलने के पीछे कई सक्रिय मौसमी सिस्टम जिम्मेदार हैं। दक्षिण मध्य प्रदेश के ऊपर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है, जबकि अंदरूनी ओडिशा और उससे लगे ▶▶ शेष पेज 5 पर

इन जिलों के लिए एलर्ट जारी

राजधानी रायपुर सहित सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, राजनांदगांव, गरियाबंद, बलौदा बाजार, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, जशपुर, पेंड्रा, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर समेत कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। इसके साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना जताई गई है।

दक्षिण भारत में बारिश का अलर्ट

दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में मानसून पूर्व की गतिविधियां चरम पर हैं। केरल, माहे, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में अगले 6-7 दिनों तक गरज-चमक के साथ भारी बारिश का अलर्ट है। आंतरिक कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में अगले 4-5 दिनों तक तूफानी हवाओं के साथ बारिश की संभावना है।

देशभर में ऐसा रहेगा हाल

10 मई से सक्रिय होने वाले नए सिस्टम के कारण जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल और उत्तराखंड में व्यापक बारिश/बर्फबारी होगी। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में 11 से 13 मई के बीच 40-50 किमी/घंटा की रफ्तार से तूफानी हवाएं और बारिश होने के आसार हैं। झारखंड और बंगाल में तूफान, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, बिहार और ओड़िशा में बारिश होगी।

ठेकेदार ने पीडब्ल्यूडी एकाउंटेंट को थप्पड़ मारा, लात भी चलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर में लोक निर्माण विभाग के डिवीजनल एकाउंटेट को भुगतान पर आपत्ति लगाने पर ठेकेदार ने एक थप्पड़ जड़ दिया और लात भी मारी। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद है। इस घटना के बाद डिवीजनल अकाउंटेट दहशत के चलते तुरंत थाने नहीं पहुंचा। परिजनों के कहने पर 24 घंटे के बाद 8 मई को दहशत में डिवीजनल एकाउंटेट थाना पहुँचा और एसडीओपी से मिलकर शिकायत ▶▶ शेष पेज 5 पर

■ 24 घंटे बाद थाना पहुँचकर एसडीओपी से शिकायत

एकाउंटेंट पर रिश्वत मांगने का आरोप

इधर फर्म के पार्टनर नवीन अग्रवाल ने विभाग के एक कर्मचारी सूरज कुमार पर रिश्वत मांगने, अभद्र व्यवहार करने और अश्लील गालियां देने का आरोप लगाते हुए एफआईआर करने की माँग की है। ठेकेदार नवीन अग्रवाल का आरोप है कि भुगतान के लिए डिवीजनल एकाउंटेट सूरज कुमार से संपर्क किया जा रहा था, ▶▶ शेष पेज 5 पर

लटकते तार की चपेट में आया बाइक सवार, जिंदा जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के दसपुर गांव के पास शुक्रवार को एक बाइक सवार खंबे से टूटकर लटक रहे बिजली के तार की चपेट में आ गया। करंट से उठी लपटों के कारण बाइक सहित जिंदा जलने से उसकी मौत हो गई। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान यशवंत ध्रुव (37) के रूप में हुई है, जो कि दसपुर गांव का रहने वाला था। शुक्रवार को वह जंगल से तेंदूपत्ता लेकर बाइक से लौट रहा था, तभी उसकी गर्दन दसपुर बांध के पास खंबे से टूटकर लटके रहे 11 किलोवाट की सप्लाई लाइन के तार में जा फंसी। यशवंत को बचने का मौका नहीं मिला और करंट के कारण आग की लपटे उठने लगी।

मौके पर ही मौत

करंट की चपेट में आने से देखते ही देखते बाइक जल गई और आग की चपेट में आकर यशवंत ध्रुव की भी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरु कर दी। थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव ने बताया कि मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया गया है। मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया जाएगा। लापरवाही किसकी है, हादसे का जिम्मेदार कौन है? यह जांच के बाद ही पता चल सकेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

अनिल अंबानी की कंपनियों की गहन जांच की जरूरत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) और उसकी कंपनियों से जुड़े कथित बड़े पैमाने पर बैंकिंग धोखाधड़ी के मामले में एक गहन जांच की जरूरत है। यह मामला तब सामने आया, जब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बताया कि सात मामलों में अनुमानित कुल नुकसान लगभग 27,337 करोड़ रुपये है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ, पूर्व नौकरशाह ईएएस शर्मा द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में अनिल अंबानी के ▶▶ शेष पेज 5 पर

माजदा की टक्कर से कार सवार एसईसीएल गेवरा के पूर्व जीएम की हो गई मौत, दो घायल

कोरबा। एसईसीएल गेवरा एरिया के पूर्व महाप्रबंधक एवं हाल ही में निदेशक तकनीकी (डीटी) पद पर पदोन्नत हुए अरुण कुमार त्यागी गुरुवार की देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे उनकी पत्नी और कार चालक घायल हुए हैं, जिनका उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि श्री त्यागी अपनी पत्नी के साथ इनोवा कार में सवार होकर ज्वाइनिंग करने के लिए सिंगरौली मध्य प्रदेश जा रहे थे इस दौरान चोटिया के समीप स्वराज माजदा के ▶▶ शेष पेज 5 पर

कलेक्टर व एसपी ने एनएच-130 में ब्लैक स्पॉट का किया निरीक्षण

कलेक्टर कुणाल दुदावत और सिद्धार्थ तिवारी ने कटघोरा-चोटिया नेशनल हाइवेज-130 पर संभावित ब्लैक स्पॉट का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम बंजारी, मड़ई मोड़, लमना से लेकर चोटिया तक सड़क मार्ग की स्थितियों का आकलन करते हुए विशेषकर मोड़ों और अंधे मोड़ों पर सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया।

हालिया सत्र 2026-27 के लिए पेश किया नया 'पेरेंटिंग कैलेंडर'

माता-पिता की काउंसिलिंग पर भी ध्यान दे रहा है सीबीएसई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अक्सर कहा जाता है कि बच्चों की पहली पाठशाला उनका घर होता है लेकिन आज के दौर में पेरेंटिंग किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। इसी को देखते हुए सीबीएसई (सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन) अब सिर्फ छात्रों के सिलेबस पर ही नहीं, बल्कि माता-पिता की काउंसिलिंग पर भी ध्यान दे रहा है। बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एक नया 'पेरेंटिंग कैलेंडर' पेश किया है, जिसमें स्क्रीन एडिक्शन से लेकर प्यूबर्टी (किशोरावस्था) जैसे गंभीर मुद्दों पर बात की गई है।

सीबीसई के नए कैलेंडर की सबसे बड़ी बात है, अंकों की रेस से बाहर निकलना। बोर्ड ने साफ कहा है कि 3 से 7 साल के बच्चों के लिए सफलता का पैमाना यह नहीं है ▶▶ शेष पेज 5 पर

स्क्रीन एडिक्शन से लेकर 'प्यूबर्टी' पर की गई है बात

प्यूबर्टी पर 'खामोशी' नहीं

सीबीएसई ने किशोरावस्था (प्यूबर्टी) के दौरान होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलावों पर भी बोर्ड ने चुप्पी तोड़ी है। बोर्ड का कहना है कि अगर घर पर इन मुद्दों पर बात नहीं होगी, तो बच्चे इंटरनेट जैसी असुरक्षित जगहों से गलत जानकारी लेंगे।

स्क्रीन एडिक्शन और सोशल मीडिया का 'जाल'

आजकल छोटे बच्चों को शांत कराने के लिए फोन देना एक आम बात हो गई है, लेकिन सीबीएसई ने इसे खतरनाक बताया है। बोर्ड का कहना है कि मोबाइल फोन बच्चों के आपसी संवाद और भावनाओं को खत्म कर रही है। बोर्ड की सलाह है कि सोशल मीडिया पर पाबंदी लगाने के बजाय बच्चों से खुलकर बात करें और उन्हें ऑनलाइन खतरों के प्रति सचेत करें।

चिंतन

शुभेंदु को मिला ताज, साथ ही उम्मीदों का भी बोझ

शुभेंदु अधिकारी शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वह राज्य के पहले भाजपाई मुख्यमंत्री होंगे। भाजपा उनके शपथ समारोह को भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भवानीपुर में ममता बनर्जी को पटकनी देकर शुभेंदु ने पहले ही दिखा दिया था कि वह इस पद के सबसे प्रबल दावेदार हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने खुद शुभेंदु के नेता चुने जाने का ऐलान किया। भाजपा ने इस मौके पर सभी विपक्षी दलों का आह्वान किया कि वे राज्य के विकास में सहयोग करें। पार्टी ने साफ कर दिया है कि वह प्रशासन का राजनीतिकरण और राजनीति का अपराधीकरण नहीं होने देगी। यह दोनों ऐसे मुद्दे हैं, जिसने बंगाल की प्रगति को बाधित किया है। तृणमूल कांग्रेस ने पूरे प्रशासन को ही पार्टी कैडर में बदल दिया था। यही नहीं, अपराधी और असामाजिक तत्व पार्टी की रीढ़ बन गए थे। भाजपा की यह सबसे बड़ी चुनौती भी है। बंगाल इस समय जिस दशा में है, वह भाजपा के लिए एक अवसर भी है। राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में स्थिति बहुत खराब है। गरीबी चरम पर है। केंद्र की कल्याणकारी योजनाएं या तो लागू नहीं हुई या लोगों तक उसका आधा-अधूरा लाभ ही पहुंचा। कट मनी एक बड़ी समस्या रही। वाम शासन की यह कुप्रथा तृणमूल कांग्रेस के शासन में भी बदस्तूर जारी रही। बेरोजगारी भी एक बड़ा मुद्दा है। बंगाल कभी देश की सांस्कृतिक धुरी था। राज्य की यह पहचान लौटाना भी जरूरी है। अब सत्ता संभालने के बाद शुभेंदु सरकार के सामने कानून-व्यवस्था, खराब नागरिक सुविधाओं और राज्य की कमजोर वित्तीय स्थिति जैसी कई चुनौतियां होंगी। केंद्र और ममता सरकार के बीच टकराव के कारण राज्य की आर्थिक स्थिति पहले से ही दबाव में थी। नई सरकार की पहली प्राथमिकता कानून-व्यवस्था बहाल करना और हाल के दिनों में हुई राजनीतिक हिंसा की घटनाओं पर रोक लगाना होगी। नई सरकार को भाजपा के कई वादों को भी पूरा करना होगा। इनमें महिलाओं को हर महीने 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता देना शामिल है। भाजपा ने बेरोजगार युवाओं को 3,000 रुपये मासिक सहायता देने का भी वादा किया है। साथ ही अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ नई नौकरियां और स्वरोजगार के अवसर पैदा करने की योजना भी सरकार के एजेंडे में होगी, ताकि बड़े पैमाने पर पलायन रोका जा सके। नई भाजपा सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और बांग्लादेश सीमा से होने वाले अवैध प्रवासन पर रोक लगाने की दिशा में भी काम करेगी। भाजपा ने यह भी वादा किया है कि सरकार बनने के 45 दिनों के भीतर सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू की जाएंगी और लंबित महंगाई भत्ता (डीए) का भुगतान किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा अदालत में दिए गए हलफनामे के अनुसार इस पर अतिरिक्त 42,000 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। शुभेंदु राज्य के नौवें मुख्यमंत्री होंगे। तीन बार सांसद रहे शिशिर अधिकारी के पुत्र शुभेंदु ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई से की थी। उस समय वामपंथी दलों का प्रभुत्व चरम पर था। शिशिर अधिकारी यूपीए-2 सरकार में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री भी रह चुके थे। ममता बनर्जी और टीएमसी से शुभेंदु की दूरी तब बढ़ने लगी, जब ममता ने अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को अपना उत्तराधिकारी और नंबर दो नेता बनाना शुरू किया। 2021 में नंदीग्राम और फिर इस बार भवानीपुर में ममता को हराने के बाद शुभेंदु भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच बड़े नेता बनकर उभरे। 2021 के बाद विपक्ष के नेता के रूप में टीएमसी के भारी बहुमत के बावजूद उनका आक्रामक रुख पार्टी में उनकी स्थिति को और मजबूत करता गया।

मंथन
कृष्ण प्रताप सिंह

पश्चिम बंगाल के शोर में केरल विधानसभा चुनाव के नतीजों की ओर देश का कुछ कम ही ध्यान जा रहा है। हालांकि राजनीतिक लिहाज से वे भी कुछ कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के हाथों वाम लोकतांत्रिक मोर्चे की करारी हार के बाद वहां के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के इस्तीफे के साथ ही देश में वामपंथी सरकारों का दौर समाप्त हो गया है। यह पांच साल पहले ही खत्म हो जाता, अगर पिछले विधानसभा चुनाव में विजयन के कामकाज से खुश केरल के मतदाता उन्हें 'बख्श' नहीं देते। संस्कृति के क्षेत्र में काम से परहेज कर चौबीसों घंटे जनपक्षधर राजनीति करने वाली कम्युनिस्ट पार्टियां राजनीति के हाशिये पर चली जा रही हैं।

वामपंथ ने आखिरी सरकार भी गंवाई

पश्चिम बंगाल के शोर में केरल विधानसभा चुनाव के नतीजों की ओर देश का कुछ कम ही ध्यान जा रहा है। हालांकि राजनीतिक लिहाज से वे भी कुछ कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के हाथों वाम लोकतांत्रिक मोर्चे की करारी हार के बाद वहां के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के इस्तीफे के साथ ही देश में वामपंथी सरकारों का दौर समाप्त हो गया है। यह पांच साल पहले ही खत्म हो जाता, अगर पिछले विधानसभा चुनाव में विजयन के कामकाज से खुश केरल के मतदाता उन्हें 'बख्श' नहीं देते।

इस बार 'केरल के धोती पहनने वाले मोदी' की छवि भी उनकी सत्ता नहीं बचा पाई और वे 'अब तक के आखिरी वामपंथी मुख्यमंत्री' के रूप में भूतपूर्व हो गए। यहां याद किया जिनका चाहिए कि ई.एम.एस. नंबूदरीपाद के मुख्यमंत्रित्व में देश की पहली वामपंथी सरकार भी 5 अप्रैल, 1957 को इसी राज्य में बनी थी, उसके राज्य बनने के बाद हुए पहले ही विधानसभा चुनाव में। इस मायने में अभूतपूर्व थी कि उसके रूप में न केवल भारत, बल्कि दुनिया में कहीं भी पहली बार किसी कम्युनिस्ट पार्टी को लोकतांत्रिक तरीके से हुए चुनाव में सत्ता हासिल हुई थी। नम्बूदरीपाद सरकार द्वारा व्यापक भूमि सुधारों और महत्वपूर्ण शैक्षिक बदलावों के आगाज के बीच 31 जुलाई, 1959 को तत्कालीन जवाहरलाल नेहरू सरकार ने मनमाने ढंग से अनुच्छेद 356 का उपयोग करके राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के हाथों उसको बर्खास्त करा दिया तो नेहरू की तीखी आलोचनाएं की गई थीं। कारण यह कि उस दौर में वामपंथ को सत्ता का सबसे प्रतिबद्ध वैचारिक प्रतिपक्ष माना जाता था। बंटवारे और बिखराव के बावजूद उसने पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा जैसे अपने सुरक्षित गढ़ बना रखे थे। इसलिए वे गढ़ ढहे तो उसकी सही-गलत रीति-नीति और बढ़ते-घटते प्रभावों से जुड़े बहुत से प्रश्न खासी तेजी से पूछे जाने लगे थे। उनमें सबसे बड़ा यह था कि वे चुनावों में लगातार पराभव की ओर क्यों जाने लगे हैं? उनके विरोधियों को उन्हें चिढ़ाते हुए यह तक कहने का मौका क्यों हाथ लग रहा है कि आगे चलकर वे विलोपीकरण के शिकार हो जाएंगे? निस्संदेह, अब, उनके अपनी अंतिम सरकार तक गंवा देने के बाद इन प्रश्नों को नए सिरे से और ज्यादा तेजी से पूछा जाएगा। साथ ही यह प्रश्न भी कि उस हिंदी प्रदेश में उनकी प्रतीकात्मक उपस्थिति भी क्यों मुश्किल होती जा रही है, जिसे देश का हृदय प्रदेश कहा जाता है और जिसकी जमीन को वे एक समय अपने लिए बेहद अनुकूल और उर्वर मानते थे? क्यों यह उम्मीद लगातार नाउम्मीद होती चली आ रही है कि कौन जाने सुरक्षित गढ़ खो देने के बाद ही सही, वे अपनी संभावनाओं के देशव्यापी विस्तार को जीवन-मरण का प्रश्न मानकर उसके लिए नई मुहिमों का मन बनाएं? सच कहें तो वामदलों के नेताओं के लिए इन सवालों के जवाब इसलिए भी कठिन हो चले हैं कि वे संसदीय कहें अथवा चुनावी राजनीति में उतरे तो उसे अपनी क्रांति कामना के लिए इस्तेमाल करने के मंसूबे से थे, मगर समय के साथ खुद उसके हाथों इस्तेमाल होकर रह गए हैं। इतना ही नहीं, आजादी के बाद जतन से विकसित की गई 'सारी मध्यवर्गी पार्टियों के सबसे प्रतिबद्ध वैचारिक प्रतिपक्ष' की अपनी छवि भी वे नहीं

बचा पाए हैं। इसलिए कि सत्ता संघर्षों में मध्यमार्गी पार्टियां विचारधाराओं को लात मारकर अपना तकिया जाति, धर्म, संप्रदाय और क्षेत्र आदि की विडंबनाओं पर रखने लगी तो ये दल उनसे अलगाव का खतरा उठाने का साहस प्रदर्शित नहीं कर पाए और तत्कालीन परिस्थितियों के नाम पर कभी इस तो कभी उस बड़ी पार्टी या गठबंधन की पालकी के कहार की भूमिका में दिखने लगे। तिस पर स्थितियों और परिस्थितियों के आकलन में उन्होंने लगातार गलतियां कीं। मिसाल के तौर पर आजादी के पहले अविभाजित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी के इस निर्देश पर अमल के बजाय कि उसे पूरी शक्ति से ब्रिटिश साम्राज्यवाद से लड़ना चाहिए, लगातार ब्रिटिश कम्युनिस्ट पार्टी के एजेंडे पर चलती रही। इसके फलस्वरूप स्वतंत्रता संघर्ष में अपनी भूमिका को तार्किक परिणति नहीं दे सकी। आजादी के बाद माकपा को ज्योति बसु के रूप में देश को पहला वामपंथी प्रधानमंत्री देने का अवसर हाथ लगा तो भी उसने साफ इनकार कर दिया। तब वामदलों के विरोधियों व शुभचिंतकों दोनों को कहना पड़ा कि वामदलों की ट्रेन छूट गई है। ज्योति बसु को भी बाद में इसे हिमालय जैसी भूल बताना पड़ा। यह भी वामपंथ द्वारा स्थितियों के गलत आकलन के कारण ही हुआ कि जब उन्हें राजीव गांधी व मनमोहन सिंह प्रवर्तित नई आर्थिक नीतियों से लड़ना चाहिए था, उन्होंने अपनी सारी शक्ति उस सांप्रदायिकता से लड़ने में ही लगा दी, जो जनविरोधी आर्थिक नीतियों का ही उत्पाद थी, इस अर्थनीति के साथ ही स्वतः खत्म हो जाती। आश्चर्य है कि उनके लड़ते-लड़ते नई अर्थनीति और सांप्रदायिकता दोनों 'अजेय' हो गईं और मनमोहन के राज में अमेरिका से परमाणु करार के विरोध में सरकार से समर्थन वापस लेने का नुकसान भी अकेले वामपंथ को ही उठाना पड़ा। वामपंथी ऐसी भूलें नहीं करते तो आज प्रायः सारी मध्यवर्गी पार्टियों से निराश देश उन्हें खासी उम्मीद के साथ निहारता। वे कह पाने की स्थिति में होते कि अब हमारी बारी है। अभी तो वे विरोधियों की लगातार बढ़ती जा रही घृणा के साथ अपने गढ़ों तक में जनता का कोप झेल रहे हैं और फिर भी अपने अंतर्विरोध नहीं सुलझा पा रहे। आज भी, नवपूंजीवादी नीतियों से पूरे दम-खम के साथ दो-दो हाथ करने के बजाय इन संघर्ष विमुख दलों ने अपनी क्रांतिकामना को भी कर्मकांड बना डाला है। उनके शिविरों में कर्मकांडों के तौर पर ऐसी कई और चीजें चलती रहती हैं। मसलन, देश को वामजनवादी विकल्प देने के लिए काम करना, व्यापक वामपंथी एकता के प्रयास तेज करना और गैरवामपंथी दलों से न्यूनतम साझा कार्यक्रम के आधार पर रणनीतिगत समर्थन व सहयोग के रिश्ते बनाना आदि। इन कर्मकांडों का सच यह है कि वामदलों में एका के बजाय बिखराव बढ़ता जा रहा है और कई कम्युनिस्ट पार्टियां अपने महासचिवों की जेबों में रहकर उनकी बौद्धिक भूख के शमन का जरिया भर रह गई हैं। सच तो यह है कि आज वामदलों को पुनर्जीवन के लिए नए फार्मूलेशनों और रणनीतियों की सख्त जरूरत है क्योंकि पुरानी कम्युनिस्ट थीसिसों का नए बदलावों के परिप्रेक्ष्य में युगानुरूप परीक्षण किए बिना उनकी बात नहीं बनने वाली है। इस परीक्षण के अभाव का ही नतीजा है कि लगभग एक साथ सक्रिय होने वाली दो जमातों में जिस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि वह राजनीति से परे रहकर संस्कृति के ही क्षेत्र में काम करेगा, उसने काम करते-करते अपनी राजनीतिक फ्रंट की मार्फत लगभग सम्पूर्ण देश की राजनीति पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है और संस्कृति के क्षेत्र में काम से परहेज कर चौबीसों घंटे जनपक्षधर राजनीति करने वाली कम्युनिस्ट पार्टियां राजनीति के हाशिये पर चली जा रही हैं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सियासत
रोहित कौशिक

पार्टियों को समझना होगा विपक्षी एकता का महत्व

भाजपा द्वारा चुनाव में लगातार बेहतर प्रदर्शन करने और विशेष तौर से बंगाल का चुनाव जीतने के बाद कई सवाल खड़े हो गए हैं। भाजपा जिस तैयारी के साथ चुनावी मैदान में उतरती है, क्या उस तैयारी के साथ अन्य दल चुनावी मैदान में उतर पाते हैं ? बंगाल का चुनाव हारने के बाद अब ममता बनर्जी कह रही हैं कि मैं इंडिया गठबंधन को मजबूत करने का काम करूंगी। सवाल यह है कि अभी तक ममता ने इंडिया गठबंधन को मजबूत करने के लिए क्या किया? सच्चाई तो यह है कि समय-समय पर ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन में अपनी अकड़ दिखाती रहीं। कई मुद्दों पर तो उन्होंने अपनी अलग राह पकड़ ली। गठबंधन में यदि हर कोई अपनी अलग-अलग राह पकड़ ले तो क्या कोई भी गठबंधन मजबूत हो सकता है? आज ममता बनर्जी भाजपा और चुनाव आयोग द्वारा चुनावी प्रक्रिया को हथिया लेने का आरोप लगा रही हैं, लेकिन क्या इस दौर की व्यवस्था से वे वाकिफ नहीं हैं ? क्या उन्हें इसका अनुमान नहीं था? ममता बच्ची नहीं हैं, वे एक वरिष्ठ और अनुभवी राजनेत्री हैं। यानी उन्हें यह आभास था। इसके बावजूद उन्होंने कई बार इंडिया गठबंधन को मजबूत न कर स्वयं अपनी अलग चाल चली। नतीजा सबके सामने है। अब सवाल केवल ममता का नहीं है, सवाल विपक्ष के सभी राजनीतिक दलों के राजनेताओं का है? क्या विपक्ष के एक राज्य तक सिमटे छोटे दल अपने व्यक्तिगत स्वार्थ छोड़कर कांग्रेस के साथ खड़े हो पाएंगे। विपक्षी दलों को यह सोच लेना चाहिए कि वे व्यक्तिगत स्वार्थ की राजनीति कर भाजपा के सामने खड़े नहीं रह पाएंगे। अगर गंभीरता के साथ भाजपा के खिलाफ वैचारिक लड़ाई लड़नी है तो अपने क्रियाकलापों में भी गंभीरता लानी होगी। आज भाजपा की आप कितनी भी आलोचना करें लेकिन यह विपक्षी दलों को ही सोचना पड़ेगा कि आज भाजपा यहां तक कैसे पहुंची है? कमरों में बैठकर अगर भाजपा की सफलता का राज ढूंढ़ा जाएगा तो विपक्षी दल भी कमरों तक ही सीमित रह जाएंगे। भाजपा ने लंबा संघर्ष किया है। इस पर अलग चर्चा हो सकती है कि भाजपा का यह संघर्ष सकारात्मक था या नकारात्मक? अगर आप कहते हैं कि भाजपा हर हथियार इस्तेमाल करना जानती है तो यह भी आपको ही सोचना होगा कि भाजपा इतनी शक्तिशाली कैसे बन गई कि वह हर हथियार इस्तेमाल करने लगी। बंगाल में भाजपा का कोई वजूद नहीं था लेकिन आज भाजपा ने बंगाल में भी जीत हासिल कर ली। भाजपा जमीन पर मेहनत करना जानती है, लेकिन कितनी विपक्षी ऐसा कर रही हैं? चुनाव आयोग और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग की बात अपनी जगह ठीक हो सकती है, लेकिन सिर्फ इस आरोप के सहारे विपक्ष अपनी कमजोरियों पर पर्दा नहीं डाल सकता। इस दौर में पहले तो विपक्ष को अपनी कमजोरियों को दूर करना होगा और इसके साथ ही विपक्षी एकता पर भी बल देना होगा। विपक्षी एकता तभी संभव हो पाएगी, जब राजनीतिक दल अपनी संकीर्ण मानसिकता को त्यागकर एक बड़े उद्देश्य पर ध्यान केन्दित कर पाएंगे। भाजपा द्वारा बंगाल चुनाव जीतने के बाद इस समय तो विपक्षी दलों को एकता की बात ध्यान आ रही है, लेकिन विपक्ष की एकता की भावना जल्दी ही खत्म हो जाती है। एक राज्य तक सिमटे दलों को कांग्रेस का महत्व समझना होगा। भले ही किसी एक राज्य में क्षेत्रीय दलों की मजबूत स्थिति हो, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस ही समूचे विपक्ष को प्रतिनिधित्व दे सकती है। कांग्रेस एक बड़ी पार्टी है इसलिए छोटे दलों को कांग्रेस को वह सम्मान देना होगा। इसके साथ ही कांग्रेस को भी छोटे दलों को सम्मान देकर विपक्षी एकता को मजबूत करना होगा। विपक्षी दलों को यह समझना होगा कि भाजपा से मुकाबला इतना आसान नहीं है जितना वे समझ रहे हैं। छोटे दलों को यह लगता है कि कांग्रेस कहीं उनकी सीटों पर कब्जा न कर ले और छोटे दल सिमट न जाएं। इसलिए ऐसे दल कांग्रेस को सीट देते हुए घबराते हैं। जब तक विपक्षी दल आपसी समझ को बढ़ा नहीं पाएंगे, तब तक इस स्थिति में किसी परिवर्तन की उम्मीद नहीं है। सभी राजनीतिक दलों को देर-सबेर यह समझना ही होगा कि विपक्षी एकता के बल पर ही उनका अस्तित्व बच सकता है। इस समय सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या भविष्य में विपक्षी एकता संभव हो पाएगी? दरअसल इस दौर में विचारधारा की राजनीति खत्म होती जा रही है। कुछ छोटे दल तो एक विचारधारा पर टिक ही नहीं पाते हैं। ऐसे दल समय आने पर हर तरह की राजनीति का हिस्सा बन जाते हैं। इसलिए कुछ समय बाद विपक्षी एकता एक खोखला आदर्शवाद लगने लगती है। यह तो विपक्षी दलों को ही तय करना होगा कि वे कि रास्ते पर चलना चाहते हैं?

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जितने भक्त, उतने ही भक्ति के रूप

संकलित
दर्शन

मानस में भक्त के चार प्रकार बताए गए हैं- ज्ञानी, जिज्ञासु, अर्थार्थी एवं आर्त। चार प्रकार के भक्तों की बात कह देना बहुत सरल है। भक्ति में वास्तविकता-अवास्तविकता का प्रश्न पहले नहीं उठाया जाता। जब तैरना सीख जाएंगे, तभी नदी में उतरेंगे, ऐसा नहीं कहा जा सकता। इसका तो श्रीगणेश ही व्यक्ति की अपनी मान्यता से होता है। संसार सत्य है या असत्य? विषय को चाहना उचित है या अनुचित? प्रारंभिक स्थिति में इन विवादों की कोई आवश्यकता नहीं। यहां तो सीधा आमंत्रण है। तुम संकट से त्राण पाना चाहते हो! ये सब प्रभु से ही संभव है। ब्रह्म-सुख पाना चाहते हो, तो आओ, प्रारंभ कर दो प्रभु के चरणों में भक्ति। अर्थ और अभिलाषाओं की पूर्ति चाहते हो! रहस्य जानना चाहते हो! सब सर्वदा प्रभु द्वारा साध्य होगा।भय और लोभ की सहज वृत्ति से भक्ति का श्रीगणेश होता है। भगवान की जिज्ञासा भक्ति का मध्यभाग है। भगवान का सुख पाना, उसमें एक हो जाना, भक्ति की चरम परिणति है। भय से संत्रस्त आर्त हैं। लोभ से प्रेरित अर्थार्थी हैं। जानने की इच्छा वाला जिज्ञासु है। जान पाने वाला ज्ञानी है। मानस में-'ग्यानी प्रभुहि बिसेषि पिआरा' कहकर गोस्वामीजी ने पुष्ट कर दिया है। मानस में भक्तों की ओर देखें, तो साधारण से लेकर असाधारण चरित्र वाले अनेक पात्र हमारे सामने आते हैं। दशरथ, गीध, वाल्मीकि, शबरी, कोल, भील, वानर, निशाचर आदि सब वहां (भक्ति में) एक पंक्ति में खड़े हुए दिखाई देंगे। ऐसी उदारता, जो कि अन्यत्र असंभव है।

स्वयं को जीतना सिखाते स्वामी महावीर

संकलित
प्रेरणा

स्वामी महावीर जैसी आत्माएं अपनी यात्रा पिछले जन्म में ही पूरी कर चुकी होती हैं। इस जन्म में इस संसार में आने की प्रेरणा के पीछे उनकी अपनी कोई वासना नहीं है। सिर्फ करुणा कारण है। तीर्थंकर का अर्थ है, वह आत्मा जो राह दिखाने के लिए पैदा हुई है। साधारण आत्मा तीर्थंकर नहीं हो सकती, क्योंकि जो स्वयं मार्ग खोज रहा हो, वह मार्ग नहीं दिखा सकता। मार्ग क्या है, यह मंजिल पर पहुंच कर ही पता चलता है। मंजिल पर पहुंच जाना इतना कठिन नहीं है, जितना मंजिल पर पहुंच कर मार्ग पर वापस लौटना। ऐसी आत्माएं तीर्थंकर कहलाती हैं। तीर्थंकर का अर्थ है- वह मल्लाह, जो घाट से पार होने का रास्ता बताए। सच में जो विशिष्ट होता है, उसका प्रारंभिक जीवन घटना शून्य होता है, इसलिए क्योंकि वह लौटा है औरों के लिए, अपने लिए नहीं। बस वह चुपचाप बढ़ता चलता जाता है। चारों तरफ चुप्पी होती है और वह बड़ा होता जाता है। उस क्षण की प्रतीक्षा में जो वह देने आया है, वह दे दे। मेरी दृष्टि में उनको वर्धमान नाम ही इसलिए मिला कि जो चुपचाप बढ़ने लगा। जिसके आस-पास कोई घटना ही नहीं घटी, यानी जिसका बढ़ना इतना चुपचाप था, जैसे पौधे चुपचाप बड़े होते हैं, कलियां फूल बनती हैं। कहीं कोई शोर नहीं होता। शिक्षक पढ़ाने आए, तो उसने मना कर दिया और शिक्षकों ने भी पाया कि जो पढ़ाया जा सकता है, वह उसे पहले से ज्ञात है। दूसरी बात ध्यान में रख लेने जैसी है, अर्थपूर्ण है, जो मिथ, जो कहानी है, वह तो यह है कि वे ब्राह्मणी के गर्भ में थे और देवताओ ने गर्भ बदल कर क्षत्रिय गर्भ में पहुंचा दिया।

अंतर्मन

आज की पाती

मां में देख सकते हैं ईश्वर का रूप

मां का छोटा-सा शब्द अपने भीतर भावनाओं का महासागर समेटे है। मां केवल जन्मदात्री नहीं होती, वह जीवन की प्रथम शिक्षिका, प्रथम मित्र और प्रथम मार्गदर्शिका भी होती है। जब एक शिशु पहली बार रोता है, तो मां अपनी गोद और अपने स्पर्श से उसे पहली सुरक्षा देती है। मां की गोद ही बच्चे का पहला आश्रय बनती है। मां के लिए वैदिक और पौराणिक काल के ग्रंथों ने जो कहा है, वो आज भी यथावत है। वेदों ने मां को मानव जीवन में सबसे ऊंचा स्थान दिया है। वेदों से संहिताओं तक, वाल्मीकि रामायण से महाभारत तक, सारे ग्रंथों ने निर्विवाद रूप से माता को ही देवताओं से भी ऊपर माना है। जब शब्द कम पड़ जाते हैं और भावनाएं उमड़ने लगती हैं, तब मन अचानक ही मां को याद करता है। 11 मई को मदर्स डे पर मां की महती भूमिका को स्वीकार करने की जरूरत है। *- विजय कुमार, भिलाई*

करंट अफेयर

पोप 14वें के साथ स्थायी शांति के प्रयासों पर की चर्चा

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पोप लियो 14वें से मुलाकात की और पश्चिम एशिया में स्थायी शांति प्राप्त करने के प्रयासों पर चर्चा की। रुबियो की वेटिकन यात्रा का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पोप लियो 14वें के बीच बढ़ते तनाव को कम करना और बिगड़े हुए रिश्तों को सुधारना है। रुबियो ने पोप 14वें और वेटिकन के विदेश मंत्री कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन से मुलाकात की जो करीब ढाई घंटे तक चली। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगोट ने कहा कि रुबियो और पोप 14वें ने पश्चिम एशिया की स्थिति और पश्चिमी गोलार्ध में परस्पर हित के विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, इस बैठक ने अमेरिका और पोप के बीच मजबूत संबंधों और शांति एवं मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने की उनकी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। पिगोट ने पैरोलिन से हुई मुलाकात के बारे में एक अलग बयान में कहा कि दोनों राजनयिकों ने पश्चिमी गोलार्ध में चल रहे मानवीय प्रयासों और पश्चिम एशिया में स्थायी शांति प्राप्त करने के प्रयासों पर चर्चा की। बयान में कहा गया है कि इस चर्चा में धार्मिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में अमेरिका और पोप के बीच अटूट साझेदारी प्रदर्शित होती है।

ऑफ बीट

92 लाख से अधिक परिवारों ने स्वगणना का किया उपयोग

जनगणना के पहले चरण के दौरान अब तक 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 92 लाख से अधिक परिवारों ने आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना (एसई) सुविधा का उपयोग किया है। अधिकारियों ने बताया कि स्व-गणना सुविधा भारत के महापंजीयक (आरजीआई) द्वारा शुरू की गई अपनी तरह की प्रथम पहल है, जो नागरिकों को जनगणना के पहले चरण के दौरान जनगणना से संबंधित प्रश्नों का ऑनलाइन उत्तर देने की सुविधा प्रदान करती है। भारत के पंजीयक और जनगणना आयुक्त ने को दिल्ली में जनगणना के पहले चरण - गृह सूचीकरण और आवास जनगणना (एचएलओ) - के लिए जन जागरूकता अभियान के तहत छह जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली छावनी क्षेत्रों के लिए एचएलओ चरण 15 मई को समाप्त हुआ, जबकि राष्ट्रीय राजधानी के शेष हिस्सों में यह 14 जून, 2026 तक जारी रहेगा। सरकार द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, ' 'जनगणना जागरूकता वाहन दिल्ली भर जायेंगे तथा जनगणना में भागीदारी, स्व-गणना (एसई) सुविधा, जनगणना 2027 की प्रमुख विशेषताओं और क्षेत्र भ्रमण के दौरान गणनाकर्ताओं के साथ जनता के सहयोग के महत्व के बारे में संदेश देंगी।

ट्रेंड

'सोनार बांग्ला' का संकल्प

पश्चिम बंगाल भाजपा विधानसभा की बैठक में भाजपा विधानसभा दल के नेता के रूप में सर्वसम्मति से चुने जाने पर भारतीय जनता पार्टी के परिश्रमी नेता, सुवेंदु डब्ल्यूबी को शुभकामनाएं। निस्संदेह, आप 'सोनार बांग्ला' के संकल्प को पूरा करेंगे और विकास का एक नया अध्याय लिखेंगे।
- **शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषिमंत्री

जनहित में काम

प्रत्येक सार्वजनिक सुनवाई जनता के विश्वास, आशाओं और भावनाओं से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। आम जनता का यही स्नेह और विश्वास हमें जनहित में काम करने के लिए निरंतर प्रेरित करता है।
- **सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हिप्र

आवास जनगणना

'आवास जनगणना' के तहत स्व-गणना प्रपत्र लखनऊ स्थित सरकारी आवास में भरा गया। यह प्रक्रिया सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
-**केशव प्रसाद मौर्य,** डिप्टी सीएम, उप्र

सत्ता के घमंड में भाजपा

भाजपा समर्थकों के कुकर्मों का एक और घिनौना उदाहरण। सत्ता के घमंड में भाजपा समर्थक दरिंदे बन गए हैं। आज किसी की बहन-बेटी सुरक्षित नहीं है। जब जनता न्याय की मांग करे तो किससे? भाजपा ने अपने भ्रष्ट लोगों को हर जगह बिठा रखा है।
-**अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

Top University Rank #No. 1 in Chhattisgarh for four years. by UniRank

ITM University®

#NO. 1 UNIVERSITY IN CG.

Campus: Atal Nagar-Nava Raipur, Uparwara, Chhattisgarh.

LEARN
ENJOY
GROW
SUCCEED

Join ITM University - NAAC (B+) Accredited #1 University in Chhattisgarh

Why ITM University?

100%	25	950+	10,000+
Job Placement Assistance	Global Collaborations	Corporate Recruiters	Corporate Recruiters

- Opportunity to get placed in Tier-I cities of India.
- Industry experienced professors.
- Bus services from Raipur, Durg, Bhilai & Rajim.
- 25 Acres of lush green campus
- Modern Infrastructure with Hi-Tech labs.
- Separate hostels for Boys & Girls.

Strategic partnerships

Entrepreneurship Cell IIT Kharagpur · Maruti Suzuki · FPT University · RR Ispat · Swayam · NISM National Institute of Securities Markets · CII Confederation of Indian Industry · Grant Thornton · Tally Power of Simplicity

Awards & Ranking

- Innovation Leader 4 Star Rating in ARIIA & IIC Rankings
- Academic Excellence Consistent A3 Band achievement in OBE Rankings.
- Titanium + Recognition by R-World Institutional Ranking (India) 2026.

Some of our Top Recruiters

IDBI Bank · Jaquar Lighting · Godrej · Hyatt · Radisson Hotel · Muthoot Finance · IndusInd Bank · airtel · PlanetSpark · ITC Limited

Admissions Open 2026

BBA
- Marketing
- Finance
- Human Resource
- Digital Marketing
- Entrepreneurship

BBA in Banking & Finance

BBA in Logistics & Supply Chain Management

B.Com (Hons.)
- Banking
- Entrepreneurship
- Marketing
- Finance

B.Tech CSE.
- CTIS : Cloud Technology & Information Security
- AIML : (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- Data Science

B. Tech Lateral Entry
Eligibility: A valid diploma in any branch of engineering.

BCA in CTIS & MAIS
CTIS : Cloud Technology & Information Security
MAIS : Mobile Application & Information Security

MCA

MBA
- Human Resource
- Marketing
- Finance
- Business Analytics
- Entrepreneurship and Family Business

BBA LL.B (Hons.)

LL.M.

B.Sc. HTM Hospitality and Tourism Management

BBA in International Hospitality Management

B.A. (Hons.)
- Psychology

Ph.D. In various disciplines

Placement Highlights

12 LPA	6.5 LPA	5 LPA
IDBI Bank	Jaquar Lighting	IndusInd Bank
5 LPA	6.5 LPA	International Placement DUBAI
airtel	PlanetSpark	Grand Hyatt

For Free Counselling: 84520 19710
Admission enquiry: 98265 98201 / 02

Admission Offices
Raipur : 3rd Floor, Shyam Plaza, Pandri, Raipur, C.G.
Bhilai : Shop No. 172, Chouhan Estate, G.E. Road, Bhilai. C.G.

SCAN THE CODE TO APPLY ONLINE

खबर संक्षेप

ट्रक की चपेट में आने से दंपती की गई जान

कोलेगांव। कुण्डा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। सड़क निर्माण कार्य के दौरान फैली गीली मिट्टी के कारण मोटरसायकल फिसलने से पति-पत्नी तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गए, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनका चार वर्षीय मासूम बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया और लोगों ने सड़क निर्माण में लापरवाही का आरोप लगाते हुए चक्काजाम कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान सारंगपुर निवासी कृष्णा आढिले और उनकी पत्नी किर्ति आढिले के रूप में हुई है।

एम्बुलेंस से पकड़ाया 77 किलो गांजा, 5 गिरफ्तार

महासमुंद। एंबुलेंस में की जा रही गांजा तस्करी का भांडाफोड़ करते हुए पुलिस ने 5 तस्करों से 77 किलो गांजा जब्त किया है। तस्करों ने पुलिस को चकमा देने के लिए एम्बुलेंस का सहारा लिया। लेकिन, सटीक सूचना के कारण तस्करों की योजना विफल हो गई। एसपी के निर्देश में जिले में संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली की ओडिशा की ओर से एक एम्बुलेंस में भारी मात्रा में गांजा भरकर महासमुंद के रास्ते ले जाया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टेमरी जांच नाका पर घेराबंदी की गई। पुलिस ने संदेह के आधार पर एक एम्बुलेंस एमएच 13 सीयू 0707 और उसके आगे चल रही एक पायलेटिंग कार एमएच 12 एनबी 5277 को रोका। जब एम्बुलेंस की गहन तलाशी ली गई, तो उसके भीतर छिपाकर रखा गया 77 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

साहब... शराब की क्वालिटी खराब, पीने से बिगड़ती है तबीयत, अच्छी वाली दिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

सुशासन तिहार के तहत आयोजित शिविर में आ रहे आवेदनों ने प्रशासन की मुश्किलें बढा दी है। गुरूवार को नगरीय निकाय को नौकरी, अच्छी शराब और सरकारी शराब दुकान से नियमित शराब दिलाने की मांगो ने नगर पंचायत को परेशानियों में डाल दिया है। सुशासन तिहार अंतर्गत पहला शिविर गुरूवार को मंगल भवन में संपन्न हुआ। शिविर में नितीन दुबे ने शिकायत किया कि शासकीय शराब दुकान में जो शराब मिल रही है उसके सेवन से तबियत बिगड़ रही है। देशी और अंग्रेजी शराब पीने से उल्टी दस्त हो रही है। शिकायत यह भी है कि शराब दुकान में एक महिने से लोगों को शेरा, शोले, यूनिक एवं रोमियो ब्रांड की शराब नहीं मिल रही है। अंग्रेजी शराब दुकान में प्रचलित गोवा, आरएस, आल सीजन, सिग्नेचर, 8 पीएम ब्रांड की शराब नहीं मिल रही है। नए नए ब्रांड के सेवन से लोगों की सेहत खराब हो रही है। शराब दुकान में फ्रीजर होने के बाद भी लोगो को गर्म बीयर दी जा रही है।

पर्याप्त स्टाक नहीं : शिकायतकर्ता का कहना है कि शराब दुकान में मांग के अनुरूप शराब की आपूर्ति नहीं हो रही है। देशी शराब का स्टाक कुछ घंटे में खत्म हो जाता है जबकि अंग्रेजी शराब का स्टाक एक दिन में ही खत्म हो रहा है। नितीन ने बताया कि वह शराब प्रेमियो की समस्याओ एवं दर्द को सुषासन तिहार में रख रहे है ताकि जल्द ही निराकरण हो सके।

सुशासन तिहार में लोगों की अजीबोगरीब मांगों ने प्रशासन को डाला संकट में

25 साल से काबिज ग्रामीणों ने मांगा जमीन का पट्टा

मेरेगांव, कान्हे सहित अन्य वार्डो के नागरिकों ने पट्टा देने की मांग की है। शासकीय जमीन में कब्जा कर निवास करने वाले मेरेगांव के लोगों ने अपने आवेदनों में बताया कि वह पच्चीस तीस साल से शासकीय जमीन पर काबिज है लेकिन उन्हे पट्टा नही दिया गया है। इसी तरह नगर के अधिकांश वार्डो में पट्टे से वंचित नागरिकों ने पट्टा देने की गुहार लगाई है।

बेरोजगार हूं नौकरी दिलाएं

पति मजदूर है। किराए के मकान में रहती हूं। बेरोजगार हूं। घर चलाने में कई परेशानियां आ रही है। मुझे शिक्षा विभाग में नौकरी दिला दीजिए। मैं पोस्ट ग्रेजुएट होने के साथ बीएड, डीएड कर चुकी हूं। यह आवेदन नगर की कल्पना ने शिविर में दिया है। इसी तरह वार्ड 2 की पार्वती ने हायर सेंकेण्डरी उत्तीर्ण होने का हवाला देते हुए चतुर्थ श्रेणी की नौकरी दिलाने की मांग की है। कुछ अन्य महिलाओं एवं पुरूषों ने अपनी गरीबी और मजबूरियों को बताते हुए भृत्य, चौकीदार, वाटरमेन सहित अन्य की नौकरी दिलाने की मांग की है।

बस्तर में सक्रिय महिला नक्सली ने आंध्र के एटापाका में किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

डीकेएसजेडसी की महिला मेंबर ने शुक्रवार को आंध्रप्रदेश के अल्लूरी सीतारामा राजू जिले के येतापाका सुरक्षा कैंप में आत्मसमर्पण कर दिया। यह महिला नक्सली बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के कमलापुरम गांव की निवासी है।

■ डीकेएसजेडसी पार्टी मेंबर ने अधिकारियों की मौजूदगी में मुख्यधारा में हुई शामिल

जानकारी के मुताबिक बीजापुर जिले की एक सक्रिय महिला नक्सली ने आंध्रप्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले के येतापाका सुरक्षा कैंप में आत्मसमर्पण कर दिया। यह महिला नक्सली उसूर थाना क्षेत्र के ग्राम कमलापुरम की निवासी है। सीआरसी, पीएलजीए बटालियन, डीकेएसजेडसी की महिला पार्टी सदस्य पोडियम लक्ष्मी उर्फ लक्ष्मी पति स्व. पाला ने आंध्र पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। शुक्रवार को महिला नक्सली सदस्य ने अल्लूरी सीताराम राजू जिले के एसपी आपरेशन पंकज मीणा के समक्ष आत्मसमर्पण किया। पोडियम लक्ष्मी बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के पोस्ट कमलापुरम अंतर्गत ग्राम सिंगम्मोटु की निवासी है। आत्मसमर्पण का कारण

बताते हुए पोडियम लक्ष्मी ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस की बढ़ती कार्रवाई और नए पुलिस कैंपों की स्थापना से नक्सलियों की गतिविधियां सीमित हो गई हैं तथा उनमें डर का माहौल बना है। नक्सलियों के प्रति जनता का समर्थन लगातार कम हो रहा है। माओवादी विचारधारा पर विश्वास घटने और संगठन के सिद्धांतों से निराशा के कारण कई सदस्य संगठन छोड़ रहे हैं।

उसने बताया कि छग समेत ओडिशा और आंध्र प्रदेश में लगातार हो रही मुठभेड़ों में कई वरिष्ठ माओवादी नेताओं के मारे जाने से संगठन कमजोर हुआ है। आंध्रप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही पुनर्वास योजनाओं, रोजगार के अवसर, विकास कार्य तथा आत्मसमर्पण करने वालों को मिलने वाली आर्थिक सहायता, जमीन, नौकरी और अन्य कल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर उन्होंने मुख्यधारा में लौटने का फैसला लिया।

अबूझमाड़ के तोके जंगल में नक्सलियों का डम्प बरामद

नारायणपुर। अबूझमाड़ के तोके के घने जंगलों में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। बीएसएफ एवं पुलिस बेस कैंप तोके के जवानों द्वारा चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखा गया हथियार, गोला-बारूद और आईईडी सामग्री का बड़ा डम्प बरामद किया गया है। बरामद सामग्री में 315 राइफल, 12 बोर राइफलें, बैरल ग्रेनेड लॉन्चर, जिंदा कारतूस, विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर, ट्रिगर मैकेनिज्म, संचार उपकरण सहित नक्सलियों के उपयोग की अन्य सामग्री शामिल है। सुरक्षा बलों ने मौके से भारी मात्रा में आईईडी निर्माण सामग्री भी बरामद की है। अबूझमाड़ का तोके क्षेत्र लंबे समय तक नक्सलियों का सबसे सुरक्षित ठिकाना माना जाता रहा है।

JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office:- Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi–834004.
fax # 0651-2400483 e-mail : cesp.jseb@rediffmail.com/gmsp.jbvnl@rediffmail.com

1st Time Extension Notice

Last date of uploading of bid documents, last date of online submission of tender fee and bid opening date of following tender notice no. is hereby extended as below :-

Sl. No.	NITs No.	Extended online bid uploading/ submission end date	Last date of online submission of tender fee and EMD	Technical bid opening date and time
1	10/PR/JBVNL/2026-27 Rail Pole (13 mtr. long, 60 kg./m)	11.05.2026 upto 18:00 Hrs	11.05.2026 upto 18:00 Hrs.	12.05.2026 upto 18:00 Hrs.

Further details and corrigendum against the above NITs can be seen on website http:jharkhandtenders.gov.in and may be contacted on Mobile No. 09431135523 / 9430348596/ NIC helpline No. 0651-2400178. Only online payment mode of submission of Tender Fee & EMD will be accepted.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।
PR No. 377096
Sd/-
Dy. General Manager
Purchase
PR 379362 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (26-27)_D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं० :– 13/RI/2024-25/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :– 07.05.2026

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है ।
कार्य की विवरणी :–

क्र० सं०	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में	प्राक्कलित राशि (रुपया में) अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि	कॉल
1	RWD/HAZ/MMGSY/21/2024-25	बड़कागॉव	ग्राम कौशी से सेहदा तक पथ निर्माण कार्य (लं0–5.450 कि0मी0)	7,59,29,400/-	सात करोड़ उनसठ लाख उनतीस हजार चार सौ रुपये मात्र	12 (बारह) माह	द्वितीय

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–14.05.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–22.05.2026 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–23.05.2026 अपराह्न 5:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546–265286।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है । कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग।
PR 379274 (Rural Work Department) 26-27 (D)

डेम में मिला 6 माह के हाथी शावक का शव, डूबने से मौत की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल वन परिक्षेत्र अंतर्गत घोघरा डैम में शुक्रवार की सुबह कुछ ग्रामीणों ने एक हाथी शावक का शव देखा और इसकी सूचना क्षेत्रीय वन अमले को दी। जिसके बाद वन अमला मौके पर पहुंचा और शावक के शव को डैम से बाहर निकाला गया।

तत्पश्चात, शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम किया गया। वहीं सैंपल भी जांच के लिए बरेली और जबलपुर भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर शावक की मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा, हालांकि प्रथम दृष्टया पानी में डूबने से मौत की आशंका व्यक्त की जा रही है। छाल वन परिक्षेत्र के अंतर्गत सिंझीझाप के समीप घोघरा डैम में शुक्रवार की सुबह कुछ ग्रामीण जो तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल की ओर जा रहे थे।

■ धरमजयगढ़ के छाल वन परिक्षेत्र की घटना, जांच में जुटा वन अमला

उन्होंने डैम में हाथी शावक का शव देखा। जिसके बाद इस बात की जानकारी वन अमले को दी। सूचना मिलने के बाद डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय और उनकी टीम सहित 3 सदस्यीय चिकित्सकों का दल भी मौके पर पहुंचे। जिसके बाद शव को डेम से निकाला गया। शव का पंचनामा करने के बाद चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम किया। प्रथम दृष्टया शव को किसी तरह के संघर्ष के निशान नजर नहीं आए।

सैंपल बरेली और जबलपुर जांच के लिए भेजा गया

ऐसे में वन अमले को आशंका है कि इस शावक की मौत गहरे पानी में डूबने की वजह से हुई होगी। हालांकि सैंपल एकत्र कर बरेली और जबलपुर भेजे गए हैं। जिसकी रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही शावक की मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। इस संबंध में डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय ने बताया कि शावक की उम्र करीब 6 माह थी। धरमजयगढ़ वन मंडल के इलाके में अलग-अलग हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इस वक्त धरमजयगढ़ वन मंडल में करीब 112 हाथी विचरण कर रहे हैं।

खाट में बैठकर कुएं से निकला तेंदुआ भागा, जगतरा में दहशत

बालोद। ग्राम जगतरा में कुएं में गिरे तेंदुआ को वन विभाग ने रेस्क्यू किया। जेसीबी के मदद से खाट कुएं में उतारी गई। खाट में बैठकर तेंदुआ जैसे की कुएं से बाहर आया, कूदकर गांव की ओर भाग निकला। वन विभाग अब तेंदुए की तलाश में जुट गया। दूसरी तरफ गांव में दहशत फैल हुई है। बिना बेहोश किए तेंदुए को बाहर निकालने पर भी सवाल उठ रहे हैं। जिले में भीषण गर्मी से आम जनता ही परेशान नहीं है बल्कि जंगली जानवर भी हलाकान हैं। पानी की खोज में जंगलों से निकलकर गांव में स्थित तालाब- कुंआ के पास पहुंचते दिख रहे हैं। जिले के बालोद ब्लाक के जगतरा ग्राम में सुबह उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब एक तेंदुआ पानी की तलाश में गांव के एक गहरे कुएं में गिर गया। घटना की जानकारी तब हुई जब सुबह ग्रामीण कुएं से पानी निकालने पहुंचे। कुएं के भीतर का नजारा देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। जहां तेंदुआ अपनी जान बचाने के लिए कुएं में लगे पानी की मोटर पाइप को मुंह से पकड़े हुए था। वह गहरे पानी में डूबने से बचने के लिए घंटों इसी तरह संघर्ष करता रहा। ग्रामीणों ने

तत्काल इसकी जानकारी पुलिस व वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम तेंदुए को कुएं से बाहर निकालने के लिए, जेसीबी मशीन और खाट की मदद ली। तेंदुआ कई घंटों से कुएं में फंसा हुआ था। जैसे ही खाट के सहारे उसे बाहर ऊपर लाया गया, उसने अचानक छलांग लगाई और तेजी से गांव की ओर भाग गया।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur-6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टेलीकॉलर
Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

सुपरवाइज़र
आवश्यकता है- पहाड़ी चौक गुढ़ियारी, रायपुर स्थित गोडाउन में कार्य करने हेतु 12 वीं पास शादीशुदा बिहारी सुपरवाईजर की आवश्यकता है। वेतन 15000/- संपर्क- क्लासीक स्पार्कलर्स, जय गोपाल सोसायटी, फाफाडीह चौक, रायपुर, फोन- 0771-4095884. (आरो-156)

शोरूम कार्य
आवश्यकता है- टाइल्स एवं सेनेटरी के शोरूम में कार्य करने हेतु युवकों की आवश्यक है। संपर्क - मनन इंटरप्राइजेज,विधानसभा रोड,मोवा ,थाने के सामने,रायपुर । मोबाइल : 9827109679.(आरो-67)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

शिक्षक
आवश्यकता है- गुरुकुल विद्यालय Sukulpara, Tora Road, Nawagarh Dist. Bemetara (Chhattisgarh) नया शैक्षणिक सत्र 2026-27 (हिंदी माध्यम) रिक्त पदों की जानकारी व्याख्याता - 2 पद (गणित / भौतिक / रसायन),व्याख्याता - 1 पद (भूगोल / इतिहास / राजनीति विज्ञान), शिक्षक -1 पद (गणित / विज्ञान), शिक्षक - 1 पद (अंग्रेजी),सहायक शिक्षक - 1 पद (पर्यावरण),सहायक शिक्षक -1 पद (गणित),सहायक शिक्षक - 1 पद (सामान्य ज्ञान), सहायक शिक्षक - 1 पद (नैतिक शिक्षा), Principal: 9754368580, Email: sahudhrmendra5 @ gmail.com मौखिक साक्षात्कार/ डेमो क्लास 20/05/2026 टाइम सुबह 9.00 से दोपहर 12.00 तक। (आरो नं.-272)

Requirment- THE GURUKUL ENGLISH MEDIUM SCHOOL Sukulpara, Tora Road, Nawagarh Dist. Bemetara(Chhattisgarh) New Academic Session 2026-27,Vacant Posts Teacher - 1post(Mathematics), Teacher - 1 post (Sanskrit), Assistant Teacher - 1 post (English), Assistant Teacher - 1 post (EVS),Assistant Teacher - 1 post (Maths), Assistant Teacher - 1 post (G.K.), Principal: 9754368580, Email: sahudhrmendra5@ gmail.com मौखिक साक्षात्कार/ डेमो क्लास 20/05/2026 टाइम सुबह 9.00 से दोपहर 12.00 तक। (आरो नं.-273)

क्लासीफाईड

बैक आफिस/मार्केटिंग
Requirment- (1) Back Office Executive- Graduate, Experience in MS Office. (2) Data Entry Operator- Graduate, Experience in Hindi & English Typing. (3) Marketing Manager- MBA Marketing, Computer, Communication & Leadership skill. Contact- 11:00 to 1:00, Navbodh Prakashan, 7, Samta Colony, Near Bhimsen Bhawan, Raipur, Phone- 0771-4200932, hr@ navbodh.com (आरो- 172)

ड्रायवर
आवश्यकता है- एजेंसी में किराना सामान कि सप्लाई हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है, टाटा एस गाड़ी चला सके, लौडिंग अनलौडिंग भी कर सके -लोकल रायपुर में- अग्रवाल एजेंसी पुरानी बस्ती रायपुर 9826416557. (आरो-172)

सेल्स/हेल्पर
आवश्यकता है- फर्नीचर शोरूम हेतु अनुभवी सेल्स एक्जीक्यूटिव एंव हेल्पर की आवश्यकता है। निरंकारी फर्नीचर हाऊस LIC रोड पंडरी रायपुर 9302891837, 9302858504.(आरो-0399)

पंप कर्मी
आवश्यकता है - मैसर्स शारदाप्रसाद साव पेट्रोल पंप अवंति बाई चौक कोहका भिलाई में डीजल/पेट्रोल डालने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क मो.- 99261-23539, 76928-88808. (आरो नं.- 267)

ठेकेदार
आवश्यकता है- कंपनी में कार्य हेतु पेटी ठेकेदार की आवश्यकता हैं, जो हेल्पर, फिटर, वेल्डर और हैवी लायसेंस ड्रायवर सप्लाई कर सके लोकेशन:- सिल्तरा, तिल्दा (रायपुर) एवं बिलासपुर (छत्तीसगढ़) संपर्क: 7999785435, 8319126599. (आरो-171)

सेल्समैन/ऑपरेटर
आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्राईवर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड , रायपुर संपर्क समय 10:30 - 9:00, 9425522577, 9425522576.(आरो-168)

हॉस्टल स्टाफ
आवश्यकता है- हॉस्टल स्टाफ की आवश्यकता- DAC Academy Hostal, Raipur, रसोइया (Cook) वेतन : 15,000/- 20,000/- प्रतिमाह, सहायक (Helper) वेतन : 12,000/- - 15,000/- प्रतिमाह, सफाई कर्मचारी वेतन : 8,000/- - 10,000/- प्रतिमाह, सुबह एवं शाम की शिफ्ट उपलब्ध, संपर्क करें 8109810976. (आरो-4696)

सर्विस
आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें! ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं! कॉल करें - 8929449955.(आरो-63172)

हरिभूमि क्लासीफाईड

दुकान कार्य
आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा, रायपुर (आरो-173)

आवश्यकता है- कार एक्सेसरीज की दुकान के लिए जरूरतमंद लड़को एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क:- भाव्या ट्रेडर्स, नवभारत प्रेस के सामने, शहीद स्मारक काम्प्लेक्स, रायपुर मो. 8819935000. (आरो-013)

किराये से चाहिए
चाहिए- छत्तीसगढ़ में मार्केटिंग के. लिए अशोक लेलैंड दोस्त एल एस अच्छी। कंडीशन में किराए पे चाहिए ड्रायवर सहित तुरंत सम्पर्क करें 9300374656. (आरो-0101)

Astrology ज्योतिष
ज्योतिष - छत्तीसगढ़िया ज्योतिष विचार दिखइया बईगा सब्बो समस्या के समाधान काली माई की शक्ति ले पूजा-पाठ लड़ाई- झंझट जुन्ना बीमारी बैरी ले छुटकारा बिहाव मा देरी, लाइका होय मा देरी, पढ़ाई मा मन नई लागय ता एक बेर जरूर मिलव मो.- 8461886239.(आरो-169)

Finance फायनेंस
फाइनेंस - महालक्ष्मी फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान , दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड , पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज), (30% छूट) संपर्क:- 9039310732 , 8280401638.(आरो-4344)

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह"
तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad.
6263818152

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाये।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवायें।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

जैकेट के शेष

रायपुर पहुंची 'किंग...

स्टाफ का भव्य स्वागत किया गया। विराट कोहली की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी घंटों से एयरपोर्ट पर जमे हुए थे। कई फैंस अपने पसंदीदा खिलाड़ी के लिए प्यार भरे संदेश और पोस्टर लेकर पहुंचे थे। प्रशंसकों की भारी भीड़ को देखते हुए एयरपोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई थी। फैंस की भीड़ के बीच कड़े सुरक्षा घेरे में पूरी टीम एयरपोर्ट से बाहर निकली। यहां से टीम एक विशेष लग्जरी बस के जरिए सीधे मायरा रिसॉर्ट के लिए रवाना हो गई। टीम आगामी मुकाबलों तक इसी रिसॉर्ट में ठहरेगी। खिलाड़ियों की सुरक्षा और प्राइवेसी को ध्यान में रखते हुए रिसॉर्ट परिसर में भी सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए हैं।

रोमांचक होंगे रायपुर के मुकाबले : रायपुर के मैदान पर आरसीबी को दो बेहद अहम मुकाबले खेलने हैं। पहला मैच 10 मई आईपीएल का 54वां मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जाएगा। इसके बाद 13 मई को आरसीबी का सामना कोलकाता नाईट राइडर्स से होगा। शहर में इन दोनों ही मुकाबलों को लेकर जबरदस्त क्रेज बना हुआ है और फैंस अपने पसंदीदा क्रिकेटर्स को मैदान पर चौके-छक्के जड़ते देखने के लिए बेताब हैं।

अभ्यास के लिए बनाए गए तीन पिच : मैच के लिए स्टेडियम में मेंटेनेंस और मैदान तैयार करने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। मैदान में कुल 10 पिच हैं, जिनमें से 1, 2 और 8 नंबर की कॉर्नर पिच को दोनों टीमें के अभ्यास के लिए तैयार किया गया है। वहीं, सेंट्रल पिच मैच के लिए तैयार की जा रहीं। ड्रेसिंग और एम्पायर रूम की लाइट बदली जा चुकी हैं। गेट बनाने के लिए बैरीकेटिंग का काम भी शुरू हो चुका है। इंटरनेट के लिए बीएसएनएल का कनेक्शन लिया गया है, जिसे इंस्ट्राल करने का काम किया जा रहा है।

आज मैदान पर...

रहेगी। आरसीबी का अभ्यास सत्र शाम 5 बजे से शुरू होकर रात 8 बजे तक चलेगा। वहीं, 10 मई को होने वाले अहम मुकाबले से पहले मुंबई इंडियंस की टीम भी अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के लिए शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक मैदान पर पसीना बहाएगी। मुंबई की टीम ने शुक्रवार को भी पिच पर पसीना बहाया। टीम की मदद करने के लिए छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के खिलाड़ी मुंबई और आरसीबी के लिए बॉलिंग करेंगे।

स्टेडियम में छत्तीसगढ़िया...

स्टेडियम की चारों दिशाओं, सभी बॉक्स और स्टैंड्स पर केवल आरसीबी के बैनर, पोस्टर और वॉलपेपर ही नजर आए।

सुविधाओं को अपग्रेड...

तरह से लग्जरी लुक दिया गया है। इनमें आरामदायक सिटिंग अरेंजमेंट के साथ-साथ हाई-स्पीड वाई-फाई और बेहतरीन एसी की व्यवस्था की गई है।

सस्पेंस खत्म, शुभेंदु...

चेहरा बनकर उभरे हैं। इस विधानसभा चुनाव में उन्होंने भवानीपुर सीट से टीएमसी प्रमुख व पूर्व सीएम ममता बनर्जी को मात दी। वहीं, नंदीग्राम सीट से सुवेंदु अधिकारी ने भी चुनाव जीता। उन्होंने बंगाल में बीजेपी की जड़ें मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। बीजेपी ने इस चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए बहुमत हासिल किया है और पहली बार राज्य में सरकार बनाने जा रही है। बीजेपी को 207 सीटों पर प्रचंड जीत मिली।

विजय की शपथ पर ग्रहण!...

समर्थन वाला पत्र ही सौंपा था। साथ ही कहा था कि बाकियों के साइन वाले लेटर भी जल्द मिल जाएंगे. इसी वजह से लोक भवन उन दो हस्ताक्षरों का इंतजार कर रहा है, और उसने अभी तक शपथ ग्रहण की तारीख और समय की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। इसमें टीवीके (107), कांग्रेस (5), सीपीआई-सीपीएम (4) विधायकों के साइन शामिल हैं। वैसे तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 में टीवीके को 108 सीट मिली हैं, लेकिन विजय दो सीट से लड़े थे, इसलिए उनको एक सीट छोड़नी होगी। ऐसे में उनकी पार्टी के विधायकों की संख्या भी 107 मानी जाएगी।

सीएम साय, डिप्टी सीएम...

डिप्टी सीएम रवाना हुए। मुख्यमंत्री ने कहा, ऐतिहासिक जीत के बाद कल बंगाल में शपथ ग्रहण समारोह है। उनमें शामिल होने हम लोग जा रहे हैं। शुभेंदु अधिकारी को विधायक दल का नेता चुना गया है। उनके अनुभव का लाभ मिलेगा। इधर सीएम ने ट्वीट करके शुभेंदु अधिकारी को बधाई देते हुए लिखा है- पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। हमें पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं आपके सक्षम नेतृत्व में पश्चिम बंगाल अब तुष्टीकरण, भय और अराजकता की राजनीति से मुक्त होकर सुशासन, विकास एवं जनकल्याण की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगा। आपका समृद्ध राजनीतिक अनुभव तथा जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण बंगाल के समग्र विकास को नई गति प्रदान करेगा और राज्य को प्रगति के नए शिखर पर स्थापित करेगा।

असम भी जाएंगे...

डिप्टी सीएम अरुण साव को भी वहां पर एक लोकसभा की सभी विधानसभा सीटों का जिम्मा दिया गया था।

48 घंटे में बदला...

द्वारा आयुक्त, उच्च शिक्षा के पद पर पदस्थ किया गया था, जिसमें आंशिक संशोधित करते हुए कलेक्टर जिला-कोरिया पदस्थ किया गया है। वर्ष 2019 बैच की आईएएस अधिकारी रीता यादव को आयुक्त, उच्च शिक्षा के पद पर पदस्थ किया गया है। इसके साथ ही उन्हें प्रबंध संचालक, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। उनके पदभार संभालते ही इस पद को वरिष्ठ वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष माना जाएगा।

मेरिट के बच्चों के...

को मैच नहीं दिखाया जाएगा। जिन छात्रों का चयन हुआ है, उन जिलों के डीईओ को सूची प्रेषित कर दी गई है। पूर्व में जारी आदेश के बाद सभी मेरिट छात्रों में मैच देखने को लेकर उत्साह था। मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले 85 छात्रों में आधे से अधिक ग्रामीण अथवा दूरस्थ क्षेत्रों से हैं। ऐसे में वे राजधानी आकर अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को करीब से देखने के लिए उत्साहित थे। कई छात्रों ने इसके लिए रायपुर आने की तैयारी भी शुरू कर दी थी। अब नए आदेश के बाद उनमें निराशा है। उन्हें यह समझ नहीं आ रहा है कि उनकी भावनाओं के साथ ऐसा मजाक क्यों किया गया? छात्रों ने नाम ना छापने की शर्त पर हरिभूमि से कहा कि यदि टिकट की व्यवस्था नहीं हो सकी थी तो पूर्व में घोषणा ही नहीं की जानी चाहिए थी।

OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT PARPODI
DISTRICT BEMETARA, CHHATTISGARH

NOTICE INVITING TENDER (1st Call)
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

SYSTEM TENDER NO.: 190377-NIT NO.: 137, **Dated- 06/05/2026**

Online tender are invited by the Chief Municipal Officer, PARPODI for the following work in Form "A" for **PERCENTAGE RATE TENDER AND CONTRACT FOR WORKS** from the contractors registered with Unified Registration System (Single Window) on GoCG PWD & e-Procurement System Portal (**https://eproc.cgstate.gov.in**) as per the 'key Dates' mentioned below. All other conditions for submission of tenders and criteria for prequalification etc have been mentioned in the tender documents. SOR- Building SOR 2015, Electrical SOR 2020, PHE SOR 2020, Road SOR 2025.

SYSTEM TENDER NO.	Name of Work	Probable Amount of Contract	Bid Due Date and Time
190377	Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of PARPODI, Chhattisgarh	21.27	28.05.26 17:30

The tender documents containing detailed terms & conditions are available for free download on GoCG e-Procurement portal **http://eproc.cgstate.gov.in** through sub portal of Urban Administration & Development Department **http://uad.cg.gov.in**. Bidders have to quote online their prices along with Technical and Commercial bids in prescribed formats on the above mentioned portal only.

Chief Municipal OfficerNagar Panchayat Parpodi

पूर्व तट रेलवे

सूचना सं. eT-WAT-South-21-2026, दिनांक : 05.05.2026

कार्य का नाम : वरिष्ठ मंडल अभियंता / दक्षिण / वाल्टियर के अधीन थ्रू टर्नआउट रिन्यूअल-TTR के जरिए - TTR (WCMSC)- 36 सेट, TTR (FSL) - 92 सेट, TTR (CS+CMSC) - 80 सेट, TTR (CS) - 21 सेट, CMSC - 12 सेट, ग्लूड जॉइंट्स - 201 संख्यक और TWSEJ - 98 सेट।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 5,21,46,517.64, EMD : ₹ 10,42,900.00, कार्य पूरा होने की अवधि : 12 (बारह) महीने।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : दिनांक 28.05.2026 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुनःअवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-135/R/26-27

न्यायालय तहसीलदार कुकरेल
जिला धमतरी (छ.ग.)
// ज्ञापन //

क्रमांक/349/वा./तह. / 2026
कुकरेल दिनांक 06.05.2026

प्रति,
1. कमला बाई पिता मंगलू जाति गोड निवासी ग्राम भानपुरी पोस्ट चारामा तहसील चारामा जिला उ.ब. कांकेर
2. बैसाखिन बाई पति स्व. मंगलू निवासी ग्राम केरेगांव तहसील कुकरेल

आपके ज्ञात पते पर प्रेषित नोटिस तामिल नहीं होने से दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक बालाराम पिता मंगलू, विमला बाई पिता मंगलू निवासी केरेगांव तहसील कुकरेल जिला धमतरी के द्वारा इस न्यायालय प्र.क्र. 202602132400002/अ-6/वर्ष 2025-26 में आपको अनावेदक बनाया गया है। प्रकरण में आगामी पेशी दिनांक 15.05.2026 नियत है।

अतएव आप निर्धारित तिथि 15.05.2026 को 11.00 बजे इस न्यायालय में स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। न्यायालय में उपस्थित नही होने की दशा में प्रकरण में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुये अग्रेत्तर कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 06.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार कुकरेल

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार सुप्रतिम मुखर्जी पिता- श्री गौरंग चन्द्र मुखर्जी निवासी 18, प्रिन्स कॉलोनी, लक्ष्मी नगर, बालाजी ऑटो मोबाइल के पीछे, रायपुर छ.ग. के द्वारा विकेता श्री चेला राम पिता- श्री सोमन लाल वर्मा निवासी- बठेना, पाटन दुर्ग छ.ग. के आधिपत्य व स्वामित्व की खुली कृषि भूमि जो मौजा-झीट, प.ह.न. 00015, रा.नि.म. जामगांव (एम) तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित जिसका खसरा नंबर 1719 का भाग रकबा 5213 वर्गफुट खुली भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना अग्रिम राशि विक्रेता को अदा कर दिये है, बैनामा पंजीयन शेष है।

इस आम सूचना प्रकाशन के सात दिवस पश्चात मेरे पक्षकार अपने नाम या अपने सुझाये व्यक्ति के नाम पर बैनामा पंजीयन करायेगें।

उक्त संव्यहार पर किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय, वित्तिय संस्थान, व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह को कोई दावा उजर आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा उजर आपत्ति समयावधि के भीतर अधोलिखित कार्यालयीन पते पर प्रेषित करे बाद मियाद अवधि ली गई दावा उजर आपत्ति मेरे पक्षकारो पर बंधनकारी ना होकर अवैध व शून्य होवेगी।

"सो सूचना जाने"

रायपुर छ.ग.
दिनांक 08/05/2026
भवदीय
संदीप फरिकार (अधिवक्ता)
श्रीराम मंदिर के पास कंकाली पारा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मो.नं. 6264407954
मुहर

कार्यालय नगर पंचायत पखांजूर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
Email ID : nppakhanjore@gmail.com Phone No. 07844-231036

क्रमांक / 274 / लो.नि.वि./न.पं./ 2026-27
पखांजूर, दिनांक 8/05/2026

// द्वितीय ई - प्रोक्योरमेंट आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक 09.05.2026 समय पूर्वान्ह 10:00 से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम टेंडर नम्बर	कार्य का नाम	लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय	निविदा संख्या
1	2	3	4	5	6	7
1	190596	वार्ड क्र 07 अंजली नाला के पास मुक्तिधाम उन्नयन कार्य	22.56	17000.00	25.05.2026 समय शाम 5:00 बजे तक	द्वितीय

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्त, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई - प्रोक्योरमेंट के पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय पोर्टल http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

टीप :- अमानत राशि (मुल प्रति), शपथ पत्र, निकाय चुकता प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों को बंद लिफाफे मे स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पंचायत पखांजूर कार्यालय में 26.05.2026 समय शाम 5:00 बजे से पूर्व प्रेषित किया जाना अनिवार्य होगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पखांजूर
जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

पेज एक के शेष

ये है मामला ...

लागू करने के बाद फौरी तौर पर सामने आई अड़चनों के मद्देनजर फैसले में आंशिक बदलाव करते हुए यह कहा गया कि अंग्रेजी शराब बनाने वाली कंपनियों चाहें तो अपने सभी ब्रांड या तो कांच की बोतल में सप्लाई करें या फिर पूरी तरह प्लास्टिक की बोतल में।

प्लास्टिक या कांच ....

सकता है बिना उसकी गुणवत्ता कम हुए। हालांकि कांच की बोतले से कुछ नुकसान भी हैं, कांच भारी होता है जिससे परिवहन की लागत बढ़ती है। साथ ही इसके टूटने का खतरा अधिक रहता है।

प्लास्टिक की बोतलों ...

पूरी तरह से 'एयर-टाइट' नहीं होता। समय के साथ इसमें से बहुत मामूली मात्रा में ऑक्सीजन अंदर जा सकती है, जिससे शराब का ऑक्सीकरण हो सकता है। प्लास्टिक के रीसाइक्लिंग की एक सीमा होती है और यह पर्यावरण के लिए अधिक हानिकारक माना जाता है।

नया सिस्टम सक्रिय...

छत्तीसगढ़ क्षेत्र में भी एक अन्य चक्रवाती सिस्टम सक्रिय है। वहीं दक्षिण मध्य प्रदेश से झारखंड तक एक द्रोणिका छत्तीसगढ़ से होकर गुजर रही है।

ठेकेदार ने पीडब्लूडी...

की। पुलिस ने आवेदन की जाँच के बाद एफआईआर दर्ज करने की बात कही है। पीडब्ल्यूडी कार्यालय भानुप्रतापपुर में पदस्थ डिवीजनल एकाउंटेट सूरज कुमार ने थाना भानुप्रतापपुर में लिखित में शिकायत की है। शिकायत के मुताबिक 7 मई की सुबह कार्यपालन अभियंता कार्यालय में फर्म कन्हैया लाल अग्रवाल के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रदीप कुमार वर्मा उनके चैम्बर में पहुंचे और अंतागढ़-नारायणपुर सड़क निर्माण कार्य के तृतीय चल देयक के भुगतान को लेकर दबाव बनाने लगे। अधिकारी ने उन्हें स्पष्ट किया कि इस संबंध में वे अपनी टिप्पणी पहले ही कार्यपालन अभियंता के समक्ष प्रस्तुत कर चुके हैं तथा भुगतान का अंतिम अधिकार उनके पास नहीं है। दोपहर 2 बजकर 18 मिनट पर जब अधिकारी भोजन के बाद शासकीय निवास कर्मचारी कॉलोनी से कार्यालय लौटने की तैयारी कर रहे थे, तभी ठेकेदार नवीन अग्रवाल ने कथित रूप से गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि नवीन अग्रवाल ने अधिकारी को धक्का देते हुए कनपटी पर जोरदार थप्पड़ मारा। पीड़ित अधिकारी के अनुसार उन्होंने समझाने की कोशिश की कि बिल कार्यपालन अभियंता के पास लंबित है और स्वीकृति मिलने के बाद भुगतान हो जाएगा। इस पर आरोपी कथित रूप से भड़क गया और जातीय एवं क्षेत्रीय टिप्पणी करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि आरोपी ने फोन पर कार्यपालन अभियंता से बातचीत करते हुए अधिकारी को "कमीशनखोर" बताया और विभाग में आग लगाने जैसी धमकी दी। मामला यहीं नहीं रुका। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी उन्हें जबरन कार्यालय चलने के लिए कहने लगा। रास्ते में उसने फिर भुगतान को लेकर सवाल किया। अधिकारी ने जब बिल में आपत्तियां और ईएनसी कार्यालय के निर्देशों के पालन नहीं होने की बात कही, तो आरोपी और अधिक उग्र हो गया तथा कथित रूप से एक झापड़ और एक लात मार दी। इसके बाद आरोपी वहां से चला गया।

अकाउंटेंट पर रिश्वत ...

लेकिन उन्होंने भुगतान करने से इनकार कर दिया। घर के बाहर बातचीत के दौरान सूरज कुमार ने कथित तौर पर 10 लाख रुपए कमीशन की मांग की। इसी दौरान सूरज कुमार ने ठेकेदार को जातीय एवं क्षेत्रीय टिप्पणी करते हुए अश्लील गालियां दीं।

अनिल अंबानी की कंपनियों ..

नेतृत्व वाले एडीएजी फर्मों द्वारा 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के कथित ऋण धोखाधड़ी में अदालत की निगरानी वाली जांच की मांग की गई थी।

माजदा की टक्कर से ...

चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए इनोवा कार को अपनी चपेट में ले लिया जिससे कार में सवार श्री त्यागी की बिलासपुर अपोलो अस्पताल में मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी व चालक भी घायल हो गए।

माता-पिता की...

कि किसने पहले पढ़ना सीखा या किसके ज्यादा नंबर आए। असली सफलता यह है कि क्या आपका बच्चा खुशी-खुशी स्कूल जा रहा है और खुशी-खुशी घर लौट रहा है? बोर्ड ने माता-पिता को चेतावनी दी है कि वे बच्चे की काबिलियत को सिर्फ उसकी मार्कशीट से न तौलें।

मेंटल हेल्थ : कहीं आप 'आखिरी' तो नहीं? : रिपोर्ट में एक चौंकाने वाली बात कही गई है कि अक्सर जब बच्चा मानसिक रूप से परेशान होता है, तो माता-पिता को सबसे अंत में पता चलता है। बोर्ड ने एंग्जायटी, नींद में बदलाव और स्कूल जाने से इनकार करने जैसे लक्षणों पर नजर रखने को कहा है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कं. लिमि. भानुप्रतापपुर
(छ.ग. शासन का एक उपक्रम)
(छ.रा.विद्युत मण्डल की एक उत्तरदायी कम्पनी)

क्र. का.यं./ भानु./ सा./ प्रकाशन. / 378
भानुप्रतापपुर दिनांक 08.05.2026

-: बिजली बंद होने की सूचना :-

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 33 के.व्ही अंतागढ़ एवं 33 के.व्ही कोयलीबेड़ा लाईन में आवश्यक रखरखाव का कार्य किये जाने हेतु अग्रलिखित दिनांक को समय प्रातः 09:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक दर्शाये गये तिथि मे फीडर अनुसार विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

क्र.	दिनांक	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	09.05.2026 दिन-शनिवार	अंतागढ़ सबस्टेशन से निकलने वाली 33 के.व्ही कोयलीबेड़ा फीडर	33 के.व्ही कोयलीबेड़ा सबस्टेशन से निकलने वाली समस्त 11 के.व्ही फीडर लाईन एवं समस्त संबंधित ग्राम
2	10.05.2026 दिन-रविवार	132/33 के.व्ही सबस्टेशन पुत्तरवाही से निकलने वाली 33 के.व्ही अंतागढ़ फीडर लाईन	33 के.व्ही अंतागढ़ सबस्टेशन से निकलने वाली समस्त 11 के.व्ही फीडर लाईन एवं समस्त संबंधित ग्राम एवं 33 के.व्ही अंतागढ़ से कोयलीबेड़ा फीडर

नोट:-
1. आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई / बढ़ाई जा सकती है।
2. बिजली की चोरी करना दंडनीय अपराध है।
3. स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें।
4. समयावधि में देयक का भुगतान करें एवं लाईन विच्छेदन से बचे।

कार्यपालन यंत्री (संचा./ संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि.,
भानुप्रतापपुर

MUNICIPAL CORPORATION DHAMTARI (C.G.)

e-Procurement Tender Notice (2nd Call)
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

NIT No:- 379 **Dated: 04.05.2026**

NOTICE INVITING TENDER

Commissioner, Municipal Corporation Dhamtari invites online Tenders on Form **"F"** (Lump-Sum) from contractors registered in appropriate class in **"unified Registration system e-Registration"** PWD Chhattisgarh Govt. of C.G./Firms of repute for following work:-

S. No	Name of work	Tender System No.	Probable amount of contract (Rs. in Lakh)	Earnest Money (Rs. In Lakh)	Class of contractor
1	**Construction/Balance Work** of 256 Unit EWS Housing Blocks By Monolithic/Pre-cast technologies Including Infrastructure Development Complete At Mahimasagar Ward	190214	892.54	4.47	Class 'B' & Above (Unified Registration System-E Registration & Firms of repute)
2	**Construction/Balance Work** of 182 Unit EWS Housing Blocks By Conventional technologies Including Infrastructure Development Complete At Mahimasagar Ward - Aarohi Builders Colony, & Vindhyawasini Ward - IDSMT Plot	190215	674.43	3.38	Class 'B' & Above (Unified Registration System-E Registration & Firms of repute)

The Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **http://eproc.cgstate.gov.in** Date **05/05/2026**, Time 5.30PM Hours. (IST) on wards. & Last date for Online Bid Submission **21/05/2026** at 5.30PM Hours.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

Commissioner
Municipal Corporation
Dhamtari (C.G.)

homefirst We'll take you home
Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703 Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com
कब्जा सूचना

संदर्भ: सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के तहत कब्ज़ा नोटिस

चूंकि अधोहस्ताक्षरी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 के अधिनियम संख्या 54) के तहत नीचे दी गई संबंधित तिथियों पर जारी मांग सूचना के अनुसरण में एवं सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आप/उधारकर्ताओं, अधोनामों से संबंधित नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने का आह्वान करते हैं। आप/सभी ऋणधारक निर्धारित समय के अंदर उक्त बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए **होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड,** सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए और उसके अंतर्गत नियमों का पालन करते हुए, नीचे उल्लिखित गिरवी संपत्तियों पर **कब्ज़ा** कर लिया है :

क्र. सं.	ऋणधारकों / सह-ऋणधारकों/ जमानतदारों के नाम	बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण	मांग सूचना की तिथि	मांग सूचना की तिथि को कुल बकाया राशि (रूपये में)	कब्ज़ा की तिथि
1.	संजय भगत, रीता देवी	खसरा नं. 269/357 का भाग, 600 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली भूखंड-संपत्ति, मौजा रावांभाठा, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, वार्ड नं. 12, प.ह.नं. 86, आर.आई.सी. रायपुर-21- रावांभाठा, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.), रायपुर, छत्तीसगढ़-493221 में स्थित है। चौहद्दी: पूर्व- विक्रेता की अतिरिक्त भूमि, पश्चिम - प्रशांत भारती का घर, उत्तर - सड़क दक्षिण - खान का प्लॉट।	05-03-2026	4,36,326	06-05-2026

ऋणधारक द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने की स्थिति में, ऋणधारक/जमानतदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उपरोक्त तिथि से अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।

ऋणधारकों/जमानतदारों तथा आम जनता को चेतावनी दी जाती है कि वे उपरोक्त संदर्भित संपत्तियों/प्रतिभूतियों या उनके किसी भी भाग से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/प्रतिभूतियों से संबंधित कोई भी लेन-देन होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो ऊपर उल्लिखित राशि के लिए संपत्तियों/प्रतिभूतियों के विरुद्ध देय है और **पूर्ण भुगतान होने तक उस पर ब्याज सहित देय है।**

ऋणधारक का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उन प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो प्रतिभूत संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।

स्थान : रायपुर, दिनांक : 09-05-2026
अधिकृत अधिकारी : होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

वृष — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

मिथुन — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

कर्क — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

तुला — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

मकर — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

कुंभ — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

मीन — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

मणिपुर में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने छोड़ी पार्टी

इंफाल। मणिपुर में भाजपा नेता एलंगबम जॉनसन ने राज्य सरकार की जनता की आकांक्षाओं का सम्मान करने में 'विफलता' का हवाला देते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया। जॉनसन ने कहा कि उन्होंने पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। जॉनसन ने 2022 का विधानसभा चुनाव भाजपा के टिकट पर लड़ा था। उन्होंने कहा, 'तीन म, 2023 से हम जनता की इच्छा के अनुरुप आगे बढ़ने में असमर्थ रहे हैं। केइसमथोंग में अपने कार्यकर्ताओं से चर्चा के बाद मैंने भाजपा छोड़ने का निर्णय लिया है।

शब्द पहेली - 6220



बाएँ से दाएँ
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

ऊपर से नीचे
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

शब्द पहेली- 6219 का हल

अ	ना	द	र	णी	य	■	प्र	क्षे	प	क
सं	ग	■	वे	■	कृ	पा	ण	■	र	म
वै	■	अ	दा	व	त	■	य	हां	■	जो
धा	रा	दा	र	■	■	अ	■	का	त	र
नि	■	व	■	प्र	क्षा	ल	न	■	म	■
क	म	त	र	ता	■	सा	ग	र	गा	मी
■	लि	■	स	र	मा	या	■	द	■	न
बे	का	बू	■	णा	■	■	व	न	वा	सी
क	■	आ	स	■	आ	द	र	क	■	लै
द	म	■	व	हा	र	■	दा	■	ता	व
र	सा	त	ल	■	ज	ही	न	कु	श	ल

सूडोकु नवताल - 6230

★★★ मध्यम

		8				1	5	
2					1	8		
3			4		6	7		9
5					9			
	9		2	3	4		7	
			1					8
4		7	6		5			1
		6	7					4
	5	3				2		

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6229 का हल

3	9	7	5	2	1	4	8	6
5	4	2	9	6	8	7	1	3
8	6	1	3	7	4	9	5	2
2	8	9	1	5	3	6	4	7
4	7	3	2	8	6	5	9	1
6	1	5	4	9	7	2	3	8
9	3	4	7	1	2	8	6	5
7	5	6	8	3	9	1	2	4
1	2	8	6	4	5	3	7	9

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी वैज्ञानिकों के प्रयास को बधाई

डीआरडीओ और वायुसेना ने किया 'तारा' हथियार का पहला सफल परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक मोर्चे पर बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के जटिल दौर में शुक्रवार को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय वायुसेना ने ओडिशा तट पर सामरिक उन्नत रेंज संवर्धन हथियार, टीएआरए (तारा) का पहला सफल परीक्षण किया है। यह एक मॉड्यूलर रेंज एक्सटेंशन किट है। जो देश की पहली स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली है। तारा, अनिर्देशित वारहेड को सटीक निर्देशित हथियारों में बदलने में सक्षम है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, वायुसेना और इस परीक्षण में शामिल समूची टीम को बधाई दी है। साथ ही उनके इस प्रयास को देश की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ.समीर.वी.कामत ने भी इस सफल परीक्षण से जुड़ी टीम को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

बढ़ेगी हथियार की मारक क्षमता

टीएआरए एक प्रकार की युद्धक किट है। जिसे वायुसेना अपने बम जैसे हथियारों के साथ लगाकर इस्तेमाल करेगी। इस किट का उद्देश्य कम लागत में हथियार की मारक और सटीकता से वार करने की क्षमता में इजाफा करना है। जिसका इस्तेमाल खासतौर पर जमीनी लक्ष्यों को नष्ट करने के लिए किया जाएगा। इस परीक्षण को वायुसेना के जगुआर लड़ाकू विमान के जरिए पूरा किया गया है। वहीं, टीएआरए अत्याधुनिक कम लागत वाली हथियार प्रणालियों का उपयोग करने वाला पहला ग्लाइड हथियार है। इस किट का निर्माण और विकास सह उत्पादन साझेदारों और अन्य भारतीयों उद्योगों की मदद से किया गया है। टीएआरए का उत्पादन कार्य शुरू कर दिया गया है।

नासिक केस की मास्टरमाइंड आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में

निदा को एआईएमआईएम ने दी पनाह पुलिस की आंखों में झोंकती रही धूल

एजेंसी ▶▶| नासिक

यहां के बहुचर्चित टीसीएस धर्मांतरण मामले में नया खुलासा हुआ है। पुलिस ने खुलासा किया कि मामले की मुख्य संदिग्ध निदा खान, जिसे पुलिस की कई टीमें सरगर्मी से तलाश रही थी, वह पिछले 5 दिन से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर छत्रपति संभाजीनगर के एक पार्षद के घर पर छिपी बैठी थी। निदा खान को नासिक क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। इसके लिए 20 पुलिसवाले सादी वर्दी में रहे और पिछले कई दिनों से उस पर नजर रखे हुए थे।

पार्षद मतीन पटेल को पुलिस का नोटिस

मामले में सबूत हाथ लगते ही नासिक पुलिस ने एक्शन मोड में आ गई है। पुलिस ने पार्षद मतीन को आधिकारिक नोटिस जारी कर दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एक फरार आरोपी को जानते-बूझते हुए संरक्षण देना कानूनन गंभीर अपराध है। मतीन को जल्द ही पुलिस के सामने पेश होना होगा, जहां उनसे कड़ी पूछताछ की जाएगी। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या पार्षद सिर्फ पनाह देने तक सीमित थे या इस पूरी साजिश के पीछे उनका भी कोई हाथ है।

सियासी गलियारों में हड़कंप और गिरफ्तारी की मांग : अब इस मामले में एक निर्वाचित प्रतिनिधि पर आरोपी को बचाने के आरोपों ने शहर में राजनीतिक विवाद छेड़ दिया है। स्थानीय जनता और विपक्षी दल अब यह सवाल उठा रहे हैं कि आखिर एक जन प्रतिनिधि ने कानून का साथ देने के बजाय एक संदिग्ध को अपनी छत्रछाया में क्यों रखा। इस खुलासे के बाद एआईएमआईएम के खेमे में सन्नाटा है, वहीं अन्य राजनीतिक दल इस मुद्दे पर पार्षद के इस्तीफे और उनकी तुरंत गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

पार्षद ने दिया 'गुनहगार' को डेरा : *नासिक पुलिस की तफ्तीश में यह चौंकाने वाली जानकारी मिली है कि मुख्य आरोपी निदा को छत्रपति संभाजीनगर में पनाह दी गई थी। चौंकाने वाली बात यह है कि उसे एआईएमआईएम के पार्षद मतीन पटेल बताए जा रहे हैं। दावा किया जा रहा कि निदा पिछले 5 दिनों से मतीन पटेल के ठिकाने पर ही रुकी हुई थी।*

युद्धक्षेत्र में सिर्फ हथियारों के भरोसे रहने पर नहीं चलेगा काम : राजनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बीते 7 मई से भारत ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मना रहा है। इसे लेकर रक्षा मंत्रालय देश के अलग-अलग भागों में कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इसी क्रम में राजस्थान की राजधानी जयपुर में सेना, वायुसेना और नौसेना के संयुक्त कमांडर सम्मेलन (जेसीसी) का आयोजन किया गया,जिसे संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेनाओं के शीर्ष कमांडरों को यह निर्देश दिया कि वह तेजी से बदलती हुई भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच अपनी युद्धक तैयारी को हमेशा चाक-चौबंद बनाए रखें। लेकिन उसमें भी यह जरूर ध्यान रखें कि भविष्य में युद्धक्षेत्र में जंग केवल हथियारों के बलबूते पर ही नहीं जीती जाएगी। बल्कि उसके लिए सभी सैन्य इकाइयों को नवीन सोच के साथ आपसी समन्वय में इजाफा करना पड़ेगा। रक्षा मंत्रालय ने राजनाथ सिंह का यह बयान मीडिया से साझा किया है।

जेसीसी का दूसरा संस्करण

बताते चलें कि 22 अप्रैल 2025 को पाकिस्तान समर्थित 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (लश्कर-ए-तैयबा का छद्म रूप) के आतंकियों ने पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम दिया था। इसमें कुल 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। भारत ने जवाब ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दिया। इसमें सेनाओं ने मिलकर पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकियों के कुल 9 ठिकानों को कुछ ही मिनटों में मटियामेट कर दिया था, 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए।

शुभेंदु के सहयोगी की हत्या में इस्तेमाल दोपहिया वाहन बरामद

कोलकाता। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में शुक्रवार को जांचकर्ताओं ने कथित तौर पर इस्तेमाल की गई दूसरी मोटरसाइकिल बरामद कर ली। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। वहीं, पश्चिम बंगाल पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल की गई संदिग्ध कार की तलाश तेज कर दी है। अधिकारी ने बताया कि हत्या की जांच के लिए राज्य सीआईडी, आईबी और बंगाल एसटीएफ के अधिकारियों को मिलाकर गठित सात सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) मामले में 'तकनीकी और जमीनी स्तर के साक्ष्य जुटाने' के लिए उत्तर प्रदेश रवाना हो गया।

हंता वायरस से हड़कंप, संक्रमित क्रूज पर मौजूद थे 2 भारतीय

नई दिल्ली। डच क्रूज जहाज पर हंतावायरस फैलने की खबर ने दुनिया को चिंता में डाल दिया है। इस जहाज पर कुल 149 लोग फंसे हुए हैं। मिल रही खबरों के मुताबिक इनमें से दो भारतीय क्रू मेंबर भी शामिल हैं। जहाज को ओशियनवाइड एक्सपडिशंस कंपनी चलाती है। यह फिलहाल अफ्रीका के केप वर्डे के पास लंगर डाले खड़ा है। जहाज पर हंता वायरस फैलने से अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में एक डच दंपती और एक जर्मन यात्री शामिल हैं। एक गंभीर रूप से बीमार यात्री को इलाज के लिए साउथ अफ्रीका भेजा गया है। बाकी संक्रमितों का इलाज और निगरानी चल रही है।

शिक्षक भर्ती परीक्षा में देरी, छात्रों पर लाठीचार्ज

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग की शिक्षक भर्ती परीक्षा की अधिसूचना जारी करने में हो रही देरी के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों को तितर-बितर करने के लिए पटना पुलिस ने बल प्रयोग किया। पटना के एसपी ने कहा, 'प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश कर रहे थे, जिसके बाद उन्हें हटाने के लिए हल्का बल प्रयोग किया गया।'

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001: 2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No.1, Telibandha, Raipur(C.G.)- 492006
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Reg No. 22AABCM6288N5ZY
Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

NOTICE INVITING TENDER (1st Call)
(e-Procurement Portal)

NIT No. 05 & 06/CSIDC/E.E/Div-IV/2026-27/System No. 190542 & 190544 Raipur, Dated 08/05/2026

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender in "Form-B" (Item Rate Basis) for the

S. No	Name of Work	Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't.	Time allowed including rainy season	P.A.C. (INR Lac)	EMD (INR Rs.)	Cost of Tender Doc. (INR) Including GST 18%
1	Providing of labour for Clearing of Road Dust using Broom for air quality improvement at Industrial Area Borai Distt. Durg (C.G.) (Total Length of Road 15.00 K.M.)	D & Above	12 Months i/c Rainy Season	17.17 Lacs	12,900/-	1770/-
	Sprinkling of Water through tractor Water Tanker for Air Quality improvement at Industrial Area Borai Distt. Durg (C.G.) complete for 1 year from the date of work order.	D & Above	12 Months i/c Rainy Season	50.65 Lacs	38,000/-	3540/-

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of work and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 08/05/2026 and Time 17:01 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

NOTE:- The interested tenderers for online submission of tender may contact CG eProc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited., they may reach Helpdesk using 18002582502 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in.

S-47765/2
कार्यालय एवं दुकान हेतु स्थान उपलब्ध, वेबसाईट देखें www.csidc.in
Executive Engineer, Division-IV

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस), आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वी मंज़िल, प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर, गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor, Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar, Gurgaon, Haryana -122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके - 6
सार्वजनिक सूचना
{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में}

सार्वजनिक नोटिस : ROC / C-PACE/STK-2/248 (2)/2026-27/183 दिनांक: 04/05/2026

संदर्भः

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (7) कम्पनियों का नाम **छत्तीसगढ** राज्य से हटाने के मामले में:

S.No	Work Item	CIN	Company Hindi Name
1	AC3091328	U74999CT2022PLC013829	निदान जन सेवा लिमिटेड
2	AC3118332	U51909CT2021PTC012549	भट्टाड इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड
3	AC3100523	U51909CT2022PTC013753	आईवीक्योर सर्जिटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड
4	AC3193911	U47737CT2024PTC016767	मुक्सन टेकफार्मिंग प्राइवेट लिमिटेड
5	AC3168032	U51909CT2022PTC013408	सोइलो एग्रोसाइंस प्राइवेट लिमिटेड
6	AC3173454	U45200CT2010PTC021562	टोटल लाइफ इंफ्रावेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
7	AC3179542	U46620CT2024PTC016852	नटराज एलॉयज प्राइवेट लिमिटेड

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।
4. यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

इरकन तिर्की
उप पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र
CBC 07123/11/0089/2627

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
कोंडागांव वनमंडल के काष्ठागार के e-Auction का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कोंडागांव वनमंडल के अंतर्गत कोंडागांव काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ/जलाऊ / बांस का e-Auction द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि e-Auction में भाग लेवें। e-Auctionकी शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

वनमंडल का नाम	काष्ठागार का नाम	नीलाम दिनांक व समय
कोंडागांव वनमंडल कोंडागांव	कोंडागांव काष्ठागार	15.05.2026 प्रातः 09:00 बजे से

प्रजाति	नया वनोपज			अविक्रित वनोपज			योग		
	ई. काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)		ई. काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)		ई. काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)	
1	2	3	4	5	6	7	11	12	13
सागौन	14.703	300	130	20.814	322	201	35.517	622	331
साल	3194.351	1058	392	3591.059	653	1457	6785.41	1711	1849
बीजा	33.141	14	33	199.549	83	168	232.69	97	201
साजा	23.296	62	27	47.295	57	20	70.591	119	47
हल्दू	10.439	2	1	110.07	18	21	120.509	20	22
नीलगिरी	0	0	0	0	2957	0	0	2957	0
अन्य	72.961	237	109	173.148	137	206	246.109	374	315
योग-	**3348.891**	**1673**	**692**	**4141.935**	**4227**	**2073**	**7490.826**	**5900**	**2765**
योग - जलाऊ	Fuel Stack Mixed Fuel Stacks = **227**			0			Fuel Stack Mixed Fuel Stacks = **227**		
बांस	0			Bamboo= 21060 Nog 9.980 NT			Bamboo= 21060 Nog 9.980 NT		

शर्ते :-
1. प्रत्येक क्रेता को e-Auction के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कामर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेता e-Auctionके पूर्व क्रय लाटों के अफसेट प्राइज के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लाटों की थप्पी सूचि एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कामर्स पोर्टल से लॉग इन करके देख सकते हैं।
4. e-Auctionमें लॉट क्रय करने के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा उसकी लॉट के अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

वनमंडलाधिकारी
कोंडागांव वनमंडल
कोंडागांव
G- 262700584/3

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 537/न.पा.नि./2026 रायगढ़ दिनाँक 8/7/2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	सि.नि. क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	190548	नगर पालिक निगम, रायगढ़ वित्तीय वर्ष 2026-27 में अभिलेख शाखा हेतु भोजन/ नास्ता सामग्री प्रदाय कार्य (तृतीय निविदा)	10.00	21.05.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति. निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, न.पा.नि., रायगढ़

कार्यालय, नगर पालिक निगम, (बाजार) रायपुर (छ.ग.)
Website - www.nagarnigamraipur.nic.in

क्र.1026 / बा. वि. / न.पा.नि. / 2026 रायपुर, दि. 08/05/2026

निविदा- सूचना

नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्र अंतर्गत कुल 05 पार्किंग को 01 वर्ष की अवधि के लिए पार्किंग शुल्क वसूली हेतु ई-निविदा आमंत्रण जेम पोर्टल के माध्यम से किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	बिड संख्या	क्षेत्र / पार्किंग का विवरण
1	2	3
1	GEM/2026/B/7517207	जयस्तंभ चौक मल्टीलेवल पार्किंग
2	GEM/2026/B/7517440	सिंधी बाजार पार्किंग एम.जी. रोड
3	GEM/2026/B/7517528	गांधी मैदान पार्किंग रंग मंदिर के पास
4	GEM/2026/B/7517618	कलेक्टोरेट मल्टीलेवल पार्किंग
5	GEM/2026/B/7517694	जवाहर बाजार पार्किंग मालवीय रोड

टीपः- उपरोक्त कार्य हेतु नियम/ शर्त एवं अन्य जानकारी http://gem.gov.in के माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

घरों से निकलने वाले गीला और सुखा, कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें।

उपायुक्त (बाजार) नगर पालिक निगम रायपुर छ.ग.

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण मण्डल, रायगढ़ (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 07.05.2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु द्वितीय ऑनलाईन निविदा 'डी' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 22.05.2026 तक है।

क्र.	एन.आई.टी. क्र. / निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	NIT No. 36 Tender No. 190450	एस.ई.सी.एल. रायगढ़ क्षेत्र के सी.एस.आर. के अंतर्गत खरसिया-छाल मार्ग पर मांड नदी पर निर्मित उच्चस्तरीय पुल (चन्द्रशेखर सेतु) का विशेष मरम्मत (जमा मद) कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	रु. 84.46 लाख
2	NIT No. 37 Tender No. 190451	जिला-जांजगीर चांपा के शिवरीनारायण-गिधौरी मार्ग पर महानदी पर निर्मित पुल निर्माण कार्य के विशेष मरम्मत कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	रु. 47.47 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपॅसिटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एन.आई.टी. के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें) निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल नं. एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. सेतु मण्डल, रायगढ़
G-262700593/2

सत्यमेव जयते
विदेश मंत्रालय
भारत सरकार

कैलाश मानसरोवर यात्रा

विदेश मंत्रालय कैलाश मानसरोवर यात्रा - 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित करता है

पात्रता : 01 जनवरी 2026 को 18 से 70 वर्ष तक की आयु के भारतीय नागरिक
चयन : कंप्यूटरीकृत ड्रॉ से, चिकित्सा परीक्षण के उपरांत
पंजीकरण : केवल ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से; विस्तृत विवरण के लिए वेबसाइट : https://kmy.gov.in पर जाएं
☎ दूरभाष: 011-23088214
CBC 14108/13/0001/2627

SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports) (Human Resources Division -II)
(मानव संसाधन प्रभाग -II)

Jawaharlal Nehru Stadium
Complex (East Gate-10)
Lodhi Road, New Delhi-110003

F.No. 01-04001(03)/1/2026/262 Date: 30-04-2026

CORRIGENDUM (शुद्धिपत्र)

भारतीय खेल प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति के आधार पर सहायक निदेशक के पद पर नियुक्ति के संबंध में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि में 15 दिनों का विस्तार।

भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन है तथा सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत है, द्वारा सहायक निदेशक के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सम संख्या के विज्ञापन दिनांक 23.03.2026 के क्रम में, उक्त पद हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को 15 दिनों के लिए बढ़ाया जाता है, अर्थात अब आवेदन दिनांक 15.05.2026 को सायं 05:00 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। विज्ञापन की अन्य सभी शर्तें एवं प्रावधान यथावत रहेंगे।

सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन दिनांक 15.05.2026 तक या उससे पूर्व "निदेशक (HRD-II) का कार्यालय, कक्ष संख्या 210, द्वितीय तल, भारतीय खेल प्राधिकरण, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (गेट-10), लोदी रोड, नई दिल्ली-110003" में प्राप्त हो जाने चाहिए अथवा ई-मेल "recruitment.cell.sai@gov.in" पर प्रेषित किए जा सकते हैं। विस्तृत विवरण एवं आवेदन प्रपत्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की वेबसाइट www.yas.nic.in तथा भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट www.sportsauthorityofindia.nic.in पर उपलब्ध है।

उप निदेशक
(मानव संसाधन प्रभाग -II)
भारतीय खेल प्राधिकरण मुख्यालय
Cbc-47103/11//0011/2627

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
कार्यालय वन मंडलाधिकारी, बस्तर, वन मंडल, जगदलपुर

-:: संक्षिप्त निविदा सूचना आमंत्रण ::-

सर्व साधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कैम्पा शासकीय स्ट्राईक फोर्स एवं अंतिम रूप से राजसातकृत वाहनों को निविदा द्वारा निवर्तित किया जाना है। इस बाबत निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत शर्तें तथा वाहनों की सूची कार्यालयीन दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है एवं निविदा प्रपत्र हेतु राशि रू. 200/- का मनी रसीद परिक्षेत्र अधिकारी जगदलपुर (सा.) से प्राप्त कर निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत शर्ते इस कार्यालय से प्राप्त कर निविदा फार्म जमा करने की निर्धारित तिथि एवं समय में इस कार्यालय में बंद लिफाफा के साथ जमा कर सकते है।

प्रथम निविदा मे वाहन के विक्रय दर से प्राप्त मूल्य विक्रय दर से प्राप्त मूल्य अवरोध मूल्य से कम तथा अधिक एवं शासकीय हित मे नही होने पर द्वितीय एवं तृतीय चक्र की निविदा नीचे दर्शित तिथि को आमंत्रित की जाती है

क्र.	विवरण	प्रथम निविदा की तिथि एवं समय सारणी	द्वितीय निविदा की तिथि एवं समय सारणी	तृतीय निविदा की तिथि एवं समय सारणी
1	निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि	दिनांक 15.06.2026 सायंकाल 05.00 बजे तक	दिनांक 07.07.2026 सायंकाल 05.00 बजे तक	दिनांक 20.07.2026 सायंकाल 05.00 बजे तक
2	निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक 16.06.2026 सायंकाल 02.00 बजे तक	दिनांक 08.07.2026 सायंकाल 02.00 बजे तक	दिनांक 21.07.2026 सायंकाल 02.00 बजे तक
3	निविदा खोले जाने की तिथि	दिनांक 16.06.2026 सायंकाल 03.00 बजे तक	दिनांक 08.07.2026 सायंकाल 03.00 बजे तक	दिनांक 21.07.2026 सायंकाल 03.00 बजे तक
4	निविदा खोले जाने का स्थान	कार्यालय वन मण्डलाधिकारी बस्तर वनमण्डल जगदलपुर	कार्यालय वन मण्डलाधिकारी बस्तर वनमण्डल जगदलपुर	कार्यालय वन मण्डलाधिकारी बस्तर वनमण्डल जगदलपुर

वन मंडलाधिकारी
बस्तर वन मंडल जगदलपुर
G-262700604/2

एफआईआर

सिविल इंजीनियर शिवांग चंद्राकर का अचानक से लापता होना परिवार को परेशान कर रहा था। लगातार पुलिस से लेकर कई नेता मंत्री तक गुहार लगाने परिजन पहुंचे थे, लेकिन हमेशा उन्हें निराशा ही मिलती रही। इस दौरान शिवांग के लापता होने के ठीक एक माह बाद 5 जनवरी 2021 को झरझरा पुल के पास चंदखुरी भाठा खेत में हार्वेस्टर के चक्के से बने गड्ढे में मानव खोपड़ी, घड़ी, कपड़ा, अन्य हड्डियां पुलिस को बरामद हुई।

खेत की खुदाई में मिला नर कंकाल

सिविल इंजीनियर के कातिलों तक पहुंचने पुलिस को 65 दिन लगे, 500 लोगों से पूछताछ और 200 कैमरे भी खंगाले

● भिलाई से जेएम तांडी

पुलिस ने तुरंत अवशेष को डीएनए के लिए भेज दिया। डीएनए रिपोर्ट आने के बाद पुलिस जांच की दिशा बदली। यहां मिले अवशेष शिवांग चंद्राकर के थे। फिर शुरु हुई पुलिस की खोजबीन। शिवांग की हत्या करने वालों को ट्रेस करने 6 टीमें तैयार हुई। 65 दिन लग गए खुलासे में इस बीच पुलिस ने 500 लोगों से पूछताछ, 200 से अधिक सीसी कैमरे खंगाले गए। तब जाकर पुलिस शिवांग हत्याकांड का पर्दाफाश कर पाई। इस मामले में गांव के पूर्व पंच और दो युवकों ने हत्या करना स्वीकार की। पुलिस ने बताया कि मृतक शिवांग चंद्राकर के भाई धर्मेश से विक्की का पूर्व में विवाद हो चुका था। इसके अलावा आरोपी अशोक देशमुख की रेगहा जमीन को लेकर शिवांग के परिजनों से विवाद हो चुका था। अशोक ने पंच चुनाव भी लड़ा और मामूली अंतर से उसे हार का मुंह देखना पड़ा था। आरोपी अपनी हार का कारण चंद्राकर परिवार को सोचता था। इसी के चलते अशोक ने प्लान तैयार कर तीनों दोस्त मिलकर सिविल इंजीनियर शिवांग की हत्या कर दी।

तत्कालीन आईजी ओपी पाल और एसएसपी बीएन मीणा ने बताया कि 6 दिसंबर 2021 की शाम 7.30 बजे शिवांग चंद्राकर अपने चंदखुरी स्थित फार्म हाउस से अचानक गायब हो गया था। घर से अपने फार्म हाउस जाने के लिए सुबह निकला था। देर शाम अपने घर जाने के लिए बाइक से निकला था, लेकिन रात होने के बाद भी शिवांग घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने घटना की रात आसपास, रिश्तेदारों के यहां भी शिवांग की खोजबीन शुरू की गई। लेकिन इसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने पर 7 दिसंबर को घटना की शिकायत पुलगांव पुलिस थाने में की गई। पुलिस हरकत में आते हुए टीम खोजबीन में जुट गई। पुलिस शिवांग के गांव केनालपारा चंदखुरी पहुची। जहां 15 दिन से भी अधिक समय तक पुलिस सिविल ड्रेस में तैनात होकर शिवांग के हत्यारे के बारे में जानकारी जुटाई। संदेह के आधार पर पुलिस ग्राम केनालपारा चंदखुरी निवासी पूर्व पंच अशोक देशमुख (31), विक्की उर्फ मोनू देशमुख (20), पुलगांव थाने का माली बसंत कुमार साहू (24) पर पैनी नजर लगाए हुई थी। इस दौरान विक्की ने गांव में किसी के पास शिवांग के अपहरण, हत्या की बात लीक कर दी।

लिफ्ट के बहाने शिवांग से मुलाकात

खुलासे में आईजी ओपी पाल ने बताया था कि शिवांग चंद्राकर की हत्या करने के लिए पहले ग्राम केनालपारा चंदखुरी निवासी पूर्व पंच अशोक देशमुख ने अपहरण कर उसकी हत्या करने की साजिश रच 30 लाख रुपए की फिरौती परिजनों से डिमांड करने प्लान तैयार किया था। उसके बाद शिवांग की गतिविधियों पर लगातार नजर लगाए हुए थे। 6 दिसंबर की शाम जब शिवांग अपने फार्म हाउस से शाम 7.30 बजे घर जाने के लिए निकल रहा था। अशोक ने उसे केनालपारा जाने का झांसा देकर लिफ्ट मांग कर उसके पीछे बैठ गया। शिवांग के दोनों हाथों को जोरदार अशोक ने पकड़ लिया। नहर नाला के पास पहले से केनालपारा चंदखुरी बसंत कुमार साहू, विक्की उर्फ मोनू पहले से इंतजार कर रहे थे। शिवांग की बाइक पहुंचते ही दोनों युवक दौड़ते हुए पहुचे और नायलॉन की रस्सी शिवांग के गले में डाल दी। रस्सी को जोरदार खींचने से शिवांग की मौत तुरंत हो गई। कुछ देर बाद सड़क पर बाइक आ रही थी, जिसे देख तीनों आरोपियों ने शिवांग के शव को लेकर नगर नाली के पास छिप गए। फिर अशोक ने घर से कार लाकर शव को डिक्की में डालकर झरझरा पुल के पास आरोपीगण पहुंच गए। जहां शिवांग के शव को हार्वेस्टर चक्के से बने गड्ढे में डाल कर मिट्टी पैरा पत्थर से ढक दिया और तीनों फरार हो गए।

डीएनए रिपोर्ट में हुआ खुलासा

पुलिस ने बताया कि पूरी घटना 8 दिसम्बर 2021 की देर रात की थी, जब फार्म हाउस से लौटने के दौरान युवा इंजीनियर शिवांग चंद्राकर गायब हो गया था। दुर्ग के ग्राम चंदखुरी के निकट शिवांग की बाइक लावारिस हालात में नदी रोड पर मिली थी। युवक 7 दिसम्बर की शाम फार्म हाउस से घर जाने के लिए निकला था, जो तक वापस नही लौटा था। पुलिस को नर कंकाल मिला था जो शिवांग का निकला। आसपास कोई भी लापता की शिकायत थाने में दर्ज नहीं हुई थी। जब डीएनए की रिपोर्ट आई तो पुलिस का संदेह सही साबित हुआ और कंकाल इंजीनियर शिवांग चंद्राकर की निकली।

पुरानी रंजिश के चलते हत्या

आरोपी अशोक देशमुख की पत्नी से पूछताछ के बाद अशोक का झूठ सामने आया। पुलिस की जांच में पता चला कि चंदखुरी के पूर्व पंच अशोक देशमुख की शिवांग के परिजनों से पुरानी रंजिश थी। पूछताछ में अशोक ने पुलिस को गुमराह करने बताया कि हत्या की रात वह घर पर ही था। छत पर बैठकर शराब पी रहा था। लेकिन जब पुलिस ने उसकी कॉल डिटेल खंगालना शुरू की, तब पता चला कि उनकी पत्नी का कॉल कई बार आया था। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए अशोक, बसंत, विक्की से पूछताछ की, तब पुरानी रंजिश को लेकर हत्या करना स्वीकार किया।

पुलिस की इस टीम ने किया था खुलासा

हाई प्रोफाइल शिवांग हत्याकांड को ट्रेस करने वाली टीम को पुरस्कार स्वरूप 30 हजार रुपए दिए जाने की घोषणा आईजी पाल ने की थी। टीम में तत्कालीन एसएसपी बीएन मीणा, एएसपी संजय कुमार ध्रुव, एएसपी ग्रामीण अनंत साहू, छावनी सीएसपी विश्वास चंद्राकर, सीएसपी भिलाई नगर आरके जोशी, दुर्ग सीएसपी जितेन्द्र यादव, डीएसपी अभिषेक झा, क्राइम डीएसपी नसर सिद्धकी, फॉरेंसिक विशेषज्ञ डॉक्टर मोहन पटेल, ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह, निरीक्षक नरेश पटेल, गौरव तिवारी, रक्षित निरीक्षक रमेश चन्द्रा, उप निरीक्षक डुलेश्वर सिंह चन्द्रवंशी, सउनि अजय सिंह, राधेलाल वर्मा, नरेन्द्र सिंह राजपूत, पूर्ण बहादुर, शमित मिश्रा, प्रधान आरक्षक संतोष मिश्रा,चन्द्रशेखर बंजीर, आरक्षक जावेद खान, प्रदीप सिंह, जगजीत सिंग, तिलेश्वर राठौर, धीरेन्द्र यादव, चित्रसेन साहू, केशव साहू, अलाउद्दीन, हीरामन साहू, लव पाण्डेय, मोह. शमीम खान, अनूप शर्मा, शाहबाज खान, पन्नेलाल, संतोष गुप्ता, जुगनू सिंह, उपेन्द्र यादव, पंकज चतुर्वेदी, शोभित सिंह शामिल थे।

भांजे ने सुपारी देकर फदहाखार के जंगल में कराई मामा की हत्या

● बिलासपुर से कृष्णा तम्बोली

जेल की सलाखों के पीछे रची खूनी साजिश

9 अप्रैल 2017 को वह घर से ड्यूटी जाने निकला और रात को घर नहीं लौटा। काफी वक्त बाद भी जब वह नहीं आया तो उसकी तथाकथित पत्नी उसे खोजने के लिए निकली। इसी दौरान उसे जानकारी हुई कि फदहाखार के जंगल में एक व्यक्ति की लाश पड़ी हुई मिली है। मौके पर जाकर देखने पर पता चला कि लाश लापता शंकर प्रसाद निर्मलकर की है। उसके सिर पर 3 गहरे छेद थे। सिर पर गोली मारकर हत्या की गई थी।

बिहार से बिलासपुर में आकर सुपरवाइजर की नौकरी जीवन यापन कर रहे व्यक्ति की सिरगिट्टी क्षेत्र की फदहाखार जंगल में लाश मिली। उसके सिर पर तीन जगह गहरे छेद के निशान थे। कड़ी मेहनत के बाद पुलिस को यूपी के बलिया जिले सेदो शूटर को पकड़ने में सफलता मिली। शूटरों से खुलासा हुआ बिहार के जेल में बंद खूंखार अपराधी भांजा ने 3 लाख रुपए की सुपारी देकर अपने मामा की हत्या कराई है। बिहार निवासी शंकर प्रसाद निर्मलकर पिता स्व. राम तपेश्वर निर्मलकर (43) पिछले 12 साल से बिहार में पत्नी-बच्चों को छोड़कर काम के तलाश में शहर आया। सिरगिट्टी अन्नपूर्णा कालोनी में किराए के मकान में रहकर सिक्युरिटी सुपरवाइजर का काम करने लगा। काम करने के दौरान उसकी पहचान राखी श्रीवास्तव से हुई और चार साल पहले उसे पत्नी बनाकर अपने पास रख लिया। 9 अप्रैल 2017 को वह घर से ड्यूटी जाने निकला और रात को घर नहीं लौटा। तथाकथित पत्नी राखी श्रीवास्तव खोजने निकली। इसी दौरान उसे जानकारी हुई कि फदहाखार के जंगल में एक व्यक्ति की लाश मिली है। मौके पर जाकर देखने पर पता चला कि लाश लापता शंकर प्रसाद निर्मलकर की है। उसके सिर पर 3 गहरे छेद थे। सिर पर गोली मारकर हत्या की गई थी। सूचना पर पुलिस व क्राइम ब्रांच टीम मौके पर पहुंची और अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जुट गई।

जांच में पता चला कि शूटर मिथलेश वर्ष 2004 में उत्तर प्रदेश रसड़ा नगर के नगर पालिका सभा सदस्य अनुप श्रीवास्तव के हत्याकांड व ठेकेदार शंकर अग्रवाल के बेटे अजय अग्रवाल के अपहरणकांड में बलिया जेल में सजा काट रहा है। वर्ष 2020 में उसकी सजा समाप्त होने वाली थी। वर्ष 2014 में एक मामले में वह बलिया से पेशी में लौटते समय पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। फरारी के दौरान पैसे की जरूरत पड़ने पर उसने सुपारी लेकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।

मोबाइल से खुला राज

मृतक की तथाकथित पत्नी राखी ने पुलिस को बताया कि शंकर का मोबाइल गायब है। इससे पुलिस का काम आसान हो गया। पुलिस ने पत्नी से नंबर लेकर मृतक का मोबाइल काल डिटेल निकाला। इसमें अंतिम बार काल करने वाले का लोकेशन यूपी बलिया में पाया गया। तत्कालीन एसपी आरिफ एच शेख के निर्देश पर क्राइम ब्रांच प्रभारी नसर सिद्दिकी बल के तकनीकी साक्ष्य के साथ यूपी बलिया के रवाना हुए। लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम ने बलिया में घेराबंदी कर शूटर मिथलेश को पकड़ लिया। उसने स्वीकार किया कि 3 लाख रुपए की सुपारी मिलने पर अपने साथी के साथ बिलासपुर जाकर शंकर प्रसाद की हत्या की थी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर रायपुर में दबिश देकर उसके एक साथी को पकड़कर दो देशी कट्टा, 5 जिंदा कारतूस बरामद कर लिया।

लंबे समय से चल रहा था जमीन विवाद

जांच में पुलिस को पता चला कि मृतक शंकर प्रसाद का भांजा हरीश पासवान मूलतः यूपी बलिया का रहने वाला है और वर्तमान में बिहार के जेल में बंद है। शूटर मिथलेश से उसकी जान पहचान थी। हरीश पासवान का अपने मामा से जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। हरीश ने जेल के अंदर से मोबाइल में मिथलेश से संपर्क कर बिलासपुर में अपने मामा की हत्या करने 3 लाख रुपए की सुपारी दी थी। शंकर की हत्या करने के बाद शूटर बलिया चले गए। शूटर मिथलेश ने हरीश को फोनकर इस हत्या की जानकारी दी। हरीश ने मिथलेश को 20 हजार रुपए दिए और शेष रकम 2 लाख 80 हजार रुपए एक दो दिन में देने की बात कही। सुपारी की रकम मिलने के पहले ही शूटर पुलिस के हत्थे चढ़कर सलाखों के पीछे पहुंच गए।

इस तरह दिया वारदात को अंजाम

घटना के 8 दिन पहले मिथलेश सिंह, विमलेश सिंह, बाबू पांडे सुपारी लेकर योजना बनाकर यूपी बलिया से बिलासपुर आए और शंकर से मुलाकात की। भांजा हरीश ने अपने मामा को मोबाइल पर दोस्तों के आने की जानकारी दी थी। इससे शंकर ने शूटरों को अपने घर में रख लिया। घटना के एक दिन पहले यूपी से शूटर का एक साथी कट्टा लेकर आया। उसके बाद वे रायपुर चले गए और अनुप तिवारी से बाइक लेकर आए। योजना के तहत उनका साथ बाबू पंडा पहले से फदहाखार में खड़ा था। शंकर सुपरवाइजरी का काम करने उसलापुर साइडिंग में काम पर जा रहा था, तभी मिथलेश, विमलेश, महाराणाप्रताप चौक में उससे मिले। दोनों ने मकान मिल जाने का झांसा देकर दिखाने की बात कहकर व्यापार विहार में उसकी एक्टिवा खड़ी कर अपने बाइक से फदहाखार लेकर गए। मौके पर पहुंचते ही चलती बाइक में पीछे बैठे मिथलेश ने शंकर के सिर पर कट्टा से गोली चला दी। उसके बाद विमलेश पैर को पकड़कर घसीटते हुए जंगल में लेकर गया और सिर पर दूसरी गोली दाग दी। लौटते समय बाबू पांडे ने सिर पर तीसरी गोली मारी। उसके बाद शूटर रायपुर पहुंचे और अनुप तिवारी को बाइक लौटाकर यूपी बलिया भाग गए।

● कोरबा से नागेन्द्र श्रीवास

आधी रात को गांव की सूनी दीवारें बोलती थीं... और उन पर लिखा होता था 'मैं कल्कि का अवतार हूं, अगला नंबर तुम्हारा है'। कोरबा के इस गांव में एक बुजुर्ग की हत्या के बाद हत्यारे ने दीवार से लेकर श्मशान तक संदेश लिखना शुरु किया कि पांच लोगों को एक एक एक कर मौत की नींद सुला दूंगा। पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया और कल्कि को पकड़ना पुलिस के लिए चुनौती बना गया। हर सुबह एक नई दीवार, एक नई धमकी, और गांव में पसरा रहा।

गांव में हत्या, दीवार से लेकर श्मशान तक लिखा फरमान, मैं कल्कि का अवतार हूं, सबको मारूंगा

हत्या के बाद गांव में हर रात नए नए संदेश से ग्रामीण रहते थे भयभीत

दहशत फैलना वाले को पकड़ने के लिए खाकी ने गांव में ही कैंप डाल दिया। 15 दिन की मशक्कत के बाद ढोंगी 'कल्कि' को उसके असली अवतार में ले आई, सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव पकरिया नवापारा निवासी रामसिंह कंवर (60) की 23-24 फरवरी 2025 की दरमियानी रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद वह गांव के अलग-अलग घरों की दीवारों में धमकी भरा यह संदेश लिख कर खुद को कलयुग का अवतार कल्कि बताते हुए पांच अन्य लोगों को एक एक कर मौत की नींद सुलाने की धमकी देता रहा। हत्या की वारदात और दीवारों पर लिखे मैसेज से पूरे गांव में दहशत थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए मामले की तहकीकत शुरू की। जिसके बाद जांजगीर चांपा जिले के सिवनी गांव निवासी विकास यादव को गिरफ्तार कर लिया। जिसने रामसिंह की हत्या की थी और अपने आप को बचाने के लिए और पुलिस को गुमराह करने के लिए कल्कि का अवतार बताते हुए यह खेल रचा था। हत्यारे विकास यादव ने हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस को गुमराह करने गांव में दीवारों पर खुद को कल्कि का अवतार बताकर और कुछ ग्रामीणों की हत्या करने संबंधी संदेश लिख दिया।

त्रिकोणीय प्रेम के चक्कर में हुई थी हत्या

घटना को अंजाम देने वाला विकास को संदेह था कि पकरिया में रहने वाली उसकी महिला प्रेमिका का अवैध संबंध मृतक रामसिंह के पुत्र जगदीश के साथ था। इसी बात को लेकर वह जगदीश के प्रति रोष रखता था और उसने जगदीश की हत्या करने की साजिश रची और वारदात को अंजाम देने 23 - 24 फरवरी 2025 की रात को जगदीश के घर जा पहुंचा, जब जगदीश घर पर नहीं मिला तो उसने घर के बाहर सो रहे जगदीश के पिता रामसिंह पर ही हथियार से हमला कर दिया और वहां से भाग निकला। रामसिंह को परिजनों ने गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल दाखिल कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

तीस से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों ने गांव में डाला डेरा

इस हत्या की वारदात को सुलझाने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे थे। उन्होंने 30 से अधिक पुलिस अधिकारी कर्मचारी की एक टीम बनाई थी। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर, क्राइम एवं यातायात तत्कालीन प्रभारी रविन्द्र कुमार मीना, तत्कालीन कोरबा सीएसपी भूषण एक्का, सहित अन्य अधिकारी पुलिसकर्मी शामिल थे।

अब 'पानी' से चलेगी मारुति सुजुकी की स्विफ्ट, कंपनी लाई अनोखी टेक्नालॉजी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुजुकी मोटर कारपोरेशन और मोबिलिटी टेक्नोलॉजी कंपनी एवीएल ने 2026 वियना मोटर सिम्पोजियम में सुजुकी स्विफ्ट को हाइड्रोजन इंजन के साथ टेक्नोलॉजी डेमॉन्स्ट्रेटर के रूप में पेश किया है। ग्लोबल लेवल के साथ इंडियन मार्केट में पॉपुलर हैचबैक स्विफ्ट अब नए एनर्जी सोर्स के साथ मार्केट में एंट्री मार सकती है।

- वियना मोटर सिम्पोजियम 2026 में प्रदर्शित किया गया कार का प्रारूप

पारंपरिक हाइड्रोजन व्हीकल फ्यूल सेल तकनीक पर चलते हैं, जहां हाइड्रोजन को बिजली में बदलकर मोटर चलाई जाती है। लेकिन इस नए प्रोटोटाइप में हाइड्रोजन को सीधे इंजन में जलाकर पावर जनरेट की जा रही है। सुजुकी-बेस्ड 1.4 लीटर 4-सिलेंडर हाइड्रोजन डीआई इंजन में एवीएल की नई हाइड्रोजन डीआई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हुआ है।

सुजुकी मोटर और मोबिलिटी टेक्नोलॉजी एवीएल ने पेश किया हाइड्रोजन इंजन

इंडिया लांच?

भारत में मारुति सुजुकी स्विफ्ट पहले से ही बेस्टसेलर है। केंद्र सरकार और नितिन गडकरी हाइड्रोजन जैसे ग्रीन फ्यूल्स को बढ़ावा दे रहे हैं। कोच्चि एयरपोर्ट पर हाइड्रोजन स्टेशन पहले से चल रहा है। अगर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप हुआ तो ये हाइड्रोजन स्विफ्ट भारत में लांच हो सकती है। ये पेट्रोल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक विकल्पों के बीच सस्टेनेबल चॉइस साबित हो सकती है।

फ्यूल एफिसियंसी : फ्यूल एफिशिएंसी की बात करें, तो हाइड्रोजन इंजन जीरो कार्बन एमिशन के साथ बेहतरीन एफिशियंसी देता है। टेल पाइप से केवल पानी निकलता है, जिससे ये ग्रीन फ्यूल का बेहतरीन विकल्प है।

फीचर्स

फीचर्स में वायरलेस चार्जिंग, स्टीयरिंग माउंटेड कंट्रोल्स, अच्छा साउंड सिस्टम और मल्टी-मोड ड्राइविंग ऑप्शन शामिल हैं। सेफ्टी के मामले में स्विफ्ट हमेशा से मजबूत रही है। अपेक्षित फीचर्स में मल्टीपल एयरबैग्स, एबीएस, ईबीडी, स्टेबिलिटी कंट्रोल, रियर पार्किंग सेंसर्स और संभावित एडास सिस्टम्स शामिल हो सकते हैं। हाइड्रोजन वर्जन में भी सेफ्टी स्टैंडर्ड्स को ऊपर रखा गया है, खासकर हाइड्रोजन स्टोरेज टैंक्स को सेफ रखा गया है।

इंजन और परफॉरमेंस

ये इंजन लीन और स्टॉइकियोमेट्रिक (लेम्बदा=1) दोनों मोड में चल सकता है। कूल्ड ईजीआर के जरिए स्टॉइकियोमेट्रिक मोड में बेहतर परफॉर्मेंस मिलती है। ये पावरट्रेन लगभग 100 किलोवॉट (करीब 135 एचपी) पावर और 220 एनएम टॉर्क प्रोड्यूस करने में सक्षम है। ये तकनीक हाइड्रोजन इंजन की आम समस्याओं जैसे अनस्टेबल कंबर्शन को हल करती है और हाई पावर डेंसिटी, स्टेबल ऑपरेशन और स्केलेबल समाधान प्रदान करती है। ड्राइवेबिलिटी और एमिशन को पूरी तरह कैलिब्रेट किया गया है, जो इसे प्रोडक्शन के लिए तैयार किया गया है।

डिजाइन और फीचर्स

स्विफ्ट का डिजाइन आकर्षक और स्पोर्टी बना हुआ है। कॉम्पैक्ट हैचबैक बॉडी में शार्प लाइन्स, बोल्ड फ्रंट ग्रिल और मॉडर्न एलईडी लाइटिंग के साथ ये युवा खरीदारों को आकर्षित करती है। इंटीरियर प्रीमियम और ड्राइवर-फोकस्ड है। बेहतर मैटेरियल, सॉफ्ट-टच डैशबोर्ड, मॉडर्न डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम के साथ एप्पल कारप्ले/एंड्रॉइड ऑटो कनेक्टिविटी उपलब्ध है। केबिन स्पेशियस और आरामदायक है, जो डेली कम्यूटिंग के लिए परफेक्ट है।

खबर संक्षेप

बीएसई का चौथी तिमाही में मुनाफा 61% बढ़ाकर

नई दिल्ली। शेयर बाजार बीएसई लि. का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 61 प्रतिशत बढ़कर बढ़कर 795.47 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 493.67 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। मार्च के दौरान कुल राजस्व बढ़कर 1,630 करोड़ रुपये हो गया।

करूर वैश्य बैंक के लाभ में 41 फीसदी का इजाफा

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक का शुद्ध लाभ मार्च 2026 का समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर 41 प्रतिशत बढ़कर 725 करोड़ रुपये रहा। बैंक को पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में 513.36 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में कुल आय बढ़कर 3,519.45 करोड़ रुपये हो गई।

वी-मार्ट रिटेल के मुनाफे में 39 फीसदी की गिरावट

नई दिल्ली। वी-मार्ट रिटेल लिमिटेड का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में 39 प्रतिशत घटकर11.28 करोड़ रुपये रहा। वी-मार्ट ने सूचना में कहा कि उसने वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 18.51 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। मार्च तिमाही में परिचालन राजस्व 24.5 प्रतिशत बढ़कर 970.89 करोड़ रुपये रहा।

स्विगी का घाटा कम होकर 800 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। ऑनलाइन खाना मंगाने की सुविधा देने वाली कंपनी स्विगी का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा कम होकर 800 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को 2024-25 की इसी तिमाही में 1,081 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी की परिचालन आय करीब 45 प्रतिशत बढ़कर 6,383 करोड़ रुपये हो गई।

विशेषज्ञों का कहना, विश्वसनीय व्यापार ढांचा विकसित होने का इंतजार करे

ट्रंप को अदालतों से झटके, धीमी पड़ सकती है भारत के साथ बीटीए वार्ता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अदालतों में लगातार झटके मिलने से अमेरिकी शुल्क व्यवस्था को लेकर अनिश्चितता और बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर आगे बढ़ने से पहले भारत को अमेरिका द्वारा अधिक स्थिर एवं कानूनी रूप से विश्वसनीय व्यापार ढांचा विकसित करने का इंतजार करना चाहिए।

विशेषज्ञों ने कहा कि यह फैसला इस बात की ओर ध्यान आकर्षित करता है कि ट्रंप के वैश्विक शुल्क विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों का उल्लंघन करते थे। अमेरिकी अदालतों द्वारा इन्हें निरस्त किया जाना बहुपक्षीय व्यापार मानकों के लिए सकारात्मक संकेत है।

व्हाइट हाउस ने शुल्क को खारिज कर दिया

अमेरिका की एक संघीय अदालत ने देश के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' को एक और झटका देते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क को ''अवैध'' और ''कानून द्वारा अनधिकृत'' करार देते हुए खारिज कर दिया है।

24 फरवरी से 150 दिन के लिए लगाए थे

ट्रंप द्वारा पहले लगाए गए व्यापक शुल्कों को खारिज करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अमेरिकी प्रशासन ने 24 फरवरी को भारत सहित सभी देशों पर 150 दिन के लिए नए शुल्क लगाए गए थे। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय आपात आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आईईईपीए) शुल्क लगाने की अनुमति नहीं देता।

मलेशिया पहले ही समझौते से पीछे हट चुका

श्रीवास्तव ने कहा ''अमेरिकी शुल्कों को लेकर कानूनी अनिश्चितता का असर व्यापार वार्ताओं पर भी पड़ रहा है। मलेशिया पहले ही अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से पीछे हट चुका है जबकि कई अन्य देश भी अपने समझौतों पर पुनर्विचार कर रहे हैं।''

वैश्विक शुल्क नियमों का उल्लघंनः चिंतन रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के पूर्व निदेशक शिशिर प्रियदर्शी ने कहा कि संघीय अदालत का फैसला यह स्पष्ट करता है कि ट्रंप के वैश्विक शुल्क डब्ल्यूटीओ नियमों का उल्लंघन करते हैं।

- ट्रंप के वैश्विक शुल्क डब्ल्यूटीओ के नियमों का उल्लघंन करते हैं
- अमेरिकी अदालत द्वारा इसे निरस्त किया जाना सकारात्मक संकेत
- ट्रंप द्वारा लगाए 10 प्रतिशत शुल्क को भी अदालत ने अवैध बताया

तरजीह राष्ट्र के लिए भी शुल्क कम करने तैयार नहीं अमेरिका

श्रीवास्तव ने कहा, '' फिलहाल अमेरिका अपने 'सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र' (एमएफएन) के लिए भी शुल्क कम करने को तैयार नहीं है, जबकि वह भारत से अधिकतर क्षेत्रों में अपने एमएफएन शुल्क कम या समाप्त करने की अपेक्षा कर रहा है। भारत के स्थायी बाजार पहुंच में रियायतें देने और बदले में उसे कोई ठोस शुल्क लाभ न मिलने से व्यापार समझौता एकतरफा हो सकता है।''

अमेरिका बचने के नये रास्ते तलाश सकता है

प्रियदर्शी ने कहा, '' हालांकि फैसले पर अमल फिलहाल रोका गया है इसलिए अनिश्चितता बनी हुई है। हमें सतर्क रहना होगा क्योंकि अमेरिका इस फैसले से बचने के नए रास्ते तलाश सकता है।'' ये शुल्क 20 फरवरी को लागू होने के 50 दिन से भी कम समय में निरस्त कर दिए गए। जीटीआरआई के अनुसार, यह निर्णय फिलहाल केवल उन पक्षों पर लागू होता है जिन्होंने मामला दायर किया था।

सार्वजनिक पेट्रोलियम कंपनियों को 30 हजार करोड़ का नुकसान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है
- कच्चे माल की लागत में कई चरणों में 50 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी

पश्चिम एशिया में तनाव के कारण कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को मध्य मार्च से अब तक लगभग 30,000 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों-इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल ने इस संकट के दौरान भी पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखी, जबकि कच्चे माल की लागत में कई चरणों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो चुकी है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल एवं गैस की आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता बने रहने से वैश्विक कच्चे तेल बाजार में भारी उतार-चढ़ाव आया। इस दौरान ब्रेंट क्रूड की कीमतों में भी तेज वृद्धि दर्ज की गई। इसके बावजूद भारत में 28 फरवरी के बाद से खुदरा ईंधन कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया। मामले से परिचित सूत्रों ने कहा कि अप्रैल में पेट्रोल पर प्रति लीटर लगभग 18 रुपये और डीजल पर लगभग 25 रुपये प्रति लीटर का नुकसान दर्ज किया गया।

तनाव थमने की उम्मीद से 100 डॉलर प्रति बैरल आ चुका

हालत यह हो गई कि ब्रेंट क्रूड की कीमतें कुछ समय के लिए लगभग 144 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। हालांकि तनाव थमने की उम्मीद से अब यह नरम होकर 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ चुका है।

एनटीपीसी ने एमसीडी में किया 26 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की संयुक्त उद्यम कंपनी एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। इसके साथ ही एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (एनईडब्ल्यूएस) एनटीपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बन गई है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में बिजली क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने कहा कि फिलहाल उसके पास एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड में 74 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

''एनटीपीसी ने दिल्ली नगर निगम और एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ 11 जून, 2019 के संयुक्त उद्यम समझौते को समाप्त करने और एमसीडी की एनईडब्ल्यूएस में 26 प्रतिशत शेयरधारिता (52,000 इक्विटी शेयर) के अधिग्रहण के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एनटीपीसी बोर्ड और एमसीडी के हाउस ऑफ कॉरपोरेशन ने एनटीपीसी द्वारा एनईडब्ल्यूएस में एमसीडी की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी की खरीद को मंजूरी दे दी है।

- एनईडब्ल्यूएस अब पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी बन गई

बिजली उत्पादन का कारोबार करती है

एनईडब्ल्यूएस का एक जून, 2020 को एनटीपीसी और एमसीडी (पूर्ववर्ती ईडीएमसी) के संयुक्त उद्यम कंपनी के रूप में गठित किया गया था। इसमें एनटीपीसी की 74 प्रतिशत और एमसीडी की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। इसका पंजीकृत कार्यालय दिल्ली में है और यह अपशिष्ट प्रबंधन और बिजली उत्पादन का कारोबार करती है।

- पश्चिम एशिया तनाव से निवेशकों की धारणों कमजोर पड़ी
- शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की बिक्री जारी रही

शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 516 अंक फिसला

एजेंसी ⏭ मुंबई

पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स करीब 516 अंक टूटकर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 150 अंक की गिरावट आई। विश्लेषकों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव के कारण ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ने से बाजार में जोखिम से बचने का रुझान देखा गया। विदेशी निवेशकों की बिकवाली और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख ने भी गिरावट को बढ़ाया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 516.33 अंक गिरकर 77,328.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 698.09 अंक तक लुढ़क गया था। वहीं निफ्टी 150.50 अंक यानी 0.62 प्रतिशत गिरकर 24,176.15 अंक पर आ गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयर में मार्च तिमाही नतीजों के बाद 6.62 प्रतिशत की गिरावट आई।

संघर्ष विराम की उम्मीद कमजोर, की मुनाफावसूली : जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /''अमेरिका -ईरान के बीच ताजा सैन्य कार्रवाई से संघर्षविराम की उम्मीदें कमजोर पड़ीं, जिससे निवेशकों ने मुनाफावसूली की और जोखिम से बचने की कोशिश की। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतें करीब 100 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर रहने और अमेरिका के 10-वर्षीय बॉन्ड प्रतिफल में नरमी से व्यापक धारणा और रुपये को कुछ समर्थन मिला।/''

इमामी 321 करोड़ में इंकनट डिजिटल में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी

कोलकाता। रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली प्रमुख कंपनी इमामी लिमिटेड ने कहा कि वह सौंदर्य और व्यक्तिगत देखरेख खंड में अपनी मौजूदगी को मज़बूत करने के लिए 321 करोड़ रुपये में हैदराबाद की इंकनट डिजिटल प्रा लि में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। कोलकाता की इस कंपनी ने बयान में कहा कि इस सौदे में 24 महीनों में प्रदर्शन से जुड़े बदलाव भी शामिल हैं। कंपनी ने कहा, ''इमामी ने इंकनट डिजिटल प्रा लि और उसकी अनुषंगी कंपनियों और सहयोगियों में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए एक पक्का समझौता किया है।

एसबीआई का मुनाफा 6% बढ़कर 19,684 करोड़ रुपए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकल आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 19,684 करोड़ रुपये रहा।

बैंक ने शुक्रवार को कहा कि फंसे कर्ज में सुधार होने से लाभ में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई। देश के सबसे बड़े बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 18,643 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की कुल आय घटकर 1,40,412 करोड़ रुपये रह गई, जो 2024-25 पहले समान तिमाही में 1,43,876 करोड़ रुपये थी। चौथी तिमाही के दौरान बैंक की ब्याज आय बढ़कर 1,23,098 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 की समान तिमाही में 1,19,666 करोड़ रुपये थी। बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता में भी सुधार हुआ। सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में कुल कर्ज का 1.49 प्रतिशत रह गईं, जो 2024-25 की समान तिमाही के अंत में 1.82 प्रतिशत थीं। इसी तरह, शुद्ध एनपीए घटकर 0.39 प्रतिशत रह गया, जो एक साल पहले 0.47 प्रतिशत था।

- फंसे कर्ज में सुधार होने से लाभ में बढ़ोतरी
- बैंक की कुल आय घटकर 1,40,412 करोड़ रुपए

बिजनेस साइट

मदर्स डे पर रक्तदान का संदेश, एटी ज्वैलर्स में 10 मई को विशाल शिविर

रायपुर। मदर्स डे के अवसर पर मानव सेवा और सामाजिक सरोकार को केंद्र में रखते हुए अनोपचंद तिलोकचंद ज्वैलर्स प्रा. लि. एवं शिवनाथ ब्लड बैंक रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 10 मई को विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन सुबह 10:30 बजे से शाम 3 बजे तक ए.टी. पैलेस, कोतवाली चौक स्थित संस्थान परिसर में किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद मरीजों के लिए समय पर रक्त उपलब्ध कराना है। संस्थान के चेयरमैन एवं समाजसेवी तिलोकचंद बरड़िया ने कहा कि मदर्स डे जीवन और ममता का प्रतीक है, ऐसे में रक्तदान के माध्यम से किसी को नया जीवन देना सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल दान नहीं, बल्कि मानवता के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है।

टाटा एआईजी ने छत्तीसगढ़ में मजबूत की एमएसएमई जोखिम सुरक्षा



रायपुर। भारत की एक अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनी, टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए कमर कस ली है। रायपुर, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर और दुर्ग जैसे प्रमुख औद्योगिक केंद्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, छत्तीसगढ़ के एमएसएमई क्षेत्र के लिए जोखिम सुरक्षा को मज़बूत करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। छत्तीसगढ़ में एमएसएमई क्षेत्र का तेज़ी से विस्तार हुआ है; यहाँ एग्री-स्टोरेज इकाइयों, राइस मिलों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे विविध क्षेत्रों में करीब 13.5 लाख उद्यम मौजूद हैं। इसी आर्थिक प्रगति का परिणाम है कि राज्य में अब जीएसटी करदाताओं की संख्या 1.5 लाख के आंकड़े को छू रही है। टाटा एआईजी ने छत्तीसगढ़ में 8,500 से अधिक एसएमई पॉलिसियां जारी की हैं, जिसमें पिछले वर्ष 25% से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस के हेड-एमएसएमई प्रोडक्ट्स, प्रणय शाह ने कहाः "भारत की एमएसएमई विकास यात्रा में छत्तीसगढ़ की भूमिका महत्वपूर्ण है। हमारा ध्यान राज्य के उद्यमों के बदलते जोखिमों को समझने और उन्हें भरोसेमंद व सुलभ बीमा समाधान प्रदान करने पर है।

डील की खबर से 70 मिनट पहले हो गया करोड़ों डॉलर का खेल

अमेरिका-ईरान जंग से शेयर बाजार में मुनाफा कौन कमा रहा?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

क्या अमेरिका- ईरान की जंग को कुछ ऐसे लोग मुनाफा कमाने का जरिया बना रहे हैं जिन्हें इससे जुड़ी अंदरूनी जानकारी है? जंग शुरू होने के बाद से यह सवाल उठ रहे हैं और इसके केंद्र में डोनाल्ड ट्रंप सरकार में शामिल लोगों को रखा जा रहा है।

- इसके केंद्र में डोनाल्ड ट्रंप सरकार में शामिल लोगों को रखा जा रहा

अब एक और ऐसी खबर आई है जिसने सबको चौंका दिया है, शक को और गहरा कर दिया है। 70 मिनट में शेयर मार्केट में ऐसा खेल किया गया है जिससे करोड़ों रुपए बनाए गए हैं, जंग की इनसाइडर ट्रेडिंग का आरोप लगने लगा है। वैश्विक और अमेरिका शेयर बाजार में यह बड़े पैमाने पर देखने में आ रहा।

क्या है पूरा मामला

ग्लोबल कैपिटल मार्केट पर खुद को उद्योग जगत के टॉप के कमेंटेटर बताने वाले कोबेसी लेटर ने यह जानकारी सामने लाई है। कोबेसी लेटर ने अपने आधिकारिक X हैंडल पर एक पोस्ट में बताया कि 6 मई की सुबह 3:40 बजे (ईटी समय) करीब 10,000 क्रूड ऑयल "शॉर्ट" कॉन्ट्रैक्ट खरीदे गए थे। "शॉर्ट" का मतलब होता है कि ट्रेडर दांव लगाता है कि तेल की कीमत नीचे जाएगी। इन सौदों की कुल कीमत लगभग 920 मिलियन डॉलर यानी करीब 7,600 करोड़ रुपए थी। इतनी बड़ी ट्रेडिंग उस समय होना बेहद असामान्य माना जा रहा है, क्योंकि उस वक्त ऐसी कोई बड़ी खबर नहीं आई थी जो संकेत देती हो कि तेल की कीमत नीचे जाने वाली है।

शार्ट करने वाले लोगों को 1000 करोड़ रुपए का हुआ फायदा

और फिर 70 मिनट बाद सुबह 4:50 बजे अमेरिकी मीडिया प्लेटफॉर्म एक्जिओस की रिपोर्ट आई कि अमेरिका और ईरान युद्ध खत्म करने के लिए 14 बिंदुओं वाले समझौते के करीब हैं। इस खबर के बाद सुबह 7 बजे तक तेल की कीमतें 12% से ज्यादा गिर गईं। खबर आने से पहले ही शॉर्ट करने वाले लोगों को लगभग 125 मिलियन डॉलर यानी करीब 1,000 करोड़ रुपए का फायदा हुआ।

सुबह करोड़ों डॉलर का दांव लगाया जाता है

अचानक सुबह-सुबह करोड़ों डॉलर का दांव लगाया जाता है... सिर्फ 70 मिनट बाद अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध खत्म करने वाली संभावित डील की खबर सामने आती है और तेल की कीमतें तेजी से गिर जाती है... इससे पहले दांव लगाने वालों को भारी मुनाफा होता है... लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। कुछ ही मिनटों बाद ईरान ने बड़ा कदम उठाया और तेल की कीमतें फिर तेजी से ऊपर चली गईं। अब सवाल उठ रहा है -क्या किसी को पहले से खबर थी, या यह सिर्फ संयोग था?

कुछ ही मिनट बाद ईरान की खबर से तेल की कीमतें बढ़ गई

लेकिन कुछ ही मिनट बाद ईरान ने "पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी" लांच कर दी। इसके बाद तेल की कीमतें अचानक 8% ऊपर चढ़ गईं। अब सोशल मीडिया और बाजार में सवाल उठ रहे हैं कि क्या किसी को डील की खबर पहले से पता थी? या फिर यह सिर्फ एक संयोग था?

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
हैदराबाद	11	7	4	14
पंजाब	10	6	3	13
बेंगलुरु	10	6	4	12
राजस्थान	10	6	4	12
गुजरात	10	6	4	12
चेन्नई	10	5	5	10
कोलकाता	10	4	5	9
दिल्ली	11	4	7	8
मुंबई	10	3	7	6
लखनऊ	10	3	7	6

ऑरेंज कैप

हेनरिक क्लासेन
494 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप

भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

थामस कप में कांस्य पदक जीतने के बाद जनता की फीकी प्रतिक्रिया पर कहा

बस चाहता हूं सभी खेलों की सफलता का जश्न मनाएं : सात्विक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि थॉमस कप में भारतीय टीम द्वारा कांस्य पदक जीतने के बाद जनता की फीकी प्रतिक्रिया पर की गई उनकी हालिया टिप्पणी का उद्देश्य 'पैसे या भव्य स्वागत' की मांग करना नहीं था, बल्कि लोगों से सभी खेलों में 'हर छोटी-बड़ी जीत का जश्न मनाने' की अपील करना था। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग शेट्टी की जोड़ी हाल ही में डेनमार्क में आयोजित थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी। सात्विक ने हालांकि स्वदेश लौटने पर सोशल मीडिया पर उनकी उपलब्धि को अपेक्षित पहचान न मिलने को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त की थीं।

मेरे शब्द व्यक्तिगत प्रसिद्धि पाने नहीं

सात्विक ने लिखा, ''पिछले कुछ दिनों में थॉमस कप कांस्य पदक को लेकर मेरी टिप्पणियों पर काफी ध्यान दिया गया। मैं लोगों के समर्थन और प्रोत्साहन के लिए आभारी हूं, लेकिन मैं अपने इरादे को स्पष्ट करना चाहता हूं क्योंकि कई लोग मूल मुद्दे से भटकते नजर आ रहे हैं।'उन्होंने लिखा, ''मेरे शब्द व्यक्तिगत प्रसिद्धि पाने या किसी और की उपलब्धियों का श्रेय कम करने की भावना से नहीं आए थे।

सात्विक ने सोशल मीडिया पर अपनी पीढ़ा साझा की

डेनमार्क से वापस आने के बाद सात्विक ने लिखा था, ''अब घर वापस आ गया हूं। हमेशा की तरह, पिछले दो सप्ताहों में क्या हुआ, यह किसी को पता नहीं है और ऐसा लगता है कि किसी को वास्तव में इसकी परवाह भी नहीं है।''इस 25 साल के खिलाड़ी ने शुक्रवार को अपने विचारों को और स्पष्ट करने के लिए एक और सोशल मीडिया पोस्ट साझा किया।

देश हमारे प्रयासों को महसूस करे, जुनून का समर्थन दें

सात्विक ने कहा, ''हमें न पैसे चाहिए, न भव्य परेड; हम सिर्फ इतना चाहते हैं कि हमारा देश हमें देखे और हमारे प्रयासों को महसूस करे। चलिए हम सभी खेलों को समान उत्साह और जुनून के साथ समर्थन दें।'' उनकी भावनाओं का समर्थन उनके जोड़ीदार चिराग ने भी किया। चिराग ने देश के खेल प्रेमियों से अपील की कि वे हर उस खिलाड़ी का सम्मान करें जो भारत की जर्सी पहनकर देश का प्रतिनिधित्व करता है।

देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी का मैं सम्मान करता हूं

मैं हर उस खिलाड़ी का बेहद सम्मान करता हूं जो किसी भी खेल में भारत का नाम रोशन करता है।'' सात्विक ने कहा, ''मेरा संदेश केवल इतना था कि हमें ऐसी संस्कृति विकसित करनी चाहिए, जहां हर छोटी या बड़ी जीत का उत्साहपूर्वक से जश्न मनाया जाए।'' उन्होंने कहा कि थॉमस कप जैसे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन खिलाड़ियों के वर्षों के त्याग और कठिन मेहनत का परिणाम होता है और जब ऐसी उपलब्धियों पर 'चुप्पी छा जाती' है तो यह 'बेहद निराशाजनक' लगता है।

भविष्य के खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक होता है

सात्विक ने लिखा, ''चाहे वह विश्व कप का पदक हो या थॉमस कप जैसे वैश्विक टूर्नामेंट में पोडियम फिनिश, ये पल वर्षों की मेहनत और बलिदान का प्रतिनिधित्व करते हैं।'' इस खिलाड़ी ने कहा, ''जब ऐसी उपलब्धियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो यह सिर्फ हमारे लिए ही नहीं बल्कि भविष्य के खिलाड़ियों के लिए भी निराशाजनक होता है, जो हमें देखकर प्रेरणा लेते हैं।''

- कोलकाता के एलेन ने 47 गेंद में आक्रामक नाबाद शतक ठोका
- अनुभवी स्पिनर नारायण ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया
- केकेआर दस मैचों में नौ अंक लेकर सातवें स्थान पर पहुंच गई

करो या मरो के मुकाबले में दिल्ली को आठ विकेट से हराया

एलेन का शतक, केकेआर ने दिल्ली को पराजित कर उम्मीदें कायम रखी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिन एलेन के 47 गेंद में नाबाद शतक और अनुभवी स्पिनर सुनील नारायण की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल में 'करो या मरो' के मुकाबले में शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर प्लेआफ की उम्मीदें कायम रखी है ।

पहले गेंदबाजी करते हुए केकेआर ने दिल्ली को आठ विकेट पर 142 रन पर रोक दिया था । जवाब में जीत का लक्ष्य 14.2 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया जिसमें 'इंपैक्ट सब ' एलेन ने 47 गेंद में पांच चौकों और दस छक्कों की मदद से नाबाद 100 रन बनाये । एलेन ने मुकेश कुमार को छक्का लगाकर तिहरे अंक को छुआ और टीम को जीत भी दिलाई ।

दिल्ली प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर

इस जीत के बाद केकेआर दस मैचों में नौ अंक लेकर सातवें स्थान पर पहुंच गई है जबकि दिल्ली 11 मैचों में आठ अंक लेकर आठवें स्थान पर है और प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर है ।



दिल्ली के बल्लेबाजों ने फिर निराश किया

पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई दिल्ली के बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया और पाथुम निसांका (29 गेंद में 50 रन) तथा सातवें नंबर पर उतरे आशुतोष शर्मा (28 गेंद में 39) को छोड़कर कोई टिककर नहीं खेल सका । बीच के ओवरों में एक बार छह ओवर से अधिक कोई बाउंड्री नहीं लगी और आखिरी ओवर में भी तीन ही रन बने ।

नारायण ने चार ओवर में 17 रन दिए

केकेआर के लिये नारायण ने चार ओवर में 17 रन देकर एक विकेट लिया । वरूण चक्रवर्ती ने चार ओवर में 28 रन दिये जबकि अनुकूल रॉय ने 31 रन देकर दो विकेट चटकाये । तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी ने चार ओवर में 25 रन देकर दो विकेट लिये । केकेआर की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही और तीसरे ओवर में कप्तान अजिंक्य रहाणे दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से रन आउट हो गए । मिचेल स्टार्क की इनस्विंग यॉर्कर पर एलेन ने स्ट्रेट शॉट खेला और गेंदबाज के हाथ से टकराकर गेंद स्टम्प पर चली गई जब रहाणे क्रीज से बाहर थे । अगले ओवर में अंगकृष रघुवंशी को अक्षर पटेल ने बोल्ड कर दिया ।

पाटिल ने 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण जीता

भोपाल। महाराष्ट्र के रुद्रांक्ष पाटिल ने हरियाणा के रोहित कन्यान की कड़ी चुनौती को पार करते हुए शुक्रवार को यहां कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र के इस युवा निशानेबाज ने फाइनल में 252.9 का स्कोर करके शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि कन्यान ने 251.9 के साथ रजत पदक जीता। पश्चिम बंगाल के बैदुरिया बिस्वास को 230.8 से कांस्य पदक मिला। पश्चिम बंगाल के अश्मित चटर्जी ने 251.0 के स्कोर के साथ जूनियर पुरुष वर्ग का खिताब जीता जबकि उत्तर प्रदेश के पीयूष शर्मा ने 250.5 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। हरियाणा के रोहित कन्यान ने 229.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। पश्चिम बंगाल के अभिनव साव ने 254.4 के स्कोर के साथ युवा वर्ग का खिताब जीता और हरियाणा के प्रियांशु (249.7) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया।

राजस्थान से आगे निकलने की कोशिश में गुजरात टाइटंस

एजेंसी ▶▶ जयपुर

आत्मविश्वास से ओतप्रोत गुजरात टाइटन्स शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखकर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगा। राजस्थान रॉयल्स और गुजरात की टीम की स्थिति लगभग समान है।

इन दोनों ने अब तक 10 मैचों में छह जीत और चार हार दर्ज की हैं। रॉयल्स बेहतर नेट रन रेट (0.510) के कारण गुजरात से आगे है। गुजरात टाइटन्स ने हालांकि लगातार तीन जीत हासिल की हैं और वह शीर्ष चार में जगह बनाने की कोशिश कर रहा है।

रॉयल्स पिछले 5 मैचों में 3 में हारा

रॉयल्स को अपने पिछले पांच मैचों में से तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा है। रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में कप्तान रियान पराग के 90 रन की मदद से छह विकेट पर 225 रन बनाए थे लेकिन उसके गेंदबाज इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाए थे। यह लगातार दूसरा मौका था जब रॉयल्स 220 से अधिक के स्कोर का बचाव नहीं कर पाया।

राजस्थान की बल्लेबाजी मजबूत

राजस्थान रॉयल्स हालांकि वैभव सूर्यवंशी (404 रन), यशस्वी जायसवाल (312) और यहां तक कि ध्रुव जुरेल (290) जैसे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के कारण काफी मजबूत है, लेकिन उसका मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालयः आईसीआईसीआई बैंक टॉवर, चकली सर्कल के पास, ओल्ड पाद्रा रोड, वडोदरा–390007
कॉर्पोरेट कार्यालयः आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई – 400051

स्वर्ण की नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे बताए गए उधारकर्ता(ओं) को आईसीआईसीआई बैंक लि. की ओर से, सोने के गहनों के बदले लिए गए ऋण की बकाया राशि चुकाने के लिए एक नोटिस जारी किया गया था। बकाया राशि का भुगतान न कर पाने के कारण, गिरवी रखे गए सोने के गहनों की नीलामी 08 जून को की जाएगी। यदि उधारकर्ता की मृत्यु हो चुकी है, तो सभी नियम और शर्तें उनके संबंधित कानूनी वारिस(ओं) पर लागू होंगी।

ऋण खाता सं.	कर्जदार का पता	नीलामी शाखा पता
शाखा का नामः अंबिकापुर – खरसिया रोड		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बसंत मल्टीप्लेक्स, खरसिया रोड, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ – 497001
544957000045	अनिनेश पट्टनायक	
544957000069	अनिनेश पट्टनायक	
शाखा का नामः बैकुंठपुर, छत्तीसगढ़		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, स्कूलपारा, उपभोक्ता मंच के सामने, दुर्गा पंडाल के पास, बैकुंठपुर, छत्तीसगढ़ 497335
360557000117	आशीष कुमार देवनाथ	
शाखा का नाम बलरामपुर (छत्तीसगढ़)		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, दुकान नं. 1 और 2, सीआरजीबी परिसर, चंदो रोड, बलरामपुर, छत्तीसगढ़ – 497119
782262000165	श्रवण कुमार कुशवाह	
शाखा का नामः बस्तर, छत्तीसगढ़		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एसडीएन रोड, राजेंद्र नगर वर्ड, नगर पंचायत, पोस्ट बस्तर, बस्तर, छत्तीसगढ़ 494223
360157000023	मुन्ना कश्यप	
शाखा का नामः भिलाई नगर – सुपेला		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नं. 9, ब्लॉक नं. ए, वार्ड नं. 4, उत्तर गंगोत्री, सुपेला, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490023
434957000006	शुभम शरण	
शाखा का नामः बिलासपुर–सरकंडा		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मुख्य सड़क, न्यू सारकंडा, आधुनिक शैक्षिक अकादमी स्कूल के बगल में, बिलासपुर – 495001, छत्तीसगढ़
734957000056	मोहम्मद सिकंदर खान	
शाखा का नामः चंपा		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बैरियर रोड, मुख्य सड़क, चंपा, जांजगीर चंपा जिला, छत्तीसगढ़– 495671
177462002274	छन्नू राम बरेठ	
शाखा का नामः चिरमिरी		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पंखा दफाई, हल्दीबाड़ी, चिरमिरी, कोरिया जिला, छत्तीसगढ़– 497451
162557000004	निधि चौधरी	
शाखा का नामः डिप्का		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वार्ड नंबर 4, कटघोरा रोड, डिप्का जिला कोरबा, छत्तीसगढ़ 495452
216562001235	सुख नंदन सिंह कंवर	
शाखा का नामः जगदलपुर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लक्ष्मण एवेन्यू, मंडी के पास, बालाजी वार्ड, जगदलपुर बस्तर जिला, छत्तीसगढ़ – 494001
108562007250	लक्ष्मी राव	
108562008196	गणेश राम नाग	
108557000061	मयाराम कश्यप	
108562013064	आदर्श कुमार दुबे	
शाखा का नामः जगदलपुर II		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, राममैया वार्ड नंबर 18, चित्रकूट रोड, डिकानीपारा, जगदलपुर, जिला बस्तर, छत्तीसगढ़ – 494001
443157000010	पुनेशवा मांझी	
443157000180	राहुल कश्यप	
शाखा का नामः कांकेर, छत्तीसगढ़		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, नए बस स्टैंड के पास, जगदलपुर मुख्य सड़क, कांकेर, छत्तीसगढ़ – 494334
371757000298	लेखराम सिन्हा	
शाखा का नामः कोंडागांव, छत्तीसगढ़		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, जनपद क्वार्टर, एनएच 30 के बगल में, कोटवाली के सामने, कोंडागांव, छत्तीसगढ़ 494226
328162005504	कौशल बघेल	
शाखा का नामः मुंगेली		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, अंबेडकर वर्ड, ऑप. पानी की टंकी, पंडरिया रोड, मुंगेली, छत्तीसगढ़ – 495334
328062003010	अमित दुबे	
शाखा का नामः नारायणपुर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खासरा नंबर 405/3, मुख्य सड़क, भाकरुपारा, नारायणपुर – 494661, छत्तीसगढ़
783557000073	हरेंद्र शिल	
शाखा का नामः रायपुर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट संख्या 2/12, 14/21, 15/8, पीडब्ल्यूडी सर्किट हाउस के पास, यूनिसेफ कार्यालय के बगल में, सिविल लाइन, रायपुर –492001, छत्तीसगढ़
016157000445	वैभव अग्रवाल	
016157000454	संदीप अग्रवाल	
शाखा का नामः रायपुर – एमजी रोड		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, दुकान संख्या 2,3,4 और 5, ऊपरी भूतल, जेबी मॉल, एमजी रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001
472257000024	योगेन्द्र कुमार रूपारेलिया	
शाखा का नामः रायपुर – मोवा		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शोभराज प्लाजा, ऑप. डॉल्फिन प्लाजा, विधान सभा रोड, मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001
427805001093	विजय सिंह राजपुरोहित	
शाखा का नामः शक्ति		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, आरके टावर, ऑप. जिंदल प्लाजा, स्टेशन रोड, शक्ति, जिला जांजगीर चंपा, छत्तीसगढ़ – 495680
444557000181	देव प्रसाद दीवान्गन	

नीलामी ऊपर दी गई तालिका में बताए गए पते और तारीख और समय दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक आयोजित की जाएगी।
कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तारीख/स्थान/तरीका बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इच्छुक पक्ष नीलामी के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए ऊपर बताई गई शाखाओं पर जा सकते हैं।
दिनांकः 09.05.2026
स्थानः बस्तर, रायपुर, कोंडागांव, महेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, उत्तर बस्तर कांकेर, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा, बलरानपुर, जांजगीर–चांपा, नारायणपुर, कोरिया, मुंगेली, सक्ती, सरगुजा
भवदीय, प्राधिकृत हस्ताक्षर
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

केनरा बैंक Canara Bank
A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate
केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, जबलपुर
फोन : 8699142824, 8495973890
ई-नीलामी सूचना

परिशिष्ट – IV क [नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें]
चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **29/05/2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि
ऋणीः **श्रीमती रजनी मानिकपुरी श्री रोमन दास मानिकपुरी** मानिकपुरी निवास, वार्ड नंबर 15, शांति नगर, भिलाई 3, भिलाई 490023	फ्लैट क्रमांक 46ए (पेंट हाउस) छठी मंजिल, ब्लॉक सी1, पीएच नं. 15/21, चौहान टाउन जुनवानी, भिलाई, जिला दुर्ग, क्षेत्रफल-969.26 वर्गफुट चर्तुसीमाएंः उत्तरः खुली छत, दक्षिणः खुला आकाश, पूर्वः फ्लैट क्रमांक 45 ए, पश्चिमः फ्लैट क्रमांक 47 ए भौतिक कब्जा GPS Location: Lat: 21.216677, Long: 81.309751 Baanknet Property ID: CNRB120049608	07.08.2021 / 02.11.2021 / दि. 07/05/2026 को ₹ 54,64,900.11 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे	₹ 19,50,000/- / ₹ 1,95,000/- / ₹ 10,000/-
ऋणी- **मेसर्स पवन एग्रो** द्वारा प्रोपराइटर- श्री अरिहंत गोलचा पुत्र अवंत गोलचा ग्राम पेटेचुआ कंकालिन गुरुर, जिला बालोद (छ.ग.) 491227	संपत्ति का समस्त भू भाग फैक्ट्री भूमि एवं भवन स्थित खसरा नं. 324, प.ह.नं. 37, ग्राम पेटेचुवा कंकालीन, तह. गुरुर, जिला- बालोद (छ.ग.) क्षेत्रफल- 69,940 वर्गफिट चर्तुसीमाएं (विलेख के अनुसार) : पूर्व- भूमि, पश्चिम-रोड, उत्तर-रोड, दक्षिण-भूमि BAANKNET PROPERTY ID: CNRBPAWAN2 COORDINATES: 20.572288, 81.362738 सांकेतिक कब्जा	02/08/2022 / 14/10/2022 / दि. 07/05/2026 को ₹ 5,45,92,749.87 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे	₹ 84,46,000/- / ₹ 8,44,600/- / ₹ 10000/-
	संपत्ति का समस्त भू भाग कमर्शियल डायवर्टेड खुला प्लाट नं. 03, खसरा नं. 684/7, प.ह.नं. 28/14, चितौड़, आर.आई.सी. गुरुर, जिला- बालोद (छ.ग.) संपत्ति मालिक-श्री अरिहंत गोलछा पुत्र श्री अवंत गोलछा क्षेत्रफल- 10000 वर्गफिट चर्तुसीमाएंः (विलेख के अनुसार) पूर्व-आकाश गोलछा की भूमि, पश्चिम-सड़क, उत्तर-डोनर की भूमि, दक्षिण-सुनीता बोहरा की भूमि BAANKNET PROPERTY ID: CNRBPAWAN1 COORDINATES: 20.679949, 81.509350 भौतिक कब्जा		₹ 49,50,000/- / ₹ 4,95,000/- / ₹ 10000/-
ऋणीः **संध्या बेदलाल साव पत्नि बेदलाल साव** 32के 12 गीधामुंडा पझरापाली सरायपाली महासमुंद छत्तीसगढ़ 493558	संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी मकान स्थित सर्वे क्रमांकः खसरा संख्या 47/6 का भाग, क्षेत्रफल- 0.05 हेक्टेयर, ग्राम-गिधामुंडा, पझरापाली, पीओ-तोषगांव, पी.सी. नं. 22, तहसील- सरायपाली, जिला- महासमुंद (छ.ग.)-493558 संपत्ति मालिक- श्रीमती संध्या बेदलाल साव, डीड के अनुसार चर्तुसीमाएं- पूर्व- बेदलाल की भूमि, पश्चिमः सड़क, उत्तरः विद्याधर की भूमि, दक्षिणः बेदलाल की भूमि BAANKNET PROPERTY ID: CNRB107949707 COORDINATES: 21.2060949, 82.9116142 भौतिक कब्जा	19/11/2019 / 22/10/2020 / दि. 07/05/2026 को ₹ 51,14,774.61 +देय ब्याज एवं खर्चे	₹ 7,60,000/- / ₹ 76,000/- / ₹ 10,000/-
ऋणी- **मेसर्स माहेश्वरी टेक्नोकास्ट लिमिटेड** डायरेक्टर- श्री प्रशांत मंत्री पुत्र श्री सुरेश मंत्री, 34 बी लाइट इण्डस्ट्रिल एरिया, भिलाई, भिलाई छत्तीसगढ़ - 490020 (1) श्रीमती निर्मला मंत्री पत्नी श्री सुरेश मंत्री (2) श्रीमती कविता मंत्री पत्नी श्री. प्रशांत मंत्री	संपत्ति का समस्त भू भाग पेंट हाउस (बहुमंजिला आवासीय भवन) स्थित फ्लैट नं. 154, छठवीं मंजिल, सीएचपीएल- शिखर, गली क्रमांक 1-ए के पीछे, स्मृति नगर, जुनवानी भिलाई दुर्ग छ.ग. क्षेत्रफलः 1460 वर्गफीट चर्तुसीमाएंः उत्तर-रोड, दक्षिण- लॉबी और फ्लैट क्र. 157, पूर्व- फ्लैट क्र. 153, पश्चिम-फ्लैट क्र. 155 COORDINATES: 21.218023, 81.320548 PROPERTY ID: CNRBMAHESHWARI2 भौतिक कब्जा	01-03-2023 / 02-05-2023 / दि. 07/05/2026 को ₹ 9,74,64,404.18 +देय ब्याज एवं खर्चे	₹ 25,00,000/- / ₹ 2,50,000/- / ₹ 10,000/-

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 28/05/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 29/05/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
विस्तृत विवरण हेतु केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, जबलपुर (Phone No.8699142824, 8495973890), e-mail id cb9014@canarabank.com से कार्यालयीन समय में सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता (मेसर्स पीएसबी एलान्यस प्रा. लि.) संपर्क 7046612345/6354910172/ 8291220220/9892219848/ 8160205051, Email: support.BAANKNET@psballiance.com./ support.ebkray@procure247.com). देखें।
दिनांक : 07-05-2026, स्थान : जबलपुर
प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

विश्व कप तीरंदाजी

सिमरनजीत व साहिल ने भारत को पदक की दौड़ में बनाए रखा



एजेंसी ▶▶ शंघाई

रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर और कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शुक्रवार को यहां उतार-चढ़ाव भरे अभियान में भारत के लिए अप्रत्याशित रूप से शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने पहले तीरंदाजी विश्व कप में पदक की उम्मीदें बरकरार रखी हैं।

एशियाई खेलों की टीम कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत ने विश्व कप के दूसरे चरण में सेमीफाइनल में पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से मिले अवसर का भरपूर फायदा उठाया। वह इससे पहले क्वालीफाइंग दौर में दीपिका कुमारी से तीन अंक पीछे रहने के कारण भारतीय महिला टीम में जगह बनाने से चूक गई थीं। हरियाणा की 27 वर्षीय खिलाड़ी ताइवान की किशोरी फोंग यू झू को सीधे सेटों में 6-0 (27-24, 28-26, 29-26) से हराकर विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने से सिर्फ एक जीत दूर है। इससे पहले फोंग ने दूसरे दौर में भारत की शीर्ष क्रम की तीरंदाज अंकिता भकत को चौंका दिया था। सिमरनजीत ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की 19 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ नौ तीरों में से सिर्फ छह अंक गंवाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा।

रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग में किया अपना 100वां गोल

रियाद। दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग में अपना 100वां गोल किया, जिससे अल-नासर ने अल-शबाब को 4-2 से हराकर तालिका में शीर्ष पर पांच अंकों की बढ़त बना ली। इस 41 वर्षीय फॉरवर्ड ने गुरुवार को मैच समाप्त होने से 15 मिनट पहले साडियो माने के क्रॉस पर हुए गोल किया जो उनके करियर का 971वां गोल है। यह इस सत्र में लीग में उनका 26वां गोल भी था। चेल्सी के पूर्व खिलाड़ी जोआओ फेलिक्स ने अल-नासर की तरफ से तीन गोल किए। इस जीत से अल-नासर के 32 मैचों में 82 अंक हो गए हैं, जो दूसरे नंबर पर काबिज अल-हिलाल से पांच अंक अधिक हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, जोनल मार्केट, सेक्टर -10, भिलाई (छ.ग.) फोनः 0788-2261892, 2264992, ई-मेलः recovery.durg@bankofbaroda.com

सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत 60 दिनों की नोटिस का प्रकाशन
(Publication in the Newspapers in case of return/failure of service of 60 day's Notice U/s.13 (2) of SARFAESI Act,2002)

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत निम्नलिखित ऋणकर्ताओं / गारंटरो को 60 दिनों के नोटिस, पंजीकृत डाक / पावती सहित डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा जारी की हैं. लेकिन यह नोटिस डाक अधिकारियों द्वारा सुपुर्दगी प्राप्त करने में मना करने / गलत पते/ व्यक्ति द्वारा स्थान शहर छोड़े जाने आदि कारणों से लौटा दी गई हैं. इन ऋणकर्ताओं / गारंटरो ने, अपनी निम्नलिखित चल / अचल संपत्तियों को, बैंक द्वारा ऋणकर्ता(ओं) को दी जाने वाली विभिन्न ऋण सुविधाओं को प्राप्त करने के एवज में दृष्टि बंधक/बंधक रखा हैं. बैंक की देय राशि के भुगतान न करने तथा ऋण की नियम एवं शर्तो को पूरा न करने के कारण ऋणकर्ता(ओं) / गारंटर(रों) द्वारा बैंक के ऋण एवं ब्याज के भुगतान में चूक किये जाने के कारण, खाता, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानुसार एनपीए हो गया हैं। उपर्युक्त को देखते हुए, निम्नलिखित ऋणकर्ता(ओं) / गारंटर(रों) को बैंक द्वारा निम्नलिखित देय के ब्याज सहित भुगतान हेतु 60 दिनों का नोटिस जारी किया गया हैं, जिससे चूकने पर बैंक बिना न्यायालय या ट्रिब्यूनल के हस्तक्षेप के, अधिनियम के चैप्टर III के अंतर्गत एक या अनेक साधनों द्वारा प्रतिभूति हित लागू करने हेतु बाध्य होगा. ऋणकर्ता(ओं) /गारंटर(रों) को इस नोटिस द्वारा यह भी सूचित किया जाता हैं कि वे, अधिनियम की धारा 13(13) की शर्तो के अनुरुप, बैंक की सहमति के बिना बैंक को प्रभारित प्रतिभूत आस्तियों में से किसी को भी बिक्री / पट्टे या किसी अन्य द्वारा (सामान्य व्यवसाय के अलावा) ट्रांसफर नहीं करेंगे. ऋणकर्ता(ओं)/गारंटर(रों) तथा प्रतिभूत आस्तियों के विवरण नीचे दिए गए हैं जिनके विरुद्ध बैंक 60 दिनों के बाद कार्रवाई प्रारंभ करेगा, यदि उनके द्वारा देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता हैं.

क्र.	शाखा का नाम और फोन नं.	उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम व पता	बकाया राशि डिमांड नोटिस के अनुसार	(एनपीए दिनांकः 28.04.2026) (नोटिस दिनांकः 29.04.2026) सुरक्षित संपत्ति का विवरण
01	मोहन नगर शाखा दुर्ग 6232020422	मेसर्स आर के इंटरप्राइजेस पार्टनरः श्री ऋत्विक राय पिता श्री बसंत कुमार राय, पार्टनरः श्रीमती तृप्ति राय पति श्री बसंत कुमार राय, जमानतदारः श्री बसंत कुमार राय पिता श्री भीमसेन राय, पता - पंजीकृत कार्यालयः मकान नं. : बी-1, आदर्श नगर, महाराजा चौक के पास, दुर्ग, छ.ग.	रु. 62,18,989.35 + अप्रयुक्त ब्याज + अन्य प्रभार	साम्यिक बंधक आवासीय परिवर्तित भूमि एवं भवन स्थित मकान नंबरः बी-1, आदर्श नगर, ग्रामः पोटियाकलान, कसारीडीह, महाराजा चौक के पास, दुर्ग, संबंधित खसरा नं.- 139/74 (पुराना खसरा नं.- 140/74) क्षेत्रफल- 0.0100 हेक्टेयर कुल क्षेत्रफल- 1080 वर्गफीट हैं जो श्रीमती तृप्ति राय पति श्री बसंत कुमार राय के नाम पर हैं। विक्रय विलेख के अनुसार सीमाएँः उत्तरः 30 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिणः चंद्रकार का मकान, पूर्वः थॉमस का मकान, पश्चिमः अन्य का मकान.

दिनांकः 09.05.2026, स्थानः भिलाई, छत्तीसगढ़
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

चीन ने बदल दिया फलों का डीएनए, आलू को बना दिया सेब, बांस को बना दिया गन्ना!

चीन तकनीक और एक्सपेरिमेंट के मामले में दुनिया को बार-बार हैरान करता रहता है। अब इस देश के वैज्ञानिकों ने फलों और पौधों के डीएनए के साथ ऐसा खेल किया है कि पूरी दुनिया दंग रह गई है।

बीजिंग। उन्होंने पारंपरिक फलों को नए रूप में बदलकर कृषि क्रांति की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाया है। सबसे चर्चित प्रयोग है आलू और सेब का हाइब्रिड. वैज्ञानिकों ने आलू के डीएनए को सेब के कुछ जीन के साथ मिलाकर एक नया फल विकसित किया है।

यह फल बाहर से आलू जैसा दिखता है, लेकिन, काटते ही स्वाद सेब जैसा मीठा और रसदार मिलता है। इसे कच्चा खाया जा सकता है और यह पौष्टिक तत्वों से भरपूर है। दूसरा बड़ा आविष्कार है बांस और गन्ने का हाइब्रिड. बांस के डीएनए को गन्ने में मिलाकर वैज्ञानिकों ने ऐसी नई प्रजाति तैयार की है जो दिखने में मोटे बांस जैसी है, लेकिन अंदर से मुलायम, रस से भरी और ज्यादा मीठी है। सामान्य गन्ने की तुलना में यह ज्यादा रस देती है और छीलना भी आसान है। चीन के कई इलाकों में इसकी खेती शुरू हो चुकी है।

इसके अलावा वैज्ञानिकों ने हरे और लाल अंगूर के डीएनए को मिलाकर एक नई प्रजाति विकसित की है। ये अंगूर गुलाबी रंग के होते हैं। पहली बाइट में खट्टास मिलती है, लेकिन उसके बाद मीठास इतनी बढ़ जाती है कि खाते ही मन ललचा जाता है। ये अंगूर ना सिर्फ स्वादिष्ट हैं, बल्कि पोषण मूल्य भी ज्यादा रखते हैं।

क्या है भविष्य?

वैज्ञानिकों का मानना है कि डीएनए एडिटिंग (सीआरआईएसपीआर जैसी तकनीक) से हम फलों और सब्जियों को हमारे हिसाब से बदल सकते हैं। स्वाद, रंग, आकार, पोषण– सब कुछ कंट्रोल में आ जाएगा। चीन इस दिशा में आगे चल रहा है।

फिर भी विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि किसी भी नए फल को खाने से पहले उसकी सुरक्षा जांच जरूर करनी चाहिए। चीन के इन नवाचारों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि तकनीक से प्रकृति को भी बदला जा सकता है।

चीन का कृषि नवाचार

चीन में ये प्रयोग सिर्फ फलों तक सीमित नहीं हैं। देश पहले से ही हाइब्रिड आलू, तेजी से बढ़ने वाली फसलों और जलवायु अनुकूलित पौधों पर काम कर रहा है। आबादी ज्यादा और खेती योग्य जमीन कम होने के कारण चीन डीएनए टेक्नोलॉजी, जीन एडिटिंग और हाइब्रिडाइजेशन पर भारी निवेश कर रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन नई प्रजातियों से ज्यादा उत्पादन होगा. साथ ही कम पानी और जमीन की जरूरत पड़ेगी. फलों का पोषण मूल्य बढ़ेगा और कीटों और बीमारियों से बेहतर सुरक्षा होगी।

यहां ज्वालामुखी के भीतर उबल रहा लाल लाव

वॉशिंगटन। वैज्ञानिकों ने अमेरिका के हवाई द्वीप पर स्थित किलाऊआ ज्वालामुखी को लेकर चेतावनी दी है। यह सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है। हाल ही में ज्वालामुखी के क्रेटर के अंदर लावा को उबलते देखा गया है, जिससे वैज्ञानिकों और स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ गई है। यूएस भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के कैमरों में ज्वालामुखी के अंदर लावा के बुलबुले और फव्वारे का भयानक दृश्य कैद हुआ है। अमेरिका का यह सरकारी कार्यालय पूरी दुनिया में ज्वालामुखियों, भूकंपों और अन्य प्राकृतिक घटनाओं की चौबीसों घंटे निगरानी करता है। वीडियो में आप देख सकते हैं कि कैसे धरती के भीतर से पिघली चट्टानें उबलकर बाहर आने की कोशिश कर रही हैं।

प्रकृति का एक्वागार्ड है ये पौधा

स्टोर कर सकता है 100 लीटर पानी

अंटानानारिवो। प्रकृति में ऐसी कई चीजें हैं, जिसे देखकर एक नजर में यालीन कर पाना मुश्किल हो जाता है। लेकिन, हर एक चीज के पीछे खास वजह होती है, जो उसके महत्व को बढ़ा देती है। ऐसा ही एक पौधा है ट्रेवलर्स पाम। ये पौधा जंगलों में पाया जाता है। इसे प्रकृति का एक्वागार्ड भी कहा जा सकता है। इसके पत्ते देखने में केले जैसे नजर आते हैं, लेकिन इसकी जड़ों में छुपा है असली खजाना।

प्रकृति ने इंसान को कई अनोखी चीजें दी हैं, जिनमें से एक है ट्रेवलर्स पाम. इसे प्रकृति का एक्वागार्ड भी कहा जाता है। यह पौधा ना सिर्फ देखने में आकर्षक है बल्कि अपने अंदर पानी स्टोर करने की अद्भुत क्षमता के लिए मशहूर है।

कैसे स्टोर करता है इतना पानी?

ट्रेवलर्स पाम की संरचना बेहद खास है। इसके पत्ते एक-दूसरे के ऊपर इस तरह उगते हैं कि उनके बीच पानी इकट्ठा हो जाता है। बारिश का पानी इन पत्तियों के आधार में जमा होता रहता है। पौधे की खास संरचना इसे साफ और पीने लायक बनाए रखती है। एक स्वस्थ पौधे में 80 से 100 लीटर तक पानी स्टोर हो सकता है। जंगलों में रहने वाले जानवर भी इस पानी का इस्तेमाल करते हैं। पक्षी, बंदर और अन्य छोटे जीव-जंतु इसमें पानी पीते हैं।



-196 डिग्री पर पत्थर बन चुका दिमाग फिर हुआ जिंदा

बर्लिन। क्या इंसान कभी मौत को चकमा देकर भविष्य में फिर से दोबारा जीवित हो पाएगा? यह सवाल अक्सर लोगों के मन में आता रहता है। अब इसी बीच विज्ञान की दुनिया से एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने हॉलीवुड की साइंस-फिक्शन फिल्मों के क्रायो-स्लीप यानी इंसानों को जमाकर सालों बाद जिंदा करने के सपने को हकीकत के करीब ला दिया है। वैज्ञानिकों ने, जिसे क्रायोबायोलॉजी यानी कम तापमान पर जीवन का संरक्षण के क्षेत्र में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। जर्मनी की फ्रेडरिक-अलेक्जेंडर यूनिवर्सिटी एर्लांगेन-नूर्नबर्ग और यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल एर्लांगेन के रिसर्चर्स ने चूहे के मस्तिष्क के ऊतकों यानी ब्रेन टिश्यू को -196 डिग्री सेल्सियस के जमा देने वाले तापमान पर ठंडा किया और फिर सफलतापूर्वक उन्हें फिर से एक्टिवेट करने में सफलता हासिल की।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com